दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 29 | अंक :149
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 31 मार्च-2023
पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

रामनवमी पर इंदौर में बड़ा हादसा

मंदिर में बावड़ी की छत ढहने से गिरे कई श्रद्धालु; कई लोगों की मौत

इंदौर, एजेंसियां। रामनवमी के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, श्री बेलेश्वर महादेव सुखलाल मंदिर में छत ढहने से कुछ श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए, जिन्हें बचाने का प्रयास जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी, हादसे के बाद उन्हें इसका पता चला है। इस हादसे में अब तक 19 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, बताया जा रहा है कि कई लोगों की मौत हो गई है। इंदौर के खेत नाका के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव सुखलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।कलेक्टर, घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, इस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के आधार है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया।इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तब मंदिर में हवन होने से महा आरती में थोड़ी देरी हो रही है।

एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को मौके-मौके बाहर निकाला गया है। कलेक्टर और प्रशासन की टीम सूचना मिलते ही यहां पहुंच गए।इंदौर के जिला कलेक्टर कुमारपाल ने कहा -मंदिर लोगों को बचाया गया है और 4-5 लोगों को बचाया है।

अगले 30 मिनट में अन्य लोगों को बचाया जाएगा। हमारा ध्यान सबसे पहले बचाव कार्यों पर है।घटनास्थल की स्थिति काफी खराब है। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में अबतक 8 लोगों की मौत भी हो गई है।

अधिकारियों से साथ संपर्क में सीएम चौहान

घटना में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। बताया जा रहा है कि लगभग 25 हजार गिरे थे, जिसमें अचानक मंदिरवार भी।

पीएम ने चिंता जताई

बावड़ी हादसे को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा, -इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। सीएम श्री चौहान शिवराज जी से बात की और स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। मेरी प्रार्थना उन सभी प्रभावितों और उनके परिवारों के साथ है।

अवैध रूप से बनाया गया था मंदिर

कोह नगर के एक निवासी का कहना है कि बावड़ी पर मंदिर का निर्माण अवैध रूप से किया गया था। इसके निर्माण में कुछ नेताओं का भी समर्थन था। मंदिर के ज्यादातर हवन इस बावड़ी के ऊपर ही हुआ करते थे। इसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा पर पथराव

स्थिति तनावपूर्ण होने के बाद भारी पुलिस बल तैनात

गुजरात, गुजरात। वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान एक मस्जिद के सामने स्थिति तनावपूर्ण होने की बात सामने आई है। शहर में सामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार रथ यात्रा के फतेपुरा से रवाना होने से पहले अचानक पत्थर फेंके गए हैं।कई वाहनों पर भी पत्थर फेंककर तोड़फोड़ किये जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। वर्तमान परिस्थिति की घटना होते ही पुलिस का कांफिला मौके पर पहुंच गया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अब कोई समस्या नहीं है और इलाके में शांति कायम है। पुलिस का कहना है कि लोगों को उनके घर भेज दिया गया है और कोई घायल नहीं हुआ है। बता दें कि इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि जब शोभा-यात्रा निकल रही थी, उस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था, तभी अचानक पथराव हो गया और माहौल-तनाव का माहौल पैदा हो गया।

पथराव से लोगों के सोते हुए घर और स्कूलीन महिलाओं के सिर पर भी पथराव किया गया, जिससे लोग भड़क गए।इसीदा के डीसीपी यशपाल जगनिया ने कहा कि सिटी थाना क्षेत्र में एक मस्जिद के सामने दो दुर्गों के बीच टकराव हुआ था। उन्होंने कहा कि मस्जिद के सामने से जब यात्रा निकल रही थी तब कुछ लोग एकत्रित हो गए थे लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया। इलाके में शांति है, शोभा यात्रा आगे निकल चुकी है।

भारत में बढ़ रहा कोरोना का खतरा, सामने आए 3000 से अधिक मामले

केजरीवाल सरकार एक्शन मोड में आई

नई दिल्ली, एजेंसियां। दिल्ली में इन दिनों कोरोना वायरस के मामले में काफी तेजी देखने को मिल रही है। बीते दिनों लगातार कोरोना के कई मामले देखने को मिल रहे हैं। दिल्ली में कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए दिल्ली की केजरीवाल सरकार एक्शन मोड में आ गई है। इसे लेकर अब स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है, जिसमें डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोरोना के हालात पर चर्चा की जाएगी।भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,016 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,12,692 हो गई है। पिछले सात महीने में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 19,509 पर पहुंच गई है। इससे पहले, पिछले साल दो अक्टूबर को 3,375 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवारसिर सुबह आठ बजे जारी अपडेट आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में संक्रमण से तीन, दिल्ली में दो और हिमाचल प्रदेश में एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,862 हो गई।वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़े का पुनर्मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में आठ नाम और जोड़े हैं। भारत में संक्रमण की दैनिक दर 2.73 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 1.71 प्रतिशत है। उपचाराधीन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 13,509 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.78 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,41,68,321 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी है।गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

बोले- सड़क, बिजली, आवास, पूरी होगी हर आस

गोरखपुर, एजेंसियां। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सड़क, आवास, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार ने शानदार कार्य किया है। फिर भी यदि किसी को इन सुविधाओं को लेकर कहीं कोई समस्या है तो उसका जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन्हें आवास उपलब्ध कराया गया है, उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कहीं किसी गांव-मोहल्ले में सड़क की दिक्कत रह गई है तो वहां सड़क सम्मान या निर्माण कराया जाएगा। बिजली के जंजाल जिन्हें भी चोरी नहीं रोकी, पुनरीक्षित कनेक्शन किसी में भुगतान की सुविधा दी जाएगी।शुक्रवार को कन्या पूजन से पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। सनातन में कोई भी गरीब वंचित नहीं होना चाहिए। किसी के पास जमीन न होने के कारण आवास नहीं है तो उसके लिए जमीन की व्यवस्था करते हुए सरकारी योजना के तहत आवास बनाकर दिया जाए। एक अन्य महिला ने अपने पोतों से सड़क की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उसे भी आश्वस्त करते के साथ अधिकारियों को सड़क बनवाने का निर्देश दिया।जनता दर्शन में एक महिला अपने बकाया बिजली बिल की समस्या लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे थी। सीएम योगी ने इंजीनियर से उसकी भी समस्या सुनी। महिला बिल भुगतान के लिए किस्त की सुविधा चाह रही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परेशान मत हो, बकाया बिल जमा करने की किस्त से कनेक्शनी ही, शुभमंगल अकाउंट कम करने की उसके बिजली बिल का पुनरीक्षण भी करवाएंगे। इसी लेकर उन्होंने तत्काल अधिकारियों को पहल करने की हिदायत भी दी। सीएम के इस व्यक्तिगत पहल पर महिला अभिभूत हो गई।जनता दर्शन में आए पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों पर उन्होंने त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक कार्यवाही का निर्देश दिया।

साथ ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा दिया कि इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। इंटीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही विधिसम्मत कोष से धनराशि जारी कर दी जाएगी।

नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक-योगी आदित्यनाथ

गोरखपीठाधीश्वर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर मां भगवती के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन कर नवरात्र आराधना पूरी की। मंगलवार के बीच एक घंटे चली पूजन प्रक्रिया में उन्होंने नौ कन्याओं और एक बटुक मीत के पांव पखारकर उनो आसने हाथ में भोजन कराया।कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर विदाई करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। सनातन हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं का पूजन और सत्कार आदि शक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन है। योगी ने कहा कि नवरात्र का अनुष्ठान आध्यात्मिक शक्ति के साथ-साथ सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का अवसर है। इसे हर सनातन अनुयायी को समझना होगा। जनता पूजन से पहले ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे मुख्यमंत्री ने बीजुरा सरकारी के घर और अरहरी के साथ मंदिर में देशों के नोनी आरण्य सिद्धिदात्री की आराधना भी की।

एक अप्रैल से वस्तुएं के बदल जाएंगे दाम

नई दिल्ली, । नया वित्त वर्ष यानी अप्रैल 2023 शुरू होने में दो दिन ही शेष रह गए हैं। इस दिन से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट में किए गए सभी प्रावधान लागू होंगे। इस बार के बजट में कई ऐसी घोषणाएं की गई हैं, जिनका असर सीधे आम बजटों के बजट पर होगा। बजट में आयकर का नया स्लैब लाने के साथ कई टैक्स और कस्टम ड्यूटी में बदलाव किया गया है, जिसके कारण कुछ चीजें एक अप्रैल से महंगी या फिर सस्ती होने वाली हैं, जिसकी जानकारी हम आपको इस रिपोर्ट में देने जा रहे हैं।आम बजट 2023 में किए गए बदलावों के लागू होने के बाद सिगरेट, चांदी, गहनों जैसी चीजें और टैक्स लगाने के साथ सरकार ने कई वस्तुओं पर कम भी किया है। इस बार इलेक्ट्रिक किचन चिमनी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रोबो, साइकिल और आयातित इलेक्ट्रॉनिक खाने महंगे हो जाएंगे। वहीं दूसरी ओर कैंसर की दवाएं, मोबाइल फोन, भारत में बने टेलीविजन, किचिन-आयल डीजेंटी, ओप फोड, भारत में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक वाहन, कैमरा लेंस और भारत में निर्मित खिलौने सस्ते हो जाएंगे। बजट में सरकार की ओर से मोबाइल फोन निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले कुछ पुर्जों पर इंपोर्ट ड्यूटी को खत्म कर दिया गया है। सीधी भाषा में कहें तो कस्टम ड्यूटी को खत्म दिया गया है। ओप फोड पर कस्टम ड्यूटी कम होने से लोग में सस्ते हो जाएंगे।

सरकार ने जरूरी दवाओं पर खत्म की इंपोर्ट ड्यूटी

बड़ी बीमारियों के इलाज में उपयोग आने वाली दवाएं होंगी सस्ती

नई दिल्ली, - भारत सरकार ने नेशनल रेयर डिजीज पॉलिसी 2021 के तहत लिस्टेड सभी रेयर बीमारियों के इलाज के लिए इंपोर्टेड दवाओं और स्पेशल फूड पर बेसिक कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी है। इससे देश के उन लोगों को काफी राहत मिलेगी, जिनके परिवार का कोई मेंबर गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उन्हें दवाएं इंपोर्ट करनी पड़ती है।इंपोर्ट ड्यूटी में छूट 1 अप्रैल से लागू होगी। दवाओं पर आम तौर पर 10 प्रतिशत की बेसिक कस्टम ड्यूटी लगती है, जबकि लाइफ सेविंग ड्रग को कुछ केटेगरी पर इस पर 0 प्रतिशत का कस्टमराइट रेट लगता है। जबकि स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी या ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के ट्रीटमेंट में उपयोग होने वाली दवाओं पर पहले से छूट मिल रही है। सरकार से अन्य रेयर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर छूट की मांग की जा रही थी।इन बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं या सपेशल फूड काफी ज्यादा महंगे होते हैं। इन्हें इंपोर्ट भी करना पड़ता है। मंत्रालय ने बताया कि यह अनुमान है कि 10 किलोग्राम वजन वाले बच्चे के लिए कुछ क्रिटिकल बीमारियों के इलाज की एनुअल कॉस्ट 10 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ रुपए प्रति वर्ष से ज्यादा हो सकती है। इसमें टेंटपॉर्ट नोक्लपर प्लसा है। इसा की खुराक भी उम्र और वजन के साथ बढ़ती है। इस छूट का फायदा उठाने के लिए, इंडिविजुअल इंपोर्टर्स को सेंट्रल या स्टेट ऑर्गेनाइजेशन लिस्ट सर्विस या डिस्ट्रिक्ट मेडिकल ऑफिसर/सिविल सर्जन से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली गेम्बोलिजुमाब (कीट्रुडा) पर भी सरकार ने छूट दी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुला अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत का राज, बॉयफ्रेंड की तलाश में जुटी पुलिस

नई दिल्ली (अशुएनएस)। भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की खुदकुशी के मामले में पोस्टमर्टम रिपोर्ट आज सामने आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक आकांक्षा की मौत फंदे पर लटकने की वजह से हुई है पर आकांक्षा के परिजन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि आकांक्षा की मौत उसके बॉयफ्रेंड समर सिंह ने की है। उधर्रि समर सिंह इस वक्त फरार है। पुलिस समर को ढूंढ रही है।पुलिस ने बताया कि आकांक्षा की मौत वाले दिन समर उसके साथ पार्टी में मौजूद था लेकिन जब पार्टी से जब आकांक्षा होटल में गई तो उस वक्त उसके साथ नहीं बल्कि कोई अनजान शख्स थाइपुलिस का मानना है कि आकांक्षा की आत्महत्या के पीछे समर सिंह का हाथ हो सकता है। पुलिस समर सिंह की तलाश कर रही है। जहां है, आकांक्षा और समर सिंह दोनों इन लिवइनरिलेशन में थे।आकांक्षा की मां मधु दुबे ने कहा कि ये आत्महत्या नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश थी। उनका कहना था समर के साथ उसका भाई संजय सिंह भी इस साजिश में शामिल है।

भारत की पाक पर डिजिटल स्ट्राइक, सरकार के ट्विटर अकाउंट को किया बैन

नई दिल्ली (अशुएनएस)। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कार्रवाई करते हुए वहां की सरकार के ट्विटर अकाउंट को बैन कर दिया है। पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट को भारत में बंद कर दिया गया है।

पाकिस्तान की सरकार के ट्विटर अकाउंट को एक से ले करने पर एक संदेश मिलता है, जिस में लिखा है कानूनी मांग के जवाब में पाकिस्तान सरकार के ट्विटर हैंडल को भारत में रोक दिया गया है। इसको बता दें कि बीते छह महीने में यह दूसरी बार है जब भारत में पाकिस्तान के ट्विटर हैंडल पर रोक लगाई गई है।हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के शिकायत यह कदम क्यों उठाया है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिली है। ट्विटर के दिशा-निर्देशों को इस तरह से तैयार किया गया है कि अदालत के आदेश के बाद देशों के भी अकाउंट को पूरी तरह से बंद कर सकती है।आपको बता दें कि पाकिस्तान को सरकार का आधिकारिक हैंडल पर्मनेंट ऑफ पाकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा जैसे देशों से देखा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के आईटी मंत्रालयों में से किसी ने भी अभी तक इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।अक्टूबर 2022 में भी पाकिस्तान के सरकारी आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारत में रोक लगा दी गई थी। इससे पहले जुलाई में भी इसे बैन कर दिया गया था। हालांकि, दोनों ही मौकों पर बाद में इसे रिस्टोर कर दिया गया था।

यूपी में सरकार की पहल से मिली नवरात्रि पर्व को अलग पहचान

प्रयागराज में शक्ति पीठ और मंदिरों के विशेष आयोजनों से भक्त हुए भाव विभोर

प्रयागराज। आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला के अंतर्गत संगम नगरी प्रयागराज में योगी सरकार के निर्देश पर इस बार नवरात्रि पर्व जनपद के देवी मंदिरों तथा शक्ति पीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण और अखंड रामायण पाठ के कार्यक्रमों का आयोजन प्रमुखता से किया गया। पूरे नौ दिन तक चले इस आयोजन का समापन प्रभु श्री राम के प्राकट्योत्सव राम नवमी में अखंड रामायण के साथ हुआ।संगम नगरी प्रयागराज देवालयों और शक्ति पीठ की नगरी भी है। यहाँ के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में आने वाले माँ के भक्तों के लिए इस बार का नवरात्रि पर्व अविस्मरणीय बन गया। प्रदेश के शक्तिपीठों और दुर्गा मंदिरों में राज्य की योगी सरकार द्वारा सरकारी सहयोग से पहली बार किये गए विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों ने शक्ति के इस महापर्व को और भी दिव्य और भव्य बना दिया। डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री

बताते हैं कि जनपद में जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर नवरात्रि के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, ध्वनि आदि की बेहतर व्यवस्था की गई। इसके अलावा शहर के माँ कल्याणी देवी शक्तिपीठ , माँ ललिता देवी शक्तिपीठ और माँ अलोप शंकरी मंदिर में दुर्गा सप्तशती और अखंड रामायण के पाठ के आयोजन सरकार द्वारा उपलब्ध कराये फंड से किये गए । राज्य सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से इसका आयोजन किया गया।प्रयागराज के विभिन्न मंदिरों और शक्ति पीठों में 22 मार्च से 30 मार्च तक नवरात्रि में हुए अयोजनों में दुर्गासप्तशती और अखंड रामायण के पाठ के साथ माँ दुर्गा के विभिन्न प्रसंगों को मंदिर प्रांगण में प्रस्तुत करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक मंदिरों में लोक गायक उमेश कनौजिया, श्याम बिहारी गौड़ और उनके सहयोगियों ने देवी गीतों की प्रस्तुतियां दी। माता की झांकियां निकाली गई और देवी जागरण के विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में माँ के भक्त मौजूद रहे। सरकार के निर्देशानुसार आयोजन में महिलाओं और लड़कियों की विशेष रूप से सहभागिता को प्रमुखता दी गई।

साधु-संतो और तीर्थ पुरोहितों ने हिंदू नव वर्ष की सबसे बड़ी सौगात बताया

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में शक्ति के महापर्व नवरात्रि में इस बार मां दुर्गा के दरबार में मां शेरावाली के जयकारे के साथ दुर्गा सप्तशती के पाठ के स्वर भी प्रमुखता से मंदिर प्रांगण में गूंजे। योगी सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय के साझा सहयोग से इस आयोजन में प्रभु श्री राम के प्राकट्य के दिन राम नवमी में अखंड रामायण के पाठ ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। इस आयोजन को प्रयागराज में साधु संतो ने नव वर्ष के लिए हिंदुओं को दिया गया सबसे बड़ा उपहार बताया है। मां अलोपशंकरी देवी मंदिर के प्रमुख और श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के महंत स्वामी जमुना गिरी जी ने इसे सनातन धर्म में नई ऊर्जा का प्रवाह करने वाला कदम बताया है। इसी तरह शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक इस सरकार के सहयोग से किए गए इस आयोजन को नवरात्रि में सनातन परंपराओं को और सुदृढ़ करने वाला बताते हैं।

भव्यता के साथ निकली बालस्वरूप भगवान श्री राम की दर्शन शोभायात्रा

प्रयागराज। श्री चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के तत्वाधान में अखंड ब्रम्हांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की बाल स्वरूप दर्शन शोभायात्रा दारागंज से पूजन अर्चन के साथ बड़ी दिव्यता एवं भव्यता के साथ निकली। समिति के संस्थापक प्रकाश चंद्र वैश्य,अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, कार्याध्यक्ष सुभाष चंद्र वैश्य के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा का शुभारंभ महंत श्री यमुना पुरी जी महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर नरेंद्र कुमार सिंह गौड़, भाजपा प्रदेश मंत्री अन्नामिका चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, के द्वारा महाआरती करके किया गया।कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शोभा यात्रा, मोरी, मौरा गली, जौटी रोड, निराला मार्ग, बक्सी त्रिभुहानी, फूलकटरा रोड से होते हुए दिनेश टेंट हाउस दारागंज पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में हाथी घोड़ा, ऊंट, धर्म ध्वजा, पताका, प्रथम पूज्य श्री गणेश जी, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता, श्री राधा कृष्ण, हनुमान जी की अद्भुत झांकी शामिल रही। यात्रा में ढोल नगाड़े भांगड़ा बैंजो इत्यादि के साथ प्रभु श्री राम जी का रथ मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यात्रा के संयोजक विनोद वैश्य रहे एवं संचालन सुभाष चंद्र वैश्य ने किया।उक्त यात्रा में समिति के पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, एमएलसी केपी श्रीवास्तव, डॉक्टर कृतिका अग्रवाल ,संरक्षक सुजीत सोनेश्वर, उपाध्यक्ष धरत निषाद, विपिन जायसवाल, राजेश पाठक, पप्पू जायसवाल, पार्षद किरन जायसवाल, अजय यादव, दिलीप निषाद, राजेंद्र यादव, हरिकेश सिंह एवं समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं रामभक्त उपस्थित रहे।

मॉडर्न सोच और पुराने ख्यालों के विचार द्वंद का सजीव मंचन

प्रयागराज। संस्था द थर्ड बेल रेपर्टरी के अंतर्गत उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के रवींद्र प्रेक्षागृह के मंच पर आज लेखक कामतानाथ द्वारा लिखित कहानी पर आधारित एवं रंग निर्देशक आलोक नायर द्वारा निर्देशित संक्रमण का नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। इस नाटक की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है इसके मुख्य पात्र पिता, बेटा और माँ है इस कहानी में मॉडर्न सोच के लड़के और पुराने ख्याल के पिताजी के विचारों में द्वंद दिखाया गया है। जिसमें बेटा अपने पिताजी के द्वारा छोटी- छोटी बातों पर टोके जाने से परेशान रहता है पिताजी बार बार उसे समय पर घर आने और ऐसी ही कई छोटी छोटी बातों पर डाँटते रहते है और एक दिन जब पिताजी की मृत्यु हो जाती है तो पिता के जैसा ही व्यवहार खुद बेटे में आने लगती है उसे अपनी जिम्मेदारियों का एहसास होने

लगता है, वही घर जिस घर में वह थोड़ी देर भी रुकना नहीं चाहता था अब वह ऑफिस से सीधा घर आता है और घर के ही कामों में पिताजी की तरह लग रहता है। घर और परिवार की चिन्ता सब जैसे पिताजी करते थे वहीं «संक्रमण» की तरह बेटे में पहुँच जाती है। इस नाटक में पिता की भूमिका में जतिन कुमार, माँ डॉक्टर रमा , बेटा अमितेश श्रीवास्तव, बहू अलका सिंह, हर्षित पांडे जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय से छाप छोड़ कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। संगीत संयोजन रवींद्र वर्मा, प्रकाश संयोजन गौरव शर्मा, रूप सज्जा संजय चौधरी और मंच निर्माण प्रणय कुशवाहा, हर्षित पांडेय, हेमंत, अथर्व ने किया एवं पोस्टर देवेश सिंह ने बनाया तथा मंच संचालन डॉ अशोक शुक्ला ने किया। अंत में संस्था के सचिव व निर्देशक आलोक नायर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

थूआट्स इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा

नैनी (प्रयागराज)। इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रेड हाउस और येलो हाउस ने अपने लीग मुकाबले में अगले चरण में अंक में इजाफा किया वहीं दूसरी तरफ पिंक हाउस अपने लिए एक भी अंक जुटने में असफल रही।प्रथम सत्र के दौरान रेड हाउस और येलो हाउस के बीच मैच संपन्न हुआ जिसमें रेड हाउस30 रनों से विजयी रहा। रेड हाउस पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 107 रन बनाए किन्तु यलो हाउस की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट पर 77रन ही बना पाई।रेड हाउस की तरफ से दीपांकर ने 46 रनों का और शिवम यादव ने 35 रनों का शानदार योगदान किया।। गेंदबाजी करते शिवम यादव ने 8 रन देकर 3 विकेट भी चटकाए जबकि येलो हाउस के विभव ने बल्लेबाजी करते हुए 33रन बनाए और उनके गेंदबाज मेहताब तथा हर्षवर्धन ने 3- 3विकेट भी चटकाए।द्वितीय सत्र

में मुकाबला पिंक हाउस और येलो हाउस के बीच संपन्न हुआ जिसमें येलो हाउस विजयी रही। यह मैच येलो हाउस ने 6 विकेटों से जीता। पिंक हाउस ने पहले खेलते हुए 111 रन बनाए किन्तु येलो हाउस ने 4 विकेट पर 112 रन बना लिए। यलो हाउस के बल्लेबाज मधु ने 26 रन और विभव ने 20 रनों का योगदान दिया। उनके गेंदबाज विभव ने 21रन देकर तीन विकेट हासिल किया। जबकि पिंक हाउस की तरफ से हितेष ने 40 रन बनाए और सूर्यांश ने 37 रन बनाए उनके गेंदबाज श्री अजय कुमार ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के अंपायर श्री राकेश साहू और डॉक्टर अर्चित टेरेंस थे। यह जानकारी क्रिकेट इंचार्ज श्री राकेश साहू ने दी।

फाफामऊ में धूमधाम से निकला राम नवमी का शोभा यात्रा

फाफामऊ। राम नवमी पर्व पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और संघ के पदाधिकारियों ने धूमधाम से राम नवमी का शोभा यात्रा निकाला। शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ों रामभक्तों ने भगवान श्रीराम की जय जय कार करते हुए ध्वजा पताका लहराते हुए आगे आगे चल रहे थे। नेहा चौराहा से शोभा यात्रा की शुरुआत हुई जो फाफामऊ बाजार के बनारस रोड, इलाहाबाद रोड, प्रतापगढ़ रोड होते हुए पुराना फाफामऊ, शांतिपुरम लेबर चौराहा पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन किया। तदुपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में घोड़ा, ऊंट, सहित भगवान श्रीराम की झांकियां भी शामिल रही। शोभा यात्रा में आचार्य सुशील महराज, रामकुमार यादव, संजय त्रिपाठी, राजकुमार भारतीय, धीरेंद्र केसरवानी, नीरज त्रिपाठी, अरुण शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

कभी खुशी तो कभी गम से है इसके लक्षण,मानसिक रोग के प्रति किया जागरूक

प्रयागराज। विश्व बाइपोलर दिवस पर मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय प्रांगण में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रयागराज के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि 30 मार्च का दिन वर्ल्ड बाइपोलर डे के रूप में मनाया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सभी तक पहुंचाने के लिए लगातार टीम के जरिये प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर एक मानसिक समस्या है। इसमें व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का होता है और उसे समझ ही नहीं आता कि उसके आसपास क्या हो रहा है या वह स्थिति से कैसे सामना करेंगे कुछ

परिस्थितियों में व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खुश भी हो जाता है।या वह हर वक्त अपने आसपास एक प्रकार की दुविधा महसूस करता है।या जब वह समस्या बढ़ जाती है तो लक्षणों के तीर पर आत्मविश्वास की कमी हो जाना, आत्महत्या की इच्छा प्रकट करना, अपनी इच्छाओं में कमी आ जाना, थकान महसूस करना, ऊर्जा में कमी महसूस करना, चिड़चिड़ापन महसूस करना और हर वक्त दुखी रहना आदि लक्षण नजर आ सकते हैं।डॉ. ईशान्का राज,नैदानिक मनोवैज्ञानिक दिवस के उपलक्ष्य में तमाम मरीजों और तीमारदारों को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत तथा मानसिक परेशानी के अंतर्गत आने वाले बाइपोलर, डिसऑर्डर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां बताई गई कि यह मन मिजाज में होने वाली परेशानियों में से एक है जिसका एक पक्ष कभी खुशी यानी मेनिया का रूप है तथा दूसरा पक्ष कभी गम यानी डिप्रेशन का रूप है।य अगर समय रहते मन में आने वाले इन बदलाव को हम पहचाने और स्वीकारें तो इसके बचाव के उपाय हम बहुत आसानी से अपना सकते हैं, कार्यक्रम में चिकित्सालय परिसर में उपस्थित लोगों को लीफलेट दिया गया तथा किसी भी तरह के कई प्रश्न में उन्हें तुरंत ही चिकित्सकों की राय भी मिली। कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कन्या पूजन व भोज के साथ हुआ नवरात्रि का समापन

नैनी(प्रयागराज)। नैनी एवम आसपास के क्षेत्रों में नवरात्रि का समापन पूजन आज नवमी को पूरे विधि विधान से की गई। आज कन्या पूजन और भोज के साथ घरों और मंदिरों में पूजन अर्चन किया गया। बीते पूरे नव दिन तक चले माता का नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की गई। मंदिर व घरों में कलश स्थापना कर पूजा का क्रम चलता रहा। आज पूरे उत्साह के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन हुआ।

अलोपी देवी मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़

प्रयागराज। प्रयागराज के अलोपी शंकरी शक्तिपीठ मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालु सड़क से लेकर मंदिर परिसर के अंदर तक हाथों में फूल माला सहित अन्य पूजन सामग्री लिए कतार में खड़े दिखाई दिए।नवमी पर मां अलोपी शंकरी के गर्भगृह का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसकी एक झलक पाने और दर्शन के लिए श्रद्धालु श्रेत्रब दिखे। महिलाएं कन्याओं के गंगा जल से पांव पखारकर, महावर लगाकर उन्हें हलवा पूड़ी, फल और मिष्ठान खिलाकर आशीर्वाद ले रही हैं। जबकि श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।मंदिर परिसर के अंदर बने यज्ञ स्थल पर बड़ी महिलाओं एवं पुरुषों ने अपने परिवार के सुख समृद्धि

के लिए परिवार संग यज्ञ अनुष्ठान किया। मां को पूड़ी हलवा का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से ही हिंदू नव वर्ष, देवी के शक्ति से ही शुरुआत होती है।वहीं नवरात्रि के अंतिम दिन ललिता देवी का रव जड़ित आभूषणों, दुर्लभ पुष्पों से मोहक श्रृंगार किया गया है जिनके दर्शन पाने के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बड़ी महिलाएं हाथों में पूजा सामग्री लिए देवी गीतों से मां को रिझाती नजर आई। श्रद्धालुओं को पूजन करने में किसी भी तरह का दिक्कत ना हो, इसके लिए मंदिर के पंडा और प्रशासन के लोग व्यवस्था को संभाले हुए है।

खराब सड़क और बसों के संचालन की शिकायत किसान नेता ने मंत्रियों से किया

कोरांव (प्रयागराज)। कस्बा कोरांव और क्षेत्र के बदहाल सड़कों की समस्या और सरकारी बसों का संचालन को लेकर किसान नेता राजू चौबे जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से लखनऊ कार्यालय में एक साथ मुलाकात किया।इस मौके पर किसान नेताओं ने पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत कोरांव और विभिन्न ग्राम सभाओं को जोड़ने वाली मुख्य मार्गों की बदहाली का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाते हुए निदान की मांग किया है और साथ ही साथ आगामी 22अप्रैल को तहसील कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा बहवारी में बन रहे भगवान परशुराम के मंदिर उद्घाटन के मौके पर आने के निमंत्रण भी दिया।किसानों ने लोक निर्माण मंत्री के अलावा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी कोरांव से प्रयागराज के लिए नियमित रूप से बसों का संचालन की मांग किया है और परिवहन मंत्री को कोरांव क्षेत्र में चल रही डग्गामार वाहनों एवम उनके द्वारा यात्रियों के हो रहे शोषण साथ ही साथ जर्जर पड़े बस स्टैंड को कायाकल्प कराने हेतु अवगत कराया जिस पर दोनो विभाग के मंत्रियों ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र ही समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया।इस मौके किसान नेता राजू चौबे ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है और नगर वासियों के समस्या के निदान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और अगर मांगे शीघ्र ही न मानी गई तो आवश्यकता पड़ने पर सड़को पर भी उतरना पड़ा तो पीछे नहीं हटूंगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल युवा किसान नेता राजेश पांडे मंडल उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु ने कहा कि नगर पंचायत कोरांव में सरकारी बसों के संचालन न होने से यात्रियों को शहर जाने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है प्राइवेट वाहनों द्वारा यात्रियों का जबरदस्त शोषण किया जाता है मनमाना किराया वसूला जाता है और विरोध करने पर आए दिन वाद-विवाद की स्थिति देखी जाती है जोकि निंदनीय है हालांकि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस समस्या से निजात दिलाने का पुरजोर आश्वासन दिया है और कहा है कि डग्गा मारी वाले वाहन स्वामियों के ऊपर सख्त कार्रवाई किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज प्रमोद मिश्र पवासी विपुल दुबे मंगला कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

बाघंबरी मठ और संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में दिखी में रामनवमी की भव्यता

प्रयागराज। बाघंबरी मठ और संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़े हनुमान मंदिर में विशेष श्रृंगार हुआ, वहीं बाघंबरी मठ में महंत बलवीर गिरि महाराज ने कन्याओं के पांव पखारे। चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर गुरुवार को बाघंबरी मठ में सुबह महंत बलवीर गिरि महाराज ने देवी बागेश्वरी की पूजा की। इसके बाद देवी स्वरूप कन्याओं के पांव पखारते हुए पूजन किया। परंपरागत नवमी पूजन का अनुष्ठान उन्होंने अपने हाथों से किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात दक्षिणा और उपहार देकर उन्हें विदा किया। वहीं, संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। मठ के प्रमुख महंत बलवीर गिरी जी महाराज ने पुजारियों

के साथ अनुष्ठान किया। मंदिर को सजावट आकर्षक लाइटिंग से की गई। साथ ही बड़े हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया।

सुबह आरती के बाद बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने के लिए सुबह से कतार में नजर आए। बड़े हनुमान जी को मोगरा, गेंदा, गुलाब और तुलसी से सजाया गया। महंत बलवीर गिरि ने बताया कि चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि में रामनवमी के अवसर पर श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की।

रामनवमी पर निकाली गयी शोभायात्रा

होलागढ़(प्रयागराज)। कल्याणपुर इलाके में गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर लोगों ने शोभा यात्रा निकाल कर जय श्री राम का उद्घोष किया।शोभा यात्रा का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कनैहया लाल पांडेय ने किया।डीजे बाजा ,भगवा झंडा के साथ यात्रा धानी के पूरा से निकल कर तिराहा,निहाल सिंह का पूरा,बैजनाथ का पूरा,हनुमान गंज पूरे नेलाओ,थमहन का पूरा होते हुए भय हरण नाथ धाम तक निकाली गयी।यात्रा में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष टी एन सिंह,अनिल मिश्र, वरिष्ठ नेता गुरु ओम मिश्र,अधिवक्ता रमा शंकर मिश्र,श्री कांत शुक्ल,क्षितिज पांडेय,संजय गुप्ता,शुभम शुक्ला,कलराज मिश्र,मनदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

आयकर भवन में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

प्रयागराज। आज आयकर भवन प्रांगण स्थित मंदिर में रामनवमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। प्रधान आयकर आयुक्त डॉक्टर श्रीमती शिखा दरबारी ने हवन पूजन किया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानआयकरआयुक्त ने अपने कर कमलों से प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान बजरंग बलि गिरी, आयकर अधिकारी श्रीमती रोमा सोंधी, आयकर निरीक्षक श्रीमती नीलम मौर्या, श्रीमती संगीता कुमारी, ज्ञानचन्द, श्रीवास्तव, योगेश्वर राय, रविन्द्र गौर एवं आशीष त्रिपाठी उपस्थित

बीबीएस स्कूल के होनहारों को मिला सम्मान, खिले चेहरे

फाफामऊ। गोहरी स्थित बीबीएस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा चार तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा फल और पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में होनहार बच्चों को सम्मानित किया जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक रणजीत सिंह ने सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मेधावी छात्र - छात्राओं को पारितोषिक प्रदानकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। समारोह में स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समारोह में प्रधानाचार्य अल्का श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य अतुल मिश्र, समस्त कोऑर्डिनेटर और शिक्षक सहित भारी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

पड़ोसी ने परिवार संग पुराने विवाद में कुनबे के आधा दर्जन लोगों को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

कमेसर, कौशाम्बी। पिपरी कोखराजी क्षेत्र के अकबरपुर गांव में बुधवार की शाम को दबंग पड़ोसी ने महिलाओं संग पुराने विवाद में कुनबे के आधा दर्जन लोगों को जमकर पीट दिया।पिटाई में महिलाओं समेत सभी लहूलुहान हो गये।शोरगुल से बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।मामले में थाने जाकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए किया अस्पताल भेज दिया।

पुलिस चौकी एरायरोर क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी अहफैजात पुत्र रमजतल किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है।उसके अनुसार पड़ोसी से उसका पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम वह परिजनों के साथ घर पर बैठा था।इसी दौरान पड़ोसी अपने परिवार के साथ हाथों में लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज करने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने अहफैज को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा करने पहुंची पत्नी पुष्पादेवी, पुत्र महेन्द्र कुमार, बहू संगीतादेवी और पुत्री सरिता को भी पीटापीटाई से सभी लोग लहूलुहान हो गये।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

घायलों ने थाने जाकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए किया अस्पताल भेज दिया।

कुनबे ने जमीन कब्जे का विरोध करने पर युवक को दी धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

महगांव, कौशाम्बी। सरौथन थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में बुधवार को जमीन कब्जे का विरोध करने पर कुनबे ने युवक को धमकी दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।काजीपुर गांव निवासी लालता प्रसाद पुत्र लल्लू प्रसाद किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है।लालता ने बताया कि उसकी गांव में कौमर्स जमीन खाली पड़ी है।वह अब उसी जमीन पर निर्माण करने की तैयारी कर रहा है।बुधवार की दोपहर वह का एक दबंग अपने कुनबे के साथ वहां पहुंचा और जबरन उस जमीन को कब्जा करने लगा। जमीन कब्जा करने का विरोध करने पर उन्होंने लालता को मारपीट की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

सांसद खेल स्पर्धा में कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सात वर्गों में लड़ी गयी कुश्ती

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा के जवाहर मैदान पर कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा 27 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा के चौथे दिन गुरुवार को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सिद्धेश्वर शैलजा प्रसाद पटेल मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने प्रतिभागियों का हाथ मिलाकर कुश्ती प्रतियोगिता को शुरुआत की। कुश्ती प्रतियोगिता सात वर्गों में लड़ी गई।फ्रीस्टाइल, कैडेट, सीनियर, फ्रीस्टाइल के बाद ग्रेकोरोमन कुश्ती लड़ी गयी। पहली कुश्ती 55 किलो वर्ग में आनन्द व अमन के बीच लड़ी गयी जिसमे अमन ने बाजी मारी वहीं दूसरी कुश्ती 60 किलो वर्ग में जावेद, तीसरी कुश्ती 42 किलो वर्ग में अर्जुन, चौथी कुश्ती 67 किलो वर्ग में नीरज व पांचवीं कुश्ती 53 किलो वर्ग में सैफ ने खेली।

विजेता को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं उपविजेताओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में जिला अध्यक्ष शिक्षक बेसिक राजेश कुमार सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई वहीं मास्टर नंदन ने कमेंटेटर व अजीत यादव ने स्कोरर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार नेता अरुण केसरवानी ने खेल समाप्ति की घोषणा कर तीसरे दिन के खेल का समापन किया।इस मौके पर दिलीप सोनकर, उमेश पटेल, नीरज साहू, अमन यादव, राहुल कुशवाहा, रुपाशु अग्रहरि, हरिश्चन्द्र मिश्र , गजन निषाद सहित हजार लोग मौजूद रहे।

घर से बाजार की ओर जा रहे युवक की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पुरानूपती थानाक्षेत्र के मनौरी रेलवे लाइन पर बुधवार की सुबह घर से बाजार की ओर जा रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मनौरी गांव निवासी रामप्रकाश अहिरवार मैदान (40) पुत्र ओमप्रकाश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।परिजनों के अनुसार गुरुवार की सुबह वह दुकान से सामान खरीदने के लिए घर से बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान मनौरी के पास रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया।हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।वह रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

समाजसेवी ने गंगा स्नान कर रहे श्रद्धालुओ को डूबने से बचाया

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ा धाम में नवरात्रि के नवमी को गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओ को समाजसेवी ने गोताखोर की मदद से डूबने से बचाया। बताया जाता है की पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष पटेल परिवार के साथ बुधवार को शक्तिपीठ कड़ा धाम के कुबरीघाट गंगा स्नान के लिए आया था। अध्यक्ष पटेल ने जैसे ही पवित्र पावनी गंगा में डुबकी लगाई तभी अचानक पैर फिसलने के कारण गहरे जल में चला गया और डूबने लगा चीख पुकार सुनकर परिवार के सदस्य शिवम , लोन , शिवांशु व उमा पटेल , सुनीता पटेल बचाने के लिए आगे बढ़े और डूबने लगे मजदूर देख स्थानीय लोगो ने गंगा गोमती संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी विनय पटेल को घटना की जानकारी दी जिसके बाद विनय पटेल ने गोताखोर अमित निषाद , अभिषेक मिश्र, रोहन सैनी ने सभी को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान रेलवे पटेल ने उनका इलाज कराया।

युवक ने किशोरी के साथ किया दुराचार का प्रयास

करछना, कौशाम्बी। गिरवी कोखराजी क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की दोपहर एक युवक ने घर के बाहर खेल रही किशोरी के साथ जबरन दुराचार का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर लोगों को आता देख वह धमकी देता हुआ भाग निकला। किशोरी ने मां के साथ थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामला की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है।वह बुधवार की सुबह मजदूरी करने चला गया था।उसकी 12 वर्षीय पुत्री कक्षा 7 की छात्रा है।स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह घर के बगल में खेल रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक वहां पहुंचा और उसे भी हथी देने लगा। पैसे लेने से इनकार करने पर वह युवक किशोरी को डराकर के पीछे खींच ले गया और उसके साथ जबरन दुराचार करने का प्रयास करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर लोगों को आता देख वह धमकी देता हुआ भाग निकला।

अष्टमी 56 भोग लगाकर मां शीतला का हुआ भव्य श्रृंगार

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा/ सैनी, कौशाम्बी। शक्ति पीठ कड़ा धाम में चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां कंडेवाशिनी की महारौरी के स्वरूप में मध्य रात्रि को मां कंडेवाशिनी का भव्य श्रृंगार किया गया बुधवार को भोर से ही श्रद्धालुओ का जत्था मंदिर प्रांगण मे जुटना शुरू हो गया था । जो देर शाम तक चलता रहा दूर दराज से आये श्रद्धालु भक्ति भाव होकर अपनी बारी आने तक माता की एक झलक पाने को लालायित रहे । पुरोहित कृष्ण कुमार बताते हैं कि हिन्दू पौराणिक कथाओं का कहना है कि शैलपुत्री षोडश वर्ष की आयु में अत्यंत सुंदर थी उनका रंग एक दम श्वेत था इसलिये उन्हें महारौरी के रूप में जाना जाता है माँ शैलपुत्री की तरह वह भी बैल की सवारी करती हैं इसी वजह से उन्हें वृषारूढ़ भी कहा जाता है । नवरात्रि में आठवें दिन महाअष्टमी को महिषासुर पर माँ दुर्गा की जीत का जश्न मनाया जाता है लोग इस दिन महारौरी की पूजा करते हैं जो अपने भक्तों को धन और वैभव प्रदान करने और उनके सभी कष्टों को दूर करने के लिए जाने जाते हैं । नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालु को माता कंडेवाशिनी की विशेष पूजा करती होती है । मंदिर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रजत पंडा जी बताते हैं कि इस दिन मंदिर प्रांगण को तरह - तरह के फूलों और विभिन्न फलों से सजाया जाता है और भव्य रात्रि चौकी आरती अष्ट रात्रि को मां कंडेवाशिनी का उत्तम प्रकार के भोग के साथ भव्य श्रृंगार पूजा विधि विधान से मंत्रो उच्चारण के साथ होता है।

सेवानिवृत हुए शिक्षक का हुआ विदाई समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मौरई खुर्द में कार्यरत विद्यालय में अध्यापक कार्यरत शिक्षक शिवशंकर के सेवानिवृत होने पर एक समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उनकी धर्मपत्नी विदाई की गई। मौरई खुर्द के नोडल संकुल अरुण बाजपेई के विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर सेवानिवृत शिक्षक को माला पहनाकर अभिनन्दन भेंट कर कहा की शिक्षक जीवन में कभी रिटायर नहीं होता। शिक्षक शिवशंकर स्कूल से पहले ही रिटायर हो गए हैं लेकिन उनके द्वारा बनाई गई शिक्षा बच्चों और हम सभी सहकर्मियों के काम आती रहेगी। समय समय पर उनका मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा। विदाई समारोह के इस मौके पर शिक्षक संघ सिराथू के अध्यक्ष ईश्वर शरण सिंह, राकेश सिंह, एडवोकेट राज किशोर शुक्ल, रविन्द्र मिश्र, पंचूराम तिवारी, फतहचंद, फकन मिश्र, सुषमा जायसवाल, कल्पराज सिंह, ममता सिंह, कन्हैया तिवारी, मनोज पटेल, जयवीर वेगम, अनामिका मिश्र, अमित कुमार , मोहन चंद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण-राम जन्म की कथा सुन गूंजे जय श्री राम के जयकारे

सिराथू के कैथनबाग में चल रही भागवत कथा के रसपान को उमड़ा जन सैलाब

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू कस्बे के वार्ड न तीन कैथनबाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र के साथ श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। भगवान के जन्म की कथा सुन श्रोता झूम उठे। भगवान की बाल्यलीला का वर्णन सुन जन्म पंडाल जय श्रीराम के जयकारे गुंजायमान हो उठा।

कथा व्यास आचार्य डॉ अखिलेश महाराज ने सुदामा चरित्र के साथ श्रीराम जन्म व श्री कृष्ण की कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन होने लगे। भगवान का जन्म होते ही अयोध्या नगरी में खुशी का माहौल छा गया। चहुंओर प्रसन्नता गीत गाने लगे। भगवान राम ने पृथ्वी लोक आने के बाद सभी को स्वागत की थी। आज का व्यक्ति भले ही ईश्वर की सत्ता को मानने से इंकार कर दे लेकिन एक न एक दिन उसे ईश्वर की महत्ता को मानना ही पड़ता है। संसार में जितने भी असुर हुए सभी ने ईश्वर को नकार स्वयं को भगवान समझने लगे थे। ईश्वर की सत्ता को एक झटका ने सभी का अस्तित्व नष्ट ही समाप्त कर दिया। अधर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो लेकिन धर्म के मार्ग पर चलने वाले के उतने अधिक सामर्थ नहीं दिख सकता है। इसके बाद कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा के साथ उनकी बाल लीलाओं का सजीवमयी वर्णन किया। कहा कि जन्म भगवान कृष्ण का जन्म हुआ तो मथुरा के राजा कंस की मृत्यु भी कुछ नहीं कर सकते। भगवान श्री राम व श्री कृष्ण की बाललीला का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर आयोजक अनिरुद्ध पांडेय, वेद प्रकाश पाठक, कमलाकांत पांडेय, तपस्विकांत पांडेय , शिवकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

नारा गाँव मे जगह-जगह फटी पाइप लाइन, असुविधा

लोकमित्र ब्यूरो

नारा, कौशाम्बी। सिराथू ब्लॉक के नारा का मजरा शहीदपाट मे पाइप लाइन बिछाए जाने कि वजह से आए दिन हादसा हो सकता है। लेकिन कई बार अधिकारी से फोन पर बात की गई। फिर भी जांच नहीं हुयी। नारा ग्राम सभा का मजरा शहीदपाट मे आये दिन पाइप लाइन बिछाए जा जाता है। कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी फिर भी पाइपलाइन नहीं बन्द डालीयो से करने आवेदन आवश्यक है। बताया जा रहा है कि 1 माह पहले पाइप लाइन बनाया जा रहा है बिजली का खंभा गड़ा हुआ बिजली का खंभा उसी के नजदीक बगल मे गड़ा हुआ है बिजली खंभे के नीचे 5 फुट का गड्ढा हो चुका है कभी भी बिजली का खंभा भी गिर सकता है ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम के अधिकारियों से कई बार बात करने पर वह पाइपलाइन अभी तक नहीं बन।

सिक्योरिटी गार्ड को जहरखुरानों ने लूटा, सड़क में मिला अचेत

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। अहमदाबाद (गुजरात) से जाता जा रहे सिक्योरिटी गार्ड को ट्रेन मे जहरखुरानों ने लूट लिया। नशीली दवा दिखाकर उसको लूटा गया। वह गुरुवार को भरवारी के गौर रोड मे अचेत मिला। स्थानीय नागरिकों ने किसान देकर गार्ड को जाग भेजा। उसके के बागपत के गौरीकला निवासी शिवेंद्र शुक्ल पुत्र सुरेश चंद्र शुक्ला गुजरात के अहमदाबाद की एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था। वह राम नवमी पर्व पर घर आने के लिए ट्रेन से निकला था। गुरुवार को वह भरवारी नगर पालिका के गौर रोड में सुबह करीब आठ बजे अचेत हालत में मिला। स्थानीय लोगों ने देखा तो उसको सड़क से किसी तरह उठाकर एक घर के बाहर ले गए। होश में लाने के बाद उसको चाय पिलाई गई। शिवेंद्र ने बताया कि वह ट्रेन में सवार था। इसी दौरान सामने बैठे युवकों ने उससे मेल मिलाप बढ़ाया। इसी बीच उसको खाने के लिए उन्होंने बिस्कुट, चाय आदि दिया। इसके बाद उसको चाय नहीं कि बाद हुआ। शिवेंद्र से जहरखुरानों ने 15 हजार रुपया व उसका सामान लूट लिया है। भरवारी रेलवे स्टेशन में वह काफी देर तक लेटा रहा। इसके बाद बेसुध हालत में ही वह गौर रोड की ओर जा रहा था, तब वह गिर गया। लोगों ने इसकी जानकारी कोखराज व भरवारी रेलवे पुलिस को दी, लेकिन कोई मौके पर नहीं आया। पालिकों ने किसान आदि की व्यवस्था करके शिवेंद्र को उपचार के लिए रवाना कर दिया है।

निकाय चुनाव हेतु अध्यक्ष पद की आरक्षण सूची हुई जारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को शाम आरक्षण सूची जारी कर दिया गया है । जारी सूची के मुताबिक नगर पंचायत पूरब पश्चिम क्षेत्र को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है , नगर पंचायत अनुसूचित जाति, नगर पंचायत खरवा , सराय अकील, कोटी को अनारक्षित किया गया है , नगर पंचायत अनुसूचित पिछड़ा वर्ग महिला , नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम महिला के लिए आरक्षित किया गया है । नगर पंचायत सिराथू को पिछड़ा वर्ग को अनुसूचित जाति महिला तो नगर पालिका परिषद मंझनपुर को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है । आरक्षण सूची जारी होने के बाद निकाय चुनाव के दावेदारों में खुशी खुशी तो कहीं गम का माहौल बना है।

कादीपुर के हनुमान मंदिर में आरती में सम्मिलित हुए डीपीआरओ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कादीपुर मे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में बने दुर्गा मंदिर में गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविन्द श्रीवास्तव पहुंचे । आरती में सम्मिलित हुए और माता आदिशक्ति जगदंबे की आरती भी किए और माता रानी के दरबार में चल रहे भजन कीर्तन का आनंद भी लिया। इस दौरान मौजूद लोगो को एम आवृत्त जल हलवा पंचमेवाआदि प्रसाद वितरण किया गया। वहीं दोपहर बाद एडि विकास अधिकारी सिराथू राकेश कुमार शुक्ल भी कादीपुर में स्थित मंदिर मे पहुंचकर पूजा अर्चना किया और कन्या पूजन तथा कन्या भोज कराया इस दौरान ग्राम प्रधान रामसिंगार पटेल ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप सिंह यादव ग्राम सभा के समाज रामनाथ लोध उपस्थित रहे।

दबंग भूमिधरी आराजी पर कर रहे कब्जा, शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सोनकला मे 85 साल के वृद्ध राम सनेही पुत्र राम आधार की भूमिधरी आराजी महिला अत्याचार से है। जिस पर दबंगो द्वारा कब्जा किया जा रहा है। पता करने पर जान से मारने की धमकी दे जा रही है अवैध है कि उक्त दबंग अपराधिक किस्म के है। जिसकी वजह से दबंग भू माफिया के हौसले बुलंद है। मामले की शिकायत चौकी इंचार्ज मुरैली से की गई। शिकायत के बाद भी कार्यवाही न किए जाने से अपराधियों के हौसले बुलंद है। आए दिन धमकी दे रहे। पीड़िता ने शिकायती पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

नारा ग्राम सभा में मनाई गई रामनवमी

लोकमित्र ब्यूरो

नारा, कौशाम्बी। सिराथू विकासखंड के नारा ग्राम सभा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बताते हैं कि रामनवमी हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है जो हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है इस दिन भगवान श्री राम के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है रामनवमी को हिंदू धर्म के उत्सव में सबसे अधिक महत्व महत्वपूर्ण त्योहार में से एक है वहीं चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष को नवमी तिथि को मनाया जाता है धार्मिक ग्रंथों के अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को प्रभु श्री रामचंद्र जी ने जन्म लिया था प्रभु श्री रामचंद्र जी के इस धरा पर अवतार लेने के कारण इस दिन हम सब अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ रामनवमी का उत्सव मनाते हैं इसी दिन लोग भी आकर अयोध्या का सरयू नदी में स्नान करते हैं क्योंकि मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान राम स्वयं पाप हर लेते हैं और मनोकामना पूर्ण कर देते हैं रामनवमी नौवें की नवरात्रि के 9 दिन पूरे भारत में हर्ष और उल्लास के दिन के साथ मनाई जाती है रामनवमी की महिमा बहुत ही सुखद है क्योंकि यह पर भगवान राम से जुड़ा हुआ है हिंदू धर्म के बहुत से लोग आज भी जन्मदाता के रूप में राम-राम करते हैं और लोई भी घोर भैया संकट होने पर हे राम कहते हैं पुराणों और शास्त्रों के अनुसार राम नाम का धारण राम से भी बड़ा है खुद महादेव भी राम का नाम जपा करते हैं राम का नाम दुखों को हर हर ने वाला दुखों को हरने वाला होता है माना जाता है राम नाम का जाप करने वालों के ऊपर कोई भी परिस्थिति भी नहीं होती वह यदि मनुष्य अपने अंतिम क्षणों में भगवान राम का नाम लेता है तब उसकी आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है इसी प्रकार सभी ग्राम वासियों का काफी सहयोग प्रेम हुआ और शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी की शोभायात्रा समापन हुई नियमों नए नौवीं इंचार्ज मोहन मनसाराम जगह-जगह मुस्तैद रहे किसी प्रकार की कोई अशांति नहीं पैदा हुई सकुशल समापन हुआ रामनवमी का त्योहार व जुलूस।

ट्रक की टक्कर से टैंकर चालक की मौत

टेवां, कौशाम्बी। मंझनपुर कोखराजी क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां के सामने पश्चिम शरीर मोड़ के पास जैसे ही फैदभूपी का डमर वाला टैंकर पश्चिम साईड रोड की तरफ मोड़ा जैसे उसी समय ओवर लोडेड की तरफ से आ रहा स्पीडेड का ट्रक टैंकर में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक चालक राम प्रवेश पुत्र कल्लू हरिजन ग्राम कजरा हनुमान जनपद रीवा टक्कर लगने से गंभीर चोट के कारण घायल हो गया जिससे पुलिस चौकी इंचार्ज टेवां अजीत सिंह ने इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राम प्रवेश की मौत हो गई। राम प्रवेश स्थान से सीधेंद्र लेकर जनपद कौशाम्बी में उतारने आया था खाली ट्रक लेकर मतना वापस जा रहा था तभी तेज रफ्तार होने के कारण फैदभूपी डमर वाली टैंकर में रात 2:30 बजे पुलिस चौकी टेवां के सामने पश्चिम शरीर मोड़ पर भीड़ बना।

रास्ते के विवाद में अधेड़ की हत्या, कोहराम

सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लीलापुर पुलिस को दिये सख्त कार्रवाई के निर्देश

लालगंज, प्रतापगढ़। रास्ते में मिट्टी डालने के विवाद में जानलेवा हमले में अधेड़ की हत्या होने से इलाके में सनसनी फैल गयी। वहीं घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के पाली महुआन गांव में गुरुवार की सुबह खेतान होते पर कुछ लोगों ने ट्रैक्टर ट्रली से मिट्टी डालकर शुरू किया। एक ट्रली मिट्टी पड़ी तब गांव के इसराईल उर्फ नन्हें पुत्र अब्दुल रज्जाक तथा रशीद पुत्र रहमत के बीच विवाद होने लगा। गुर्दों के मुताबिक सीद ने इसराईल पर कुल्हाड़ी तथा गड़ासे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल नन्हें को अस्पताल में परिजन प्रतापगढ़ जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को प्रयागराज के एसआरएन रेफर कर दिया। प्रयागराज मेडिकल कालेज पहुंचने पर इलाज के दौरान नन्हें की सांसे थम गयीं। रास्ते के विवाद में अधेड़ की हत्या की जानकारी पर पहुंची पत्नी जमीला समेत उनके छोटे छोटे बच्चे दहाड़ मारकर रोने लगे। मृतक के भाईयों ने मामले बताया था। वह अपने पीछे पत्नी जमीला तथा पुत्रियां सिमरन 13, हिना 09, खुशनुमा 07 व पुत्र अंकार 17 तथा मेराज 15 को बेसहारा छोड़ गया है। इधर वारदात की घटना ने गंभीर रूप से घायल हुए नन्हें की मौत की जानकारी होते पर लीलापुर पुलिस के भी हाथ पांव फूल गये। एहतियातन लीलापुर पुलिस गांव में तैनात कर दी गयी। वहीं लालगंज सीओ रामसूरत मौकाए पर घटनास्थल पर पहुंचे और लीलापुर पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। सीओ का कहना है कि रास्ते के विवाद में वारदात की घटना में नन्हें की मौत हुई है। परिजन के लोगों के द्वारा तहरीर मिलते ही आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया की उपयोगिता से छात्रों को कराया परिचित

एमडीपीजी कालेज के एनएसएस शिविर का छठा दिन

प्रतापगढ़। गुरुवार को मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठवें दिन का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ।

इसके बाद छात्र एवं छात्राओं ने योग प्रशिक्षक अजय मिश्र के निर्देशन में योगाभ्यास किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। मोबाइलयुक्त बौद्धिक सत्र में छात्रा की शीघ्र सोशल मीडिया के लाभ और हानियों के विषय पर छात्र एवं छात्राओं ने अपने विचार रखे। अंतर्राष्ट्रीय तिवारी ने जहां सोशल मीडिया की ज्ञान का माध्यम बताया वहीं अभिषेक दूबे शिवम् गौर , सलमा मिश्र एवं शुभम् मिश्र ने इसके मनोरंजन पक्ष को आगे रखा। छात्राओं में साइना प्रज्ञा, नेहा एवं मान्या आजकाल में भी सोशल मीडिया पर अपने विचार रखे। कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने सोशल मीडिया को छात्रों के लिए हितकर बताते हुए उसके सकारात्मक एवं नैतिक पहलुओं को ग्रहण करने का सुझाव दिया। डॉ रेखा सिंह ने सोशल मीडिया के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान वैज्ञानिकरण के रूप में इसे व्यापक उपयोगी बताया। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ।

रामनवमी पर घुश्मेश्वरनाथ धाम में उमड़ी भीड़

न्यू मार्केट घुइसरनाथ में हुआ प्रसाद का वितरण

घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़। वासंतिक नवरात्र की रामनवमी पर बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम धर्मेश देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी नजर आयी।बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में प्रातः से ही मंदिर प्रांगण में विगत की जगदम्बे की विधिवत पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ आयी। श्रीराम नवमी का पर्व होने के कारण श्रद्धालुओं ने हवन पूजन भी किया। वहीं देऊल पश्चिम स्थित बाबा घुइसरनाथ धाम में भी दर्शनार्थियों की भीड़ दिखी।अमावा स्थित मां जगदम्बी देवी धाम और डोमिनार गांव में स्थ नवी के तट पर अवस्थित मां संकेत धाम में भी दर्शनार्थियों का हुजूम नजर आया। दर्शनार्थियों ने विधिवत हवन पूजन कर सुख्यात जीवन की मंगल कामना की।दूसरी ओर नवरात्र व्रत रखने वाले देवी भक्तों ने अपने घरों में विद्वानों के मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन कर सुख, समृद्धि की मंगल कामनाएं की।न्यू मार्केट घुइसरनाथ बाजार में श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।व्यापारी राजू अग्रवाल,विनोद केसरवानी और हरिओम सोनी के संयोजन में आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा घुइसरनाथ के जन्मोत्सव उपलक्ष्य में शिव प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए और व्यापारियों के साथ प्रसाद ग्रहण कर जनकल्याण की कामना की।इस मौके पर राम प्रकाश मिश्र ,संतोष श्रीवास्तव, मां बाबा पी यादव, अमित मिश्र, शिव प्रकाश मिश्र, अनिल यादव, डॉक्टर श्याम प्रकाश सरोज ,कुलदीप वर्मा, अमित वर्मा सचेत व्यापारियों की मौजूदगी रही।

जेपीसी जांच से ही अडानी समूह के करोड़ो के घोटाले की सामने आयेगी सच्चाई-प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता तिवारी ने श्रीरामनवमी व दुर्गा पूजन पर की लोकमंगल की कामना

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीराम नवमी पर लोगों से मुलाकात कर सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध होने का आह्वान किया। वहीं श्री तिवारी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को नवरात्र में मां सिद्धिदात्री के पूजन अर्चन में सुख एवं शांति तथा समृद्धि की वृद्धि मिलने को लेकर स्वयं तथा विधायक आचार्य मिश्रा मीना की ओर से मंगलकामनाएं प्रकट करते दिखे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन की लोक मर्यादा के दर्शन में हमें सत्य तथा विनम्रता को आत्मसात करने की प्रेरणा मिला करती है। वहीं उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा के अवतार व श्रीराम के आदर्श चरित्र में समाज को आडम्बर तथा अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की भी ऊर्जा मिला करती है। भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से सत्तारूढ़ पक्ष ने सत्ता खोने के भय में संसद में राहुल गांधी के भाषण को रोकने के लिए ऐन केन प्रकारेण अलोकतांत्रिक सत्ता अख्तियार कर राहुल की सदस्यता समाप्त करने का तरीका चला। श्री तिवारी ने कहा कि यह पहली बार संसद में देखने को मिल रहा है कि भाजपा वहां ऐसा वातावरण बनाए हुए है कि तेरह मार्च से सदन का सत्र नहीं चल पा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष अडानी के द्वारा देश की गाढ़ी कमाई की करोड़ो की लूट की जेपीसी मांग पर इकतीस अप्रैल है क्योंकि देश को पता चले कि घोटाले में अडानी समूह के साथ सरकार में बैठे किन लोगों ने नियमों को अनदेखी कर अरबों सिफिल करके अडानी समूह को अनुचित लाभ पहुंचाने के कार्य किये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता की समाप्ति के फैसले को कांग्रेस जनता की अदालत में भी मजबूती के साथ ले जायी है। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न्यायालिका पर पूरा भरोसा और विश्वास है और हम इस दोषपूर्ण निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज बाजार में हाल ही में एक दुकान में लगी आग से नुकसान का भी जायजा लिया। उन्होंने पंडित व्यापारी राजू मोदनवाल को हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

सांगीपुर वार्ड में वह सबुता अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा सभासद कल्याणकर दुबे व अखाड़ा जैतपुर में अखंडित लाल मिश्र के संयोजन में आयोजित सार्वजनिक अनुष्ठान में भी शामिल हुए। अखिलेश शेष तिवारी के संयोजन में आयोजित विद्यापूजन मुन्नल के द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी को लोकपाल सम्मान भी सौंपा गया। श्रीरामनवमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम में पल्लव टेकरूप स्वास्थ्य प्रमोद, ने लोक कल्याण की कामना की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केशी मिश्र, छोटे लाल सरोज, अनमोल सिंह, प्रभात ओझा, सुधाकर पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, लिंटू, टिंटू पटेल, दुगाल मोदन, रामकृपाल पाली आदि रहे। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज पैतृक गांव में भी श्रीरामनवमी पर आयोजित समारोह में शामिल हुए। वहीं उन्होंने पैतृक आवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को भी सुनाई थी। यहां अवधेश, पुष्पा, राजेश तिवारी बाबा आदि रहे।

नवमी पर मंदिरों व घरो-घरो में हुआ हवन पूजन, गूंजे आराधना के स्वर

लालगंज, प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्र की नवमी को देवी मंदिरों एवं घरेलू स्थलों पर श्रद्धालुओं को सुबह से ही हवन पूजन में रमे देखा गया। वहीं घरों में भी कन्या स्वरूपा को लेकर हवन व पूजन में श्रद्धालु मां की आराधना को लेकर भक्तिमय वातावरण में दिखे। बाबा घुइसरनाथ धाम में मंदिर के महंत अर्चक भाल तिवारी के संयोजन में हुए सामूहिक हवन पूजन में श्रद्धालुओं को उत्साह में देखा गया। लालगंज के हरिहरगंजरन में भी रामचंद्र शुक्ल व अशोक तिवारी के संयोजन में देवी की आराधना को लेकर हवन पूजन में श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुई दिखीं। वहीं समरा सुंदरपुर बाजार में मां मनसा के मंदिर में सुबहकर की रात देवी जागरण में श्रद्धालु उपदेश दिखे। कार्यक्रम में मां काली तथा शिव तांडव व कृष्ण एवं सुदामा कृष्ण की आकर्षक झांकियां देख भी देवी भक्त मंत्रमुग्ध दिखे।

लोकगायक शंभूनाथ मेहरबाबा का चमो बुलाव आया है माता ने बुलाया है जैसे भक्ति गीतों पर भी लोग मां के जयकारे में मगन हो उठे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र वर्मा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में पं. जितेंद्र पाण्डेय, भगेलू तिवारी, सरकार इंदलीस सिंह, कुलदीप शुक्ल, प्रधान प्रतिनिधि रामभजी जायसवाल, कपिल तिवारी, रामनाथ वर्मा, पवन तिवारी, रमाशंकर तिवारी, पृथ्वीशंकर शुक्ल, अंड शुक्ल आदि की सपरिवार सहभागिता दिखी।

चैत्र श्रीरामनवमी के दिन जनपद के सभी देवी मन्दिरों पर श्रद्धालुगणों ने किये दर्शन

श्रद्धालुओं के भक्ति भाव एवं मां के जय-जयकारों से गुंजायमान हो गये दुर्गा मन्दिर

जगह जगह हुये पूजा-पाठ/कन्या पूजन/हवन पूजन एवं प्रसाद का किया गया वितरण

प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्रि (दिनांक 22 से 30 मार्च 2023 तक) के शुभ अवसर पर आज से चल रहे दुर्गा सप्तशती/देवी पाठन/अखण्ड रामायण पाठ का आज श्रीरामनवमी पर जनपद के देवी मंदिरों की दुर्गा धाम सगौतूर, श्री अम्बिका धाम अयोध्याकुर सांगीपुर, दुर्गेश्वरी धाम रघुराजेश्वर सांगीपुर, महाभुजा धाम जेठवारा लक्ष्मणपुर, माँ काली मन्दिर फूलपुर लक्ष्मणपुर, भद्रकाली धाम लालगंज, नगर देवी बाबागंज, श्री काली माँ धाम महिमागंज बिहार, चंडी महेश्वरी धाम पिपोखर कालाकांकर, माँ कामाक्षी देवी धाम जगदीश बिहार, माँ चामुण्डा देवी बिहार, माँ ज्वाला देवी बलिकापुर, सुकुलडीह धाम मेवाड़ी मानपाल, माँ शीतला धाम कटरामदनसिंह, माँ लेला देवी धाम प्रतापगढ़, माँ चन्द्रिका धाम अन्तू, श्री चन्दीपुर धाम बंगरौरा, माँ बाराही धाम शिलगढ़, दुर्गा मन्दिर सर्वजीतपुर व्हीं एवं दुर्गा मन्दिर लहुरा पर पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ सम्पादन एवं कन्या पूजन/हवन-पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्तों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वेदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है।

इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे घरों और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर अधिकारी/कर्मचारी, भारी संख्या में महिलायें, बच्चे एवं श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह अप्रैल का रोस्टर जारी

प्रतापगढ़। तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह अप्रैल 2023 का रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 विशिष्ट अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 01 अप्रैल 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील कुण्डा एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसके अलावा दिनांक 15 अप्रैल 2023 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बाबागंज में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

महिलाओं पर होने वाली हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी

घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 से महिलाओं का संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

प्रतापगढ़। सन्धाना ब्लाक के शाह पंचायत पुरे रामगीदास के सभागार में तरुण चेतना द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में उद्घोषन करते हुए तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि घरेलू महिला से हिंसा का संरक्षण अधिनियम 2005 यह कानून परिवार को तोड़ने का काम करता है 26 अक्टूबर 2006 को यह अधिनियम लागू किया गया था।इसी क्रम में चाइल्डलाइन के सिटी कोऑर्डिनेटर तालीम अंसारी ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि घरेलू हिंसा में परिवार एवं रिश्तेदार के द्वारा महिलाओं को प्रताड़ित करना हिंसा के दायरे में आता है। महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला के दौरान मेहताब खान ने कहा कि घर के अंदर महिलाओं के साथ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हिंसा, व्यवहार होते हैं। हिंसा के खिलाफ अधिनियम 2005 में 3 साल की कैद व जुर्माना का प्रावधान है।इस कार्यशाला की संयोजक विश्वकर्मा ने गीत के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया।जिसमें ग्राम प्रधान संजू मिश्रा, बिपिन मिश्रा, आंगनबाड़ी हेमलता, आशा अंजू मिश्रा, उषा देवी, आदि लोग कार्यशाला में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

युवती के अपहरण पर दो के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज के पूर्व सभासद निजामी खेड़ी लाल मंडेल पुत्र रामकमल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठवें मार्च को सुबह गांव के दो आरोपियों ने उसकी अवयस्क वयीन बेटी का अपहरण कर लिया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी गांव के नन्हें लाल की शाजिश से रात के ही आरोपी सुरेन्द्र ने उसकी बेटी मनाया को बहलाफुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नन्हें लाल व सुरेन्द्र के खिलाफ आपराधिक षड़यंत्र तथा अपहरण का केस दर्ज किया है।

वैज्ञानिक शोध की जिज्ञासा जागृत करें विद्यार्थी- डीआईओएस

नवीन तकनीक का अध्ययन जीवन के लिए आवश्यक- महाप्रबंधक

विज्ञान क्लब द्वारा वैज्ञानिक भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

दुग्ध उत्पादन की विभिन्न मशीनों की तकनीक से रूबरू हुए विद्यार्थी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं औद्योगिक संस्थानों में भ्रमण एवं वैज्ञानिक स्वास्थ्यान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 9 माध्यमिक विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का पशु दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड प्रयागराज में भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस भ्रमण हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक माध्यमिक शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने सभी को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को रवाना किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक माध्यमिक शिक्षा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शोध की जिज्ञासा जागृत होती है। भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ते शोध एवं विकास से स्कूली विद्यार्थियों को जोड़ने एवं विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच, कार्य व्यवहार को प्रगतिशील बनाने के उद्देश्य से यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंध तुलसी उत्पादक केंद्र के विभिन्न मशीनों, उपकरणों की तकनीक एवं दूध के द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न उत्पादकों पनीर, दही, मट्ठा, घी, मक्खन, क्रीम आदि के विषय में जानकारियों से अध्यवगत किया। केंद्र के प्रभारी (पीएफएआईए) सतलाल यादव ने बच्चों को जानकारी प्रदान कराते हुए बताया कि समितियों द्वारा जो दूध प्राप्त किया जाता है सर्वप्रथम उसके कोलेज, फॉरेज, प्रोसेसिंग के पश्चात उसे स्टोर किया जाता है एवं फिर पैक करके बाजार में भेजा जाता है। इसी क्रम में विशेषज्ञ आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लाल रंग के पैकिंग में एसीएस, ग्रीन पैकेट में स्टैंडर्ड, नीले पैकेट में टोंड एवं सफेद पैकेट में स्कीमड उत्पाद जनता मिल्क पैक किया जाता है। डेरी सुपरवाइजर नंदलाल पाल ने बताया कि अधिक मात्रा में मिल्क उत्पादन होने पर ओम सेपरेटर द्वारा लोनीनाइजेशन के माध्यम से प्लेन बटर और पाउडर बना लिया जाता है जो कम दूध उत्पादन वाले दिनों में दुग्ध की आपूर्ति के काम आता है। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि पशु दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड प्रयागराज के महाप्रबंधक त्रिजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन की सफलता के लिए नवीन तकनीक का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पशु केंद्र का मुख्य उद्देश्य शुद्धता, स्वच्छता एवं समर्पित कार्यकारी है। उन्होंने कहा कि किसानों से प्राप्त दूध का उसे उचित मूल्य प्रदान करना एवं ग्राहकों को शुद्ध उत्पाद उचित मूल्य पर प्रदान करना पशु का मुख्य उद्देश्य है।

उनके द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संचालक आयुष साहू ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक महाप्रबंधक अरुण कुमार शुक्ल, कृषि वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव ने अपने वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत किए। डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, डॉ रमेश कुमार, विपिन कुमार, उमेश कुमार, प्रताप सिंह, धीरेंद्र सिंह, शीतला प्रसाद पांडेय, धनंजयी कुमार, शिव देवी, रविन यादव एवं कमलेश कुशवाहा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सांसद खेल स्पर्धा के चौथे दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सांसद खेल स्पर्धा के चतुर्थ दिवस पर बुधवार मनीष खेल महोत्सव में मंझनपुर ब्लॉक के स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती खेल का आयोजन हुआ। ब्लाक के कोने कोने से आए सैकड़ों खिलाड़ियों का आना हुआ। बाल के खेल स्पर्धा की शुरुआत ढोल अरुण कुमार, केसरनाथ, अध्यक्ष ओलंपिक एसोसिएशन कौशाम्बी के हाथों हुआ।

कुश्ती खेल को व्यायाम शिक्षक चंद्रभानी रैना, शिव भान वर्मा, केशव प्रसाद, शीतकांत, मोक्षत, सुकेत कुमार, आलोक, जिला जीडा अधिकारी राकाश शाह के देखरेख में संपन्न हुआ। कुश्ती खेल में 48 किलोग्राम वर्ग में अमित कुमार ने मोहम्मद मेराज को हराकर जिलेवार का खिताब हासिल किया। 52 किलोग्राम वर्ग में आदेश राय ने मनीष कुमार को हराकर जीत खिताब हासिल किया 60 किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में जयकरण सिंह ने शेलक द्विवेदी को हराकर जीत का खिताब हासिल किया 65 किलोग्राम की कुश्ती में हुई शेषांकन मुकाबले में अभिषेक पांडे ने विजेक राय को शेषांकन मुकाबले में हराकर जीत का खिताब हासिल किया 70 किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में विजय कुमार ने रजनीश को हराकर जीत का खिताब हासिल किया। आज के आयोजन में दिलीप पांडे ने जीती खेले सभी खेलों को मेडल देकर सम्मानित किया। आयोजन के दौरान कमल कुशवाहा जिला मंत्री भाजपा अपने शिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। दिलीप अग्रहरी, अंजुल केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवेश लोधी, मंडल अध्यक्ष भालचंद्र गवन चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मोनी स्वाति पांडे, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक लेवल आयोजन में कल आखिरी दिन सभी खेल का आयोजन होगा जिसमें ब्लॉक लेवल पर लगभग 250 बच्चे सम्मिलित होंगे।

यज्ञ हवन करके की गई सर्व मंगल कामना

लोकमित्र ब्यूरो

टेवा, कौशाम्बी। भारत स्वाभिमान न्यास जनपद कौशाम्बी के पदाधिकारियों ने सर्व मंगल कामना हेतु यह हवन करके आज पांचवें दिन पंच दिवसीय योग शिविर का समापन किया।भारत ही नहीं पूरी दुनिया में योग का डंका बजाने वाले स्वामी बाबा रामदेव के मिशन को आगे बढ़ाते हुए लोक कल्याण हेतु जनपद कौशाम्बी के टेवा गांव में 26 मार्च से 30 मार्च तक पांच दिवसीय योग शिविर की समाप्ति के दिवस पर शनिवार के दिन यह हवन का आयोजन करके सर्व मंगल कामना की गई। यह आचार्य लालता प्रसाद ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है सामुदायिक शुद्ध होता है प्रत्येक मनुष्य को यह हवन करना चाहिए जिससे आसपास के नकारात्मक वैक्टीरिया नष्ट हो सके जन जीवन सरल रहे इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व ग्राम प्रधान देवी प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह तहसील प्रभारी शत्रुघ्न यादव, बबलू लाल वर्मा, छुट्टी लाल विश्वकर्मा, राजू केसरवानी मनोज कुमार, जगदीश राजपूत, क्षेत्र पंचायत सदस्य राम मनोर राजपूत आदि मौजूद रहे।

बिना मुनादी के खुली बैठक किए जाने का आरोप

कनौली, कौशाम्बी। पंचायत विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गोपालहरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्रामीणों ने बिना मुनादी के प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी पर खुली बैठक किए जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि लगभग लाखों की कार्य योजना तैयार कर ली गई मामले की शिकायत ग्रामीण पंचायत से जीडीसी ब्रह्मपति त्रिपाठी ने किया है। ग्राम पंचायत गोपालहरा में कुल मतदाता 3300 मतदाता शामिल हैं जिसमें गौरव के पूर्व जीडीसी अंशु त्रिपाठी, बंगला से करोड़ लाल सिकरवार, गोपालहरा भूपेन्द्र सरोज, बोलहान का पुत्र से नीरज हिलोरी,कमा का पुत्र से राजू सरोज आदि ग्रामीणों से खुली बैठक की जानकारी तो नहीं दी गई है हम लोगों को जानकारी नहीं हो पाती है। गांव के पूर्व जीडीसी अंशु त्रिपाठी ने बताया कि बैठक का कोरम पूरा करने के लिए कागज पर अपने कुछ खोले लोगों का हस्ताक्षर करवा लिया जाता है। इसके पहले भी प्रधान व सचिव गोपनीय तरीके से बैठक का कारनामा कोरम पूरा कर चुका है।

आगजनी से हुए नुकसान का अन्नदाता को मिले समुचित मुआवजा- अजय सोनी

सकिपा नेता एवं जि0पं0 सदस्य ने आगजनी की घटना का लिया स्थलीय जायजा, मांगा मुआवजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी गुरुवार को सिराथू ब्लॉक के नरा गौरा गांवों के बीच आगजनी की घटना का स्थलीय जायजा लिया और पीड़ित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान अजय सोनी ने जिला एवं तहसील प्रशासन से तत्काल पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

गुरुवार को सकिपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी आगजनी की घटना का स्थलीय जायजा लेने ग्राम नरा गौरा पहुंचे। मौके पर मौजूद मिले किसानों से बातों के दौरान अजय सोनी को घटना की सारी सच्चाई पता चली। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि कम से कम 50 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। इससे क्षेत्र के कई गांवों के लोग प्रभावित हुए हैं और परिजनों के भरण पोषण के लिए लोग परेशान हो गए हैं।

इस मौके पर मौजूद रहे ग्रामीणों ने बताया कि अजय सोनी ने कहा कि आगजनी की घटना से प्रभावित हुए किसानों को मुआवजे की मांग को लेकर समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में अधिकारियों से बातें की गयेगी और पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजे दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि आगजनी की घटना से पीड़ित की आवाजाही को निकल एवं तहसील प्रशासन समुचित मुआवजा दिए जाए अन्यथा समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करने पर विवश होगी। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, विजय सरोज, मुकेश सरोज, अनिल कुमार, राकेश आदि मौजूद रहे।

शिक्षक एमएलसी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के खेरमा गांव में शिक्षक एमएलसी डा मान सिंह ने चौरू अड्डा चक्की का फीता काटकर उद्घाटन किया है।

बताते चलें की खेरमा गांव निवासी सपा नेता दिलीप सिंह यादव ने चौरू अड्डा चक्की का शुभारम्भ सोमवार को विधायक उदयवीर को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षक एमएलसी डा मान सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उपस्थलनी मान सिंह यादव ने कहा कि चौरू अड्डा चक्की से क्षेत्र के लोगों का भी आटा पीसने की सुविधा मिलेगी जिससे पैसा व समय दोनों की बचत होगी। चक्की के प्रोपराइटर दिलीप सिंह ने मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की चौरू अड्डा चक्की किसानों को कम दामों में उच्च गुणवत्ता के आटा पीसने का सुविधा मिलेगी जिससे पैसा व समय दोनों की बचत होगी। चक्की के प्रोपराइटर दिलीप सिंह ने मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की चौरू अड्डा चक्की किसानों को कम दामों में उच्च गुणवत्ता के आटा पीसने की सुविधा मिलेगी जिससे पैसा व समय दोनों की बचत होगी। इस मौके पर छा मान सिंह के सहयोगी सिंह , प्रतिनिधि बंसा अग्रवाल , विकी साहू , रमेश यादव , भानु प्रताप सिंह यादव , कान सिंह यादव , प्रहलाद यादव , दिलीप सिंह यादव , ग्राम प्रधान बबलू यादव , सत्यकुल निर्मल , बच्चन यादव , चंदन यादव , राजेश उर्फ मुन्ना यादव , राजेश सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

विश्व बाइपोलर दिवस, कभी खुशी तो कभी गम से है इसके लक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। विश्व बाइपोलर दिवस पर मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय प्रयाग के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रयागराज के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि 30 मार्च का दिन सर्वत्र बाइपोलर डे के रूप में मनाया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सभी तक पहुंचाने के लिए, लगातार टीम के जरिये प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर (द्वियावस्था व्यक्तित्वकमत) एक मानसिक समस्या है। इसमें व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का होता है और उसे समझ ही नहीं आता कि उसके आसपास क्या हो रहा है या वह स्थिति से कैसे सामना करेंगे कुछ परिस्थितियों में व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खुश भी हो जाता है या वह हर वक्त अपने आसपास एक घेरा की दुनिया मतलूस करता है जब यह समस्या बढ़ जाती है तो लक्षणों के तौर पर अत्यधिक थकान की कमी तो जाना, आत्महत्या की इच्छा प्रकट करना, अपनी इच्छाओं में कमी आ जाना, ध्यान महसूस करना, ऊर्जा में कमी महसूस करना, चिड़चिड़ापन महसूस करना और हर वक्त दुखी रहना आदि लक्षण नजर आ सकते हैं।डॉ0 इंतजार राय, मैनेजिंग मनोरोगचिकित्सा विशेषज्ञ के अनुसार में तनाव महीनों और सप्ताहों को मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता तथा मानसिक परेशानी के अंतर्गत आने वाले बाइपोलर डिसऑर्डर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां बताई गई कि रात भर मिजाज में होने वाली परेशानियों में से एक है जिसका एक पल कभी खुशी पानी मोनिया का रूप है तथा दूसरा पल कभी गम पानी डिप्रेशन का रूप है या अगर समय रहते मरा में आने वाले इन बदलाव को हम पहचाने और स्वीकारें तो इसके बचाव के उपाय हम बहुत आसानी से अपना सकते हैं। कार्यक्रम में चिकित्सालय परिसर में उपस्थित लोगों को लीफलेट दिया गया तथा किसी भी तरह के कई प्रश्न में उन्हें तुरंत ही चिकित्सकों की एक पी पिल्ली। कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बौद्ध महोत्सव व मेला का हुआ आयोजन, निकली रैली

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भीम आर्मी व आरपा डी0 सुनील कुमार भारतीय व बड़े भाई सरस्वा चिंटू मौर्य व जिला संयोजक मनोज राना एवं विधानसभा उपाध्यक्ष प्रधान कालू कारवरिया (देवमाशाह) की अध्यक्षता में ग्राम सभा सरस्वा से अशोक नगर, गरमा मुहल्ला व के लिए महाराजा अशोक सम्राट की भव्य रैली निकाली गई व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता भी जैसे राहुल कुमार, अशोक कुमार, विकास राय, अनुराग यादव, दीपक कुमार, सनी कुमार मरोल, अंकुमन, मामखाव, मिलेश, अवनीश राय, सत्यम यादव, जितेंद्र कुमार, मनीष और अन्य बहुत सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे व शांति पूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला जज ने ग्राम न्यायालय निर्माण के लिए किया भूमिपूजन व शिलान्यास

मखऊपुर तिराहे पर बनकर तैयार होगा ग्राम न्यायालय

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के मखऊपुर तिराहे पर बुधवार को निर्माण होने वाले ग्राम न्यायालय की जमीन पर नवरमूर्ति समिति चोपाल और जिला जज कृष्णेश कुमार सिंह ने भूमि पूजन व शिलान्यास किया। न्यायालय से संबंधित आवास बनकर तैयार हो चुका है। शेष नया भवन भी जल्द बनकर तैयार होगा। अधिकारियों के कब्जे से सही भूमि को प्रशासन ने मौके पर पहले कब्जा मुक्त कराया था।

चायल-सैराहापुर मोड़ मार्ग पर मखऊपुर तिराहे के समीप ग्राम न्यायालय के लिए प्रस्तावित जमीन पर बुधवार को सुबह हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति समित गोपाल,जिला जज कृष्णेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी पहुंचे।न्यायमूर्ति ने जमीन का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इस बीच न्यायमूर्ति ने कहा कि बीस हजार रुपये से कम की चोरी का मामला हो तो फिर बाद माह से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए लोकअदालतों को 35 - 40 किमी दूर दीवानी न्यायालय मंझनपुर जाना पड़ता था।अब यह सभी वाद यहां पर निस्तारित होंगे। वादकारियों के समय के साथ ही धन की बचत होगी और जल्द न्याय भी मिलेगा।इस कार्यक्रम में न्यायवादी प्रदीप कुमार, अरविंद उपाध्याय वाल्मी जज, अरविंद कुमार एडीजी फास्ट, राकेश कुमार, चित्रकूट शर्मा एसडीएमएसडी जज, एसडीएम राकेश श्रीवास्तव, सीओ न्यायालय, तहसीलदार, दरोगा चायल व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गोली मारने के बाद सुरजन पर किया गया था कुल्हाड़ी से वार

हत्या करने के बाद युवकों ने कुएं में फेंका था शव

सुरजन हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पिपरी थाना पुलिस ने दुस्साहस को सुरजन हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। सुरजन यादव की जुर्माना हत्या युवकों ने की थी। गोली मारने के बाद उस पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार किया गया था। इसके बाद शव को कुएं में फेंका गया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। उधर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि पिपरी थाना में 24 फरवरी को राजभान यादव निवासी अहितपुर ने अपने भतीजे भाई सुरजन यादव की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद चायल के सोसीपुर गांव के बाहर सूखे कुएं से 18 मार्च को सुरजन का शव बरामद हुआ था। 19 मार्च को राजभान यादव ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि हेमपाल गांव के अलावा कुमार पुत्र परमेश्वर और बाबू निवासी रहीम पुत्र संतोष घटना के बाद से गायब हैं। पुलिस ने दोनों की गतिविधियां खंगाली तो भूमिका संदिग्ध लगी। पुलिस ने मुखबिरों की मदद से दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ की गई तो दोनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि जमीन के विवाद में उन्होंने सुरजन यादव की हत्या की। बताया कि सुरजन को उन्होंने बहाने से गांव के बाहर तालाब किनारे बुलाया था। शराब पिलाने के बाद उसके गोली मारी, इसके बाद कुल्हाड़ी से काट डाला। शव को कुएं में फेंका। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल व एक स्कूटर बरामद की है। पूरसौ ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, एसआई रामप्रवेश सिंह, कांस्टेबल नवीन कुमार, मुकेश कुमार, हरि सभी शामिल रहे।

हत्याकांड का आरोपियों ने मोबाइल से बनाया था वीडियो

अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने प्रेस वार्ता में बताया आरोपियों ने सुरजन यादव की हत्या का अपने मोबाइल से वीडियो भी बनाया था। सुरजन यादव को गोली मारने व उसके कुल्हाड़ी से काटने का वीडियो बनाया गया था, जिसे बाद में आरोपियों ने डिलीट कर दिया है। इस वीडियो को दोबारा रिकवर करने के लिए साइबर सेल को निर्देश दिया गया है।

नवरात्रि की नवमी पर हुआ हवन पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नवरात्रि की नवमी में पुलिस प्रशासन की देखरेख में थाना सराय अकिल अंतर्गत ग्राम अकबरपुर गुहौली में पा दुर्गा देवी व कंकाली देवी मंदिर में जनपदीय की जनता पर शक्ति पूजन हुआ। रामलखन पासी पुत्र रमेश जाप राम पासी द्वारा मां दुर्गा देवी व कंकाली देवी मंदिर में 251 किलो लड्डू प्रसाद चढ़ाकर हवन भी कराया गया। इस अवसर पर जुटे हुए भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान रहा।

सम्पादकीय

एक और आत्म निर्भरता?

नागरिक विमानन में मंत्री के मुताबिक भारत चाहता है कि उसकी घरेलू कंपनियाँ ज्यादा संख्या में उड़ानें चलाएं। वे नए उड़ान केंद्र स्थापित करें और विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के घरेलू विमान क्षेत्र में बने वर्चस्व को खत्म करें। अगर बात सिर्फ 'आत्म निर्भर भारत' जैसे जुमलों जमा-खर्च की न हो, तो यह इरादा अच्छा है। नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक भारत चाहता है कि उसकी घरेलू कंपनियां ज्यादा संख्या में उड़ानें चलाएं। वे नए उड़ान केंद्र स्थापित करें और विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के घरेलू विमान क्षेत्र में बने वर्चस्व को खत्म करें। हालांकि वैश्विक पूंजी निवेश के आज तौर में देशी और विदेशी कंपनियों की पहचान आसान नहीं रह गया है, फिर भी अगर मूल रूप से भारत में निर्मित हुई कंपनियों का कारोबार बढ़ता है, तो आम तौर पर उसका स्वागत किया जाएगा। लेकिन इस बात पर गौर कीजिए। सिंधिया ने भारत में उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया है। उत्पादन बढ़ाने की बात तब आती है, जब कोई देश किसी चीज के उत्पादन की क्षमता रखता हो। क्या सचमुच भारत विमान उत्पादन में सक्षम हो चुका है? अगर ऐसा है, तो हाल में एयर इंडिया ने कांस और अमेरिका की कंपनियों को 470 नए विमानों का ऑर्डर क्यों दिया? इसीलिए सिंधिया के ताजा बयान को सवाल भरी निगाहों से देखा जाएगा। एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- भारत अब एक अहम मोड़ पर खड़ा है। आगे चलने वालों में भारत में एयर ट्रैफिक का विस्फोट देखने को मिलेगा।एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी होगा और उस ट्रैफिक के संचालन में अहम निर्णयता दो अलग-अलग चीजें हैं। एयर ट्रैफिक तो पहले से भी बढ़ रहा है। दरअसल, विमानन के क्षेत्र में भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के मामले में अब भी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों का ही वर्चस्व है, जिनके पास ज्यादा संख्या विमान हैं। अब अगर भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बढ़ाने संख्या का आर्थिक लाभ खुद उठाए, तो उसके लिए एक अलग किस्म की तैयारी करनी होगी। आशा है, सिंधिया ने उसीके बारे में कहने के पहले ऐसी तैयारियों की कोई योजना भी बनाई होगी। यह बात इसलिए कहने की जरूरत महसूस हुई है, क्योंकि वर्तमान सरकार के दौर में बड़बोलेपन हवाई स्तर तक पहुंच चुका है। अगर इस मामले में यह नौबत न हो, तो यह अच्छी बात होगी।



मेष : आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर परिवार आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए समय शक्ति में बदलाव करने की जरूरत है। आप अपने करियर को लेकर थोड़ा परेशान होंगे। आपकी मुलाकात या बात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होंगे। घरेलू वातावरण किसी मुख्य घटना से प्रभावशाली हो सकता है। स्वास्थ्य लाभ होगा।

वृष : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सभी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका करने के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार में लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। विशेषकर के विद्यार्थियों में आपकी चाह करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में दखल ना दें, अवांछनीय पड़ने पर हो आपको दुख दें। आपके बच्चे आपको शुभ समाचार दे सकते हैं। जिससे आपको खुशी होगी। घर को परेशानियों से राहत मिलेगी।

मिथुन : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो दूसरा किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको असुविधा होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में परिवार का अवसर प्राप्त हो सकता है। ऑफिस में आप कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपका सपोर्ट करेंगे। जिससे ऑफिस का माहौल बदल सकता है। इस राशि के छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

कर्क : आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। परिवारिक प्रश्नों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सीखा भी सकते हैं। कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है। मित्र से किसी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में सम्बन्धित कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है। आप कोई नयी गाड़ी खरीदना चाह रहे हैं तो ले लीजिए। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी।

कन्या : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हैं। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी उलझने कम हो सकती हैं। प्रेमी के लिए दिन अनुकूल है। इंजीनियर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, जिसे कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

तुला : आज आपका दिन सुखमुक्त रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बीच आपकी तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। राजनैतिक और सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों की तारीफ हो सकती है। परिवार के साथ घर को लिए का लाभ कर सकता है।

वृश्चिक : आज आपकी कई कामों में वृद्धि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे जो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे होने में आसानी होगी। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। व्यापारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। आर्थिकता बजट के लिए किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर आ सकता है।

धनु : आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ओनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार में एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर साथ एक मत हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, मित्र और भी मधुर होगा। जो लोग ऑफिस का काम घर से कर रहे हैं उन्हें अपने काम पर विशेष ध्यान देना चाहिए। महिलाएँ घर का कार्य जल्दी समाप्त कर के परिवार वालों पर ध्यान देंगी।

मकर : आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। फॉर्मों में डिटेल करने के लिए दिन शुभ है। कारोबारी कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय ठीक-ठाक लगातार चलने का है। नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

कुंभ : आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। अपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप मिलकर हो सके दूसरों की हम लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलती तय है। ऑफिस में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। छात्रों के लिए दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है, पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

मीन : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी स्पीच में सकारात्मकता आयेगी। महिलाएं शक्ति करते समय खुद को थोड़ा काबू में रखें वरना वह बढ़ सकता है। फिटनेस से जुड़े लोगों के लिये दिन बढ़िया है, आपके काम की सराहना होगी। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

-प्रियंका सौरभ

कुत्तों का मानव के विकास काम के साथ सहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उनकी प्रजाति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में अवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आवारा-कुत्ता, या संगठित प्रयासों के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15% को ही टीका लगाया गया है। भारत की आबादी अनियंत्रित बढ़ती है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैंजबकि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (संशोधन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा कुत्तों की आबादी की मौजूदा करना है लेकिन सार्वजनिक मुद्दा ये सुधार में इकट्ठा कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित संशोधन नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल स्वैच्छिक जीवन और घातक रूप से घायल कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रिजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि आश्रितता आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, क्योंकि यह समाज की पर्याप्तता के लिहाज से सामने नहीं सकता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है। लगभग 21,000 पर, विभिन्न से होने वाली सभी मौतों में से एक तिहाई से अधिक भारत में होती हैं। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। 80 से अधिक प्रजातियां, जिनमें से 30 से अधिक लुप्तप्राय सूची में हैं, जीवंत क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लक्षित की गई थीं। कुत्ते जो अकेले बाहर हैं वे सड़क पर दौड़ते समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें और अन्य लोगों को चोट भी लग सकती है।अवारा कुत्ते जंगल की छोटी का आनंद लेते हैं और वे कचरे को बिखेरने का कारण हो सकते हैं और पर्यावरण और सड़क के चारों ओर बिखरा हुआ कचरा दूर दूर तक फैल सकते हैं। आवारा कुत्ते भोजन के लिए पड़ोस को गैला करते और खुले कचरे के डिब्बे खंग सकते हैं और बगीचों को नुकसान कर सकते हैं। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें उनके टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और अगर किसी पर जानवर का हमला होता है तो वह लापरवाह माना कर सकता है। प्रत्येक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पुलिस और सहकारी के माध्यम से गार्ड एंड डोग पार्टनरशिप बनाना चाहिए। ताकि कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा सके और फिर भी वे कॉलोनी के निवासियों के अनुकूल हो। नगर निगम, निकायों कल्याण संघ और स्वयंसेवी समूहों को पशुओं का टीकाकरण और बंध्याकरण करना चाहिए।

सोचार जानवरों, स्वतंत्रता जानवरों के गौर के पद उपहार होगा। एकमात्र दीर्घकालिक समाधान सख्त पालतू स्वामित्व कानूनों को लागू करना है, लोगों को हर जगह लापरवाही से कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित करना और घरेलू कुत्तों के लिए सुविधाएं स्थापित करना है।अधिक स्टाफ और फंड की सख्त जरूरत है।

नसबंदी के अलावा गोद लेने पर भी ध्यान देना चाहिए। और हमें इस संकट को मानवीय रूप से हल करने में मदद करने के लिए कुछ करना होगा। जब तक सड़कों पर कुत्ते लोग हैं, लोगों और कुत्तों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ रहीज पूरे भारत का विचार एक कूटनीतिक सपना होगा। कुत्तों को बेघर सड़क कुत्तों के लिए बुरा है, लोगों के लिए बुरा है और वन्यजीवों के लिए बुरा है।

जमजोर (गरीब और उनके बच्चों) आदमी की उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिहाज से भारत में क्रांतिकारी होने और तय की करने है। ऐसे में, नसबंदी और टीकाकरण के साथ कुत्तों की संख्या कम होने की उम्मीद करना एक बेहोश कल्पना है।

भारत ने 2030 तक रेबीज को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन आवारा कुत्तों से खतरे को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में जब तक सबसे पहले मानता नहीं है तो जब तक तब तक भारत के निर्धनतम लोग मुख्य मानवीयता की मांगों पर सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर अपने अधिकार से महरूम होते रहेंगे।

भारत के मीडिया में लगातार 'आवारा कुत्तों का खतरा' सुर्खियों में रहता है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। इसके बावजूद इन खबरों के प्रति समाज बेसुध बना रहता है। कभी-कभार यह जड़ता कुछ भयावह घटनाओं के साथ टूट जाती है। राज्यों, केंद्र, न्यायपालिका, नगर पालिका और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस संकट की स्वीकृति के बावजूद यह समस्या बढ़ती ही जा रही है।

गीत गाता चल, निर्दोष प्यार का गंवई गीत

वीरेंद्र बहादुर सिंह

अभी कुछ दिनों पहले तीसरी हुई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म %दोस्ती% ऐवेंड्रा साहिब के लिए पर वापसी के समान है। 45 साल पहले राजश्री के साहचर्य बड़प्पनका विनित और हरिन नाग द्वारा निर्देशित %गीत गाता चल%, फिल्म से सहित्य ने हिंदी फिल्मों की दुनिया में मधुरकता प्रवेश किया था। इसके पहले यह बात कलाकार के रूप में काम करते थे और लगभग 13 फिल्में कर चुकने और लगभग पांच साल की उम्र में 1976 में जीआर चोपड़ा की %हमराज% फिल्म में उसे काम मिला था। इसके चार साल बाद उन्होंने मीना कुमारी-धर्मेन्द्र अभिनीत और ऋषिकेश मुखर्जी निर्देशित %मझली दीदी% में मीना कुमारी की बेटी की भूमिका की थी। इस फिल्म में सचिन विलक्षणकार थे था, जो बाद में %गीत गाता चल% में उनका हीरो बना सहायक फिल्म की बात करने से पहले थोड़ा सहिता की बात कर लेते हैं। अपनी शर्तों पर जीने वाली अतीबुद्ध की अभिनेत्री में एक नाम सहिता का भी है। जिस जमाने में लड़कियों पर फिल्मों में काम करना परिवार वालों को पसंद नहीं था, उस समय सहिता ने मास्टर सूरज के नाम से लड़के की भूमिका की थी।1981 में पालहार अपना निर्देशन और महिबहीन डाक्ट-आमोल पालेकर अभिनीत फिल्म %निर्बाध% में उन्होंने खुला सीन दिया कर फिल्म की थी। इससे उनका अपनी घर में इस तरह छलना हुआ था कि उन्होंने घर छोड़ दिया था और वह %बेघर% है, इस बात की दोस्तों को जानकारी न हो, इसके लिए उन्हें ऐसा रहना पड़ा था। उन्होंने दर्शित के स्टार कमल हसन के साथ बिना विवाह के बेटी (रुपरि) को जन्म दिया था और दूसरी बेटी (अक्षरा) जब तक नहीं हुई, तब तक कमल हसन से यह कह विवाह करने से इनकार कर दिया था कि लोग यह जान न पायें कि एक बेटी बिना विवाह के और दूसरी बेटी विवाह के बाद पैदा हुई थी। वह क्रिकेट स्टार कपिल देव से विवाह करते-करते रह गई थी। अब में वह बेटियों को बड़ी कर के कमल हसन से अलग हो गई थी और अब उन्हें विम्पल कपाड़िया की तरह फिल्मों में दूसरी इनिंग शुरू कर रही हैंसहचिका मूल दिल्ली के मराठी-राजपूत परिवार के यहां पैदा हुई थी। जबकि फिल्म पत्रकार स्वर्गीय अली पीटर जॉन के लिखे अनुसार वह मुंबई के वसोवा में कमाल ठाकुर के यहां पैदा हुई थीं।

यह कमाल अपनी बेटी और पति को छोड़ कर कहीं चला गया था। श्रीमती ठाकुर खुद एक सफल ऐक्ट्रेस बनते का सपना देख रही थीं। पर घर टूटने के बाद उन्होंने बेटी सारिका को आगे कर दिया था। विज्ञापन कैमरे कि वास्तव होने पर सारिका को भी मां की तरह देना पड़ा था।%कच्चा%, फिल्म के प्रमोशन के समय उन दिनों को याद कर के सारिका ने कहा था, %मुझे लगता है कि बच्चों को प्रोफेशनल एक्टर नहीं बनाना चाहिए।लोकन पर उनका नियंत्रण नहीं रहता और उनके काम करने का मालिक उनका बचपन छीन लेना। यह बात मजबूरी जैसा है। बच्चों को आपका होना चाहिए। मैं खुद स्कूल नहीं गई और फ्रस्टिक करने के अलावा और कुछ नहीं कर सकी। मेरा बचपन मुझसे छीन लिया गया था।1975 में सारिका 13 साल की थी, तब %गीत गाता चल% शूटिंग की थी। वास्तव एनटर के रूप में यह उनकी पहली फिल्म थी। वह कहती हैं, %सर्वप्रथम में 1975 की %कागज की नाव% मेरी पहली वास्तव फिल्म थी। मैं एक साथ बाल कलाकार और हीरोइन के रूप में काम कर रही थी। बाल कलाकार से लीड कलाकार बनने के बीच मुझे ब्रेक ही नहीं मिला था।%गीत गाता चल% राजश्री प्रोडक्शन की दसवीं फिल्म थी। अजान कलाकारों-इन्सानों को ले कर मात्र कहानी और संगीत के जोर पर सफल पारिवारिक फिल्मों देने के लिए राजश्री का नाम तब तक स्थापित हो चुका था। %गीत गाता चल% की कहानी बहुत सादी और मीठी थी। श्याम (सचिन) नाम का एक अनाथ लड़का नाच-गाना कर के गुजर-बसर करता था। एक बार एक मेले में दुर्गा बाबू (मनहर देसाई) और उनकी पत्नी गंगा (उमिला भट्ट) को श्याम मिल जाता है। उन्हें यह सुरीला लड़का इतना पसंद आ जाता है कि वे उसे घर ले आते हैं।सोने-पत्नी की एक बेटी राधा (सारिका) मुंह लगी थी। उसके मन को भी श्याम भा जाता है और धीरे-धीरे उससे प्यार करने लगती है।

श्याम को अपने घरमें में मस्त रहना अच्छा लगता है। उसे घर-परिवार के बंधन नहीं जकड़े लगते। वह आजाद पंछी था और उसे यही जीवन अच्छा लगता था। जब उसे पता चलता है कि राधा के मात-पिता उसका विवाह राधा के साथ कर देने की हिमायत में हैं तो श्याम संबंधों के पिंजरे में कैद होने के बजाय घर छोड़ कर चलता अपनी चौकड़ी दोस्तों में चला जाता है। वहां जिसे वह बहन मानता है, वह %दीदी% उसे समझाती है कि उसने राधा को त्याग कर उसने ठीक नहीं किया। श्याम वापस आता है और %श्याम की पत्नी% के रूप में अकेली जीवन गुजार रही राधा का हाथ थाम लेता है।

फिल्म की कहानी राधा-कृष्ण की दंतकथा पर आधारित थी। इसमें कमल श्याम मोह-माया से अलग है और इसी बात ने इसे एक आध्यात्मिक स्पर्श दिया था। राजश्री प्रोडक्शन की यही एक विशेषता थी कि उसकी प्रेमकहानियां निर्दोष होती थीं। उदाहरण के रूप में 1989 में आई इसकी फिल्म %मैंने प्यार किया% में एक सहचमार गान था- %जाना शाम होने आई, मौसम ने ली अंगड़ाई, तो किस बात की है लड़ाई। गीतकार देव कोहली के लिखे इस गाने का मूल मुखड़ा ऐसा था- %आज तेरी बांसुरी पुकारे राधा नाम%, %बचपन हर गया से लेकाल होल है%, %कर गया कान्हा मिलन का वादा%, %मैं वाले दर्शन चाहे न जाने कब हो गया%, %श्याम जन्मोत्सवी हो श्याम आंगनवाले रोज सेती सही राधा रानी%, %मेरी नेहे गला मिला श्यामाम%, %मोहन भवन अगमन हरी%, %मुझे छोड़ा मिला मनवर% इसमें पहले जो दो गाने हैं, %गीत गाता चल...% और %श्याम तेरी बंसी...% आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं। अलीगढ़ के जैन परिवार में जन्मे, जन्म से दिव्यांग रवीन्द्र जैन ने ये गाने हिंदी में और संगीतबद्ध किया था। इसके बाद उन्होंने राजश्री की सीमा फिल्मों में काम किया था। उनके गाने इतना लोकप्रिय हुए थे कि उनके बारे में कहा जाता था कि आंखों से देखनों के बिना रवीन्द्र जैन ने अपने संगीत से उजाला फैला दिया था।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम

सुखद पक्ष की नवमी अरु चैत मास,
दशरथ घर श्रवी खुशियाँ जब
मान लिये नवरात्रि पुरुषोत्तम राम।
अवोध्या में जन्म ले नवदुर्गा
प्रभि जन के भव संकट संवारे।
नाम के है जो पालनहार,
खुले मात पिता की राह में।
विश्वामित्र मग का यज्ञ रक्षा को
पाषाण से किया अहिल्या उद्धार
गहुभे जनकपुर स्वंय स्वयंवर में,
पुष्प वाटिका में पुष्प तोड़ते
झलके उठे थे जब प्राण लिए,
अस रह मिला के अंतरतल में
बस यह बनकनंदिनी भी दिल ने।
बुरे अवस्था से जब दिव्यपुत्र हुआ भंग
जनकपुर में सीता वरण से विवाह का रंग
कलुषी अवध में भी मंगल स्थानियाँ,
महलों में खुशियाँ छाई कैकेयी जब
वधु बनकर अवधपुरी में आई।
समयचक्र घूमा और तब ही
प्रभु ने अपनी लीला दिखलाई।
शासन ने जब कैकई की बुद्धि फेरी
राम सिंहासन स्थान चौदह वरस जो
वन में भटके वचन पिता का निभाने को
लक्ष्मन सिया संग वन वन घूमे,
वहिनों को भयहीन किया
सीता हरण रावण ने कर सूने
अपने कुल का संहार स्वंय किया
निशिचर हीन किया धरती को
विभीषण को राज पट दिया
मानव बन आदर्शों का पठ पढ़ाया
लौट अयोध्या रामराज्य भी दिखलाया

जन्म दिवस अवतरित उसी महामानव का
चलन जिस के अदलों का ना करें हम
बन जाए जाता ही वह सारा संसार
मिटे सभी को लगन राम का
समाज में भी हो जाए राम सुराज।

किरन जाटोन (शिक्षिका)
करौली, राजस्थान

साठ की उम्र में भी फिट रहने के लिए महिलाओं को क्या करना चाहिए

सेहत सिंह

%अभी तो मैं जवान हूं...% यह गाना अकेलेपन की महिलाओं के मुंह से सुनने को मिल जाता है, जो अधुक उम्र में पहुंच कर रिटायमेंट के बाद भी एक्टिव रहती हैं और फिटनेस के मामले में युवा वर्ग को भी टक्कर देती हैं। सच की उम्र बढ़ते-बढ़ते लोग नौकरी से रिटायमेंट ले ही लेते हैं, इसी के साथ-साथ उनकी एक्टिविटी लेवल में भी ब्रेक लग जाते हैं।

ऐसे समय में सब से बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि शरीर को लंबे समय तक चुस्त और फुर्तीला बनाए रखने के लिए क्या करें? यह एक्सरसाइज ही नहीं, आप का अपने खुद के प्रति लगाव भी आप को जवान रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

0 रूटीन बनाना जरूरी है

अपना ऑफिस जाना बंद हो जाने से आप का पूरा शिड्यूल बदल जाना स्वाभाविक है। इसके लिए अब आप एक नया शिड्यूल बनाएं और अपना रूटीन सेट करें। अधिकतर महिलाएं अचानक आए बदलाव के लिए मिंटली और पॅशिकली तैयार नहीं होती और डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं। इसलिए खुद को व्यस्त रखने और क्रियेटिव कार्यों में लगाए रखना बहुत जरूरी है।

0 खानपान का ध्यान रखें

एक उम्र के बाद शरीर में तमाम बदलाव आते हैं और इस बात को कोई नकार भी नहीं सकता। अपने शरीर को समझें और इस बात को स्वीकारकर के स्वीकार करें। अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें।

0 समय समय पर चेक कराएं

बिना भूले साल में दो बार रूटीन चेक जरूर कराएं। होल्थ इस संबंध इस कहानी का महत्व इस उम्र में आप के लिए अधिक है। अपने स्वास्थ्य के साथ कभी भी किसी तरह का कम्प्रोमाइज न करें।

0 जॉगिंग करें

कसरत का इससे अच्छा ऑप्शन कोई दूसरा नहीं है। निर्धारित रूप से 20-30 मिनट लगातार चलती रहें। डाक्टर से सलाह ले कर स्वीम-जॉग का भी प्रयोग कर सकती हैं। इससे एक मिनट वॉक करना और एक मिनट जॉगिंग करना होता है। इससे आप की कार्डियोवस्कुलर सिस्टम और बाडी मजबूत रहेंगी।

0 हल्की कसरत करें

खास पुरुषार्थ से छाती और कांधे मजबूत रहते हैं। दीवाल के सामने खड़ी हो कर यह कसरत कर सकती हैं। पर एक बात का खास ध्यान रखें कि जितना आप हो सके जोर दें करें।

0 कंधों की स्ट्रेचिंग

कंधे आगे की ओर झुक न जाएं, इसके लिए कंधे को स्ट्रेच करें। ऐसा करने से बॉडी को भी आराम मिलेगा और कंधे भी नहीं झुकेंगे।

श्री रामलीला समिति ने निकाली भगवान श्री राम के बाल रूप की झांकी

जगह-जगह भक्तों ने प्रभु राम की उतारी आरती

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा श्री राम जन्म की भव्य झांकी शोभायात्रा गोपाल मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य व अध्यक्ष संजय खण्डेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह ‘बिट्टू’, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं महिलाओं ने भगवान के बाल रूप की आरती उतारकर शोभायात्रा को श्री राम चौराहा से चौक होते हुए स्टेशन से वापस चिलबिला जाएगी।

इसके में महिलाओं ने सोहर गाकर शोभायात्रा में चलते चल रही श्री जगह-जगह नवाजकी भगवान के बाल रूप की आरती उतार रहे थे। शोभायात्रा में घोड़े, बैंड के साथ में पूरा नगर श्री आराम भगवान के जन्म की खुशी मना रहा था। रास्ते में भक्त रास्ते में पुष्प वर्षा कर रहे थे। शोभायात्रा चौक से चिलबिला हनुमान मंदिर पर पहुंची।

चिलबिला में जगह-जगह भक्तों ने आरती उतारी और जगह-जगह जलपान की भी व्यवस्था की थी। शोभायात्रा चिलबिला से वापस मां बेल्हा देवी पहुंचकर समाप्त होगी। शोभायात्रा में संरक्षक रोशन सिंह, संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खण्डेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह ‘बिट्टू’, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, मंत्री विपिन गुप्ता, राजू शर्मा, केडीलाल, सन्तोष कुमार, देवानन्द, धर्मेंद्र चौरसिया, विनय केसरवानी, अच्छेलाल, बंटी नेता, राम अग्रवाल, हरि खंडेलवाल, अनिल कंसलानी, पप्पू कुमार, सूरज उपाध्याय, बबलू, कार्तिकेय, संजय जैन, दीपक जयसवाल, अशु, विवेक, राहुल सोनी, अभिषेक कश्यप, पवन कुमार, नितिन शर्मा आदि उपस्थित थे। रामलीला समिति की महिला मंडल की मातृ शक्तियां शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं।

डंपर की ठोकर से बाइक सवार युवती की दर्दनाक मौत

तीनों के एक ही बाइक से जाते समय मानिकपुर नगर क्षेत्र में हुआ हादसा

कुंडा प्रतापगढ़। बाइक से पिता पुत्री व नाती रिश्तेदार के घर निमंत्रण में शामिल होने जाने समय रास्ते में डंपर की टक्कर में पीछे बैठी युवती की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 2 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। थानेदार मानिकपुर नगर क्षेत्र के बिलुवा गांव के निवासी जगपत के मांचाबाद नहीर तकनीगंज निवासी कृष्ण शंकर तिवारी 75 वर्ष पुत्र श्री शिव दुलारे तिवारी अपनी बेटी उमा तिवारी 26 वर्ष तथा बड़ी बेटी का बेटा नानी नाती विकास शुक्ला 26 वर्ष तीनों लोग एक ही बाइक से कुंडा अपने रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में शामिल होने के लिए प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से जा रहे थे। विकास शुक्ला बाइक चला रहा था। मौसी उमा देवी पीछे बैठी थी। रास्ते में मानिकपुर नगर क्षेत्र के बिलुवा गांव के पास तेरी एजेंसी के सामने जाते समय पीछे से तेज रफ्तार से आता हुआ डंपर ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठी उमा देवी तिवारी तथा सिर गई तथा नाना और नाती बाइक समेत दूसरी तरफ गिर गए। दामिनी सड़क गिरी उमादेवी को अत्यधिक गंभीर सिर की चोट लगने से मौत हो गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस थानेदार को इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जबकि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया है। दोनों घायल इलाज के बाद ठीक हैं।

हवन पूजन के साथ ज्वाला देवी धाम का नवरात्र मेला संपन्न

कुंडा प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का प्रशासन व मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से लगने वाला 9 दिवसीय नवरात्र का मेला उप जिलाधिकारी मनीष गुप्ता जिलाधीश के द्वारा पूजन व दर्शन के साथ समाप्त हो गया। हवन पूजन पुजारी गंगा प्रसाद ने कराया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ विजय यादव ने श्रद्धालुओं मेला समाप्त होने पर जिला प्रशासन पुलिस व प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट सदस्य त्रिभुवन नाथ यादव, राजकुमार यादव, लीलाधर पाल, अमरेश प्रेम नाथ दीक्षित, बाबा बेनी माधव दास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

छात्रा से छेड़छाड़ अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

वायरल होते ही क्षेत्र में मचा हड़कंप

छात्रा के पिता ने दी थाने में तहरीर

पहले तो पुलिस ने दिखाई तत्परता बाद में हो गई बैकफुट

मामला फतनपुर थाना क्षेत्र के हथोड़ा सराय गांव का

बीरापुर- आसमान को अंकुश लगाने के लिए जिले के कप्तान कितनी भी तेजी दिखाते हैं लेकिन फतनपुर पुलिस के द्वारा कप्तान साहब के मंसूबों पर पानी फेर आ जा रहा है मामला था है कि फतनपुर थाना क्षेत्र के हथोड़ा सराय गांव निवासिनी एक छात्रा जो कि जिलीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक इंटरमीडिएट कॉलेज में पढ़ने जाती है और वह नाबालिग छात्रा है जिसके साथ गांव के ही एक युवक ने नाबालिग छात्रा को प्रलोभन करते हुए उसके अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देते हुए मनचा लिया जिसके बाद आरोपी युवक इस घटना को अंजाम देकर उसके द्वारा बनाए गए वीडियो को अपने पास इंस्टाग्राम करना लिया और पूरी तरीके से लगभग कई महीने तक ब्लैकमेल कर उसके साथ शोषण करता रहा इसी बीच आरोपी युवक द्वारा छात्रा का अश्लील वीडियो उसके पिता की फोटो लगाकर फेसबुक और स्टाग्राम सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वायरल होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया जिसके बाद जानकारी होने पर पीड़ित छात्रा के पिता ने मामले की हिकायत फतनपुर पुलिस चौकी मामले में तत्परता दिखाते हुए फतनपुर पुलिस आरोपी के घर पहुंच गई जहां पर आरोपी चौके से फरार हो चुका था पुलिस के दबाव के चलते बुधवारीवार को आरोपी पिता फतनपुर थाने पहुंच गया और अपने साथ एक छोटे भैया नेता को लेकर थाने में घंटे पंचायत किया घंटों पंचायत के बाद पुलिसकर्मियों ने या कहो मौन रहे उस पिता दिया कि 1 घंटे में ही आरोपी के पिता को कड़ाकड़ सख्त भेज दिया जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है देखना यह है कि जिले के कप्तान अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का निर्देश दिए है बावजूद इसके फतनपुर पुलिस के द्वारा उनके मंसूबों पर पानी फेर जा जा रहा है। इस मामले में थोड़ी राजनीतिक दिलाए प्रभाकर मामले में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में है मुकदमा लिखा जा रहा है आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

लोनापुर प्रतापगढ़। पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकंदा पुरे खुर्द गांव निवासिनी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ वर्ष की साथ खाना पीना बने गांव के ही इंद्रजीत सिंह पुत्र संग्राम सिंह ने उनका लड़का मेरे ऊपर गलत नजर रखते हुए तीनों मिलने के बहाने मेरी घर में घुसकर मेरी के अंदर हाथ डालकर रगड़ते रहे बीच-बचाव करने आए मेरे भाई को भी धमकियां देते हुए माता-पिता शोरगुल मचाने पर आसपास के लोगों को जाता देख कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

हनुमान मंदिर चिलबिला में बड़े धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव

प्रतापगढ़। श्री हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया। पूरे मंदिर को फूल माला और बिजली झालरों से सजाया गया था। सुबह से ही भक्त पूजन अर्चन कर रहे थे सुबह के सुलकाड़ पांच के उपरांत बारह बजे प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश्वर रोशनलाल उमरवैश्य ने भगवान के जन्मोत्सव के पश्चात भगवान का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। महिलाओं ने मंगल गीत व सोहर गाकर प्रभु राम का जन्म दिवस मनाया। भक्तों द्वारा केक की भी व्यवस्था की गई थी समाजसेवी मंदिर समिति के महामंत्री रोशनलाल उमरवैश्य ने केक काटकर प्रभु श्री राम भगवान सहित परिवार मां दुर्गा, हनुमान जी महाराज को समर्पण भोग लगाकर पूजन अर्चन किया इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक कमलदेव, अध्यक्ष संजय, सूरज उपाध्याय, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, लालजी, बबलू, जैसीलाल, सूरज कुमार, अजय, संतोष कुमार, सोनू, सनी, अवनीश कुमार, सुरेश माली, देवानंद, प्रमोद उपाध्याय, प्रकाश पांडे, विष्णुकांत मिश्र आदि सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत-धीरज ओझा

मर्यादा के प्रतिमूर्ति प्रभु श्री राम के आचरण का करें अनुकरण-रमेश चंद्र

बीरापुर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

बीरापुर। जय श्री राम जन्मोत्सव समिति बीरापुर के सौजन्य से प्रभु श्री राम जन्म जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा बीरापुर गांव के गुलाम पीर बाबा से डोले के साथ निकाली जो जय श्रीराम के नारे से बीरापुर क्षेत्र गूंज उठा और पूरा क्षेत्र राम मय हो गया और शोभायात्रा बीरापुर बाजार पहुंची तो भक्ति भावना हिलोरे लेने लगी। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बबलू चौबे निवासी बीरापुर जिनकी कर्मभूमि भिलाई छत्तीसगढ़ है के सम्बन्धकरण में बीरापुर गांव से निकली शोभा यात्रा बीरापुर बाजार के चौराहे पर समाप्त हुई सोशल यात्रा की समाप्ति के बाद श्री राम भक्तों द्वारा एक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रमेश चन्द त्रिपाठी आनुसूचित विभाग मण्डलाध्यक्ष ने कहा कि बड़े भक्तों के बाद आज अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। राम जन्मोत्सव का पर्व पूरा भारत में मनाया जाना हिन्दू समाज सनातन धर्म और देश हित के लिए शुभ सूचक है। वर्तमान कुटनीति के चलते आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है विरोधी देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हम सबको आज राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए,कार्यक्रम की संचालिता करते हुए पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ वीरेन ओझा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का मातृत्व प्रेम और आचरण के मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। और इस कलयुग में भी भाइयों को भगवान श्री राम के मातृत्व प्रेम के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए तभी परिवार देश और जीवन सफल हो सकता है। हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। अध्यक्षता को राजेश्वर प्रसाद दुबे,अवधेश,ललित पाण्डेय, सुरेश मिश्र, बबलू चौबे ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान पूरा पांडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।सभा से पहले कार्यक्रम के आयोजक सुरेश साह मिश्र ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।श्री राम जन्मोत्सव समिति बीरापुर के अध्यक्ष राजेंद्र चौबे ने सभी अतिथियों को सम्मान देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम को अध्यक्षता उद्योगपति सुनील दाधीच दुबे ने किया। और कुशल संचालन रामानन्द ओझा ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवगढ़ प्रमुख सलमन ओझा,जोगी यादव,हमतावर सिंह,डॉ रवि जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद चौबे राकेश मिश्रा हरीराम मिश्र मनोज गुप्ता मनोज मिश्रा विनय मिश्र अंकुश मिश्र विनीत चौबे साहबू संजय सेलरबाजीपुर प्रधान ईश्वर चन्द उपाध्याय,प्रधान विष्णुदेव दिनेश पाण्डेय,राजेश मिश्रा, गोपाल जायसवाल,प्रदीप पाण्डेय,दीपक साव,रवेश तिवारी,प्रधान दिनेश मिश्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

दीवार गिराने का आरोप, दी तहरीर

लखनगंज, प्रतापगढ़। दबंगो द्वारा पुश्तैनी में घेरेबंदी की दीवार गिरा देने को लेकर पुलिस से शिकायत की गयी है। उदयपुर गंगा के ग्रामीण निवासी अजय कुमार सिंह के पुत्र राघवेन्द्र प्रताप ने पुरुषार्थ को थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि मोहल्ला उदयपुर रोड पर जंत अपने मकान में रहा करता है। आरोप है कि अपनी जमीन पर वह दीवार बनवा रहा था कि सुबह आठ बजे गांव के ही चार आरोपियों ने उसकी दीवार जबरदस्ती ढहा दी। एडी विजयकांत का कहना है कि शिकायत की जांच कराई जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी के अपहरण पर अज्ञात के खिलाफ केस

लखनगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कुंडापार की सदर लखनगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। भदौकला निवासी दिनेश कुमार के पुत्र दीपक कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अरुणाईस मार्च को डाके घर से अज्ञात आरोपी उसकी बेटी को सलाह बहलाकर बेटी को बहलाफुसलाकर भगा ले गया। अज्ञात आरोपी द्वारा शाम सात बजे घर के समीप से सुरीता के भगा ले जाने को लेकर परिजन परेशान है उसे सुरीता का पता न चलने पर अज्ञात व्यक्ति की आशंका में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च करके विरोध प्रदर्शन किया

प्रतापगढ़। कांग्रेस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के निर्देश एवम कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद तिवारी जी के आवाहन पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जी की संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने और वर्तमान सरकार द्वारा लोकतंत्र के हनन का जो कुत्सित प्रयास किया जा रहा है उसके विरोध में आज कांग्रेस संगठन अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला जी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौराहे पर कैंडल मार्च करके विरोध प्रदर्शन किया कैंडल मार्च के उपरांत एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अंबेडकर चौराहा प्रतापगढ़ में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी एवं संचालन पी सी सी सदस्य इन्द्रभान आजी ने किया बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस संगठन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जनता की आवाज को उठाने वाले राहुल गांधी जी की संसद से सदस्यता रद्द की गई जबकि उन्होंने विगत संसद में अदानी की 20 हजार करोड़ की लूट के लिए जेपीसी गठन की मांग की थी, पूरी की पूरी घटना के मंत्री और सांसद राहुल गांधी जी का विरोध करने लगे और बोले कि राहुल गांधी देशद्रोही हैं क्या अडानी के खिलाफ बोलना देशद्रोह है कांग्रेस सेल दल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी ने कहा कि आखिर अडानी जी कानिपों को दिए गए 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं सिर्फ नहीं जवाब मोदी जी संसद में दे दें,दूध का दूध,पानी का पानी हो जाएगा श्री तिवारी ने कहा कि अब मोदी सरकार की तानाशाही एवं धांधलाई के खिलाफ कांग्रेस जन-आंदोलन कर आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है अब हम कैसे जाने नहीं है जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर संसद तक जेल भरो आंदोलन करने को बाध्य होंगे कांग्रेस संगठन के महामंत्री भगवती शंकर दुबे ने संचालन किया कि धरनास्थल की आवाज अब सुने राहुल गांधी जी पर पूरी सत्ता का हनन क्यों हो रहा है आखिर राहुल गांधी से मोदी सरकार इतनी घबराने लगी हो वह है जो उनकी संसद की सदस्यता रद्द करने की साजिश करनी पड़ी,इस मौके पर पीसीसी सदस्य डॉ प्रकाश देव शुक्ला, पूर्व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी,पीसीसी सदस्य रोहित कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी बेदाल तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कश्यप, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष भूषण पाल, जावुल रहमान, पीसीसी सदस्य दानिश माथुर,अमृत प्रकाश पांडेय, अभय किशोर त्रिपाठी, संजय इस्तियाक, सलीम खान, श्याम शंकर तिवारी, मो शिवाल,अनिल सिंह, रानी मुरिया, श्याम शंकर तिवारी, बबलू पांडेय,विक्रम सिंह, आका मौलाना, बबलू दुबे,सुभाष तिवारी, सोनी तिवारी,शहजाद अहमद, मोनू मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

पचीस साल पुराने मारपीट के मामले मे आरोपी को दो साल की कारावास व जुर्माने की हुई सजा

लखनगंज, प्रतापगढ़। पचीस साल पुराने आपराधिक वाद में लखनगंज की सिविल कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अभियोगी को दो वर्ष के कारावास के साथ पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वर्षों बाद पीड़ित को इंसाफ मिलने की बात कोर्ट परिसर में चर्चा सरगर्म बनाए हुए है।

उदयपुर थाना के खानीपुर निवासी करन सिंह पुत्र रामआसरे सिंह व रामआसरे के ही पुत्र रामभरोसे सिंह के खिलाफ बीते वर्ष 1997 में सरकार वाद के माध्यम से मारपीट व गालीगलौज को लेकर उदयपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किये जाने के बाद स्थानीय सिविल न्यायालय में यह मुकदमा वर्षों से विचाराधीन रहा। सिविल जज कुंवर दिग्विजयी ने आपराधिक मुकदमे की गंभीरता को देखते हुए इसकी सुनवाई रोजी से शुरू की। सुनवाई की जाम कोर्ट का फैसला जब सुनाया गया तो आरोपी करन सिंह को दो वर्ष के साधारण कारावास तथा पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड दिया गया।

जबकि मुकदमे के विचारण के दौरान ही दूसरे आरोपी रामभरोसे सिंह की मौत हो गयी। सिविल जज कुंवर दिग्विजयी ने आरोपियों द्वारा जमानती विवाद में पंचायत के दौरान पीड़ित अर्जुन सिंह को लाठी डंडे से मारकर घुटनिल करने को लेकर यह फैसला सुनाया। हमले में अर्जुन को गंभीर चोटें आ गयी थी।

पुलिस द्वारा कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मुकदमें में तारीख पर तारीख लगती रही। सख्त मिजाज के सिविल जज कुंवर दिग्विजयी ने संचालन के दौरान पीड़ित को उसके घर के पास आरोपियों द्वारा गंभीर चोट पहुंचाए जाने से जुड़े इस मुकदमे की सुनवाई तेजी से शुरू की। कोर्ट द्वारा मारपीट से जुड़े मुकदमे से सख्त का रवैया किये जाने को लेकर परिसर में चर्चा भी सरगर्मी से देखी गयी। मुकदमे की पैरवी एडवोकेट संतोष यादव द्वारा की गयी।

108 दीपों से हुई महामाया की महा आरती

सगरा सुलतानपुर। ग्राम सगरा रेलवे स्थित जगत जननी भुविनेश्वरी माई धाम जो लगभग 200 वर्ष पुराना है जिसमें उद्घाटन के अवसर पर देवी की महाआरती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्राम प्रधान मीरा शुक्ला व उनके पति सुरेश शुक्ला ने ग्राम वासियों के साथ 108 दीपों से देवी की महाआरती की। इस अवसर पर आस पास के गांवों से भी भारी संख्या में भक्तों ने मंदिर में आकर महाआरती में सहभागिता की और दर्शन पूजन किया। मंदिर के प्रधान सुरेश शुक्ला मिश्र ने मंदिर का इतिहास बताते हुए कहा कि यह धाम 200 से भी अधिक वर्ष पुराना है और धाम में अर्जी लगाने वाले सभी भक्तों की मनोकामना देवी

माँ अवश्य ही पूरा करती हैं महामारी, अनावृष्टि, अतिवृष्टि या किसी भी आपदा से देशों माँ सारे प्राणधारियों की सदैव रक्षा करती आयी है। कोरोना जैसी महामारी में भी सभी सुरक्षित रहे।इस अवसर पर शारदा प्रसाद मिश्र धर्मराज मिश्र,सुनिल नाथ,रामफेर यादव, सुरेश तिवारी,रामनारायण यादव,माहबीन वर्मा,राम बदन शर्मा अनिल यादव, पुनवासी हरिजन,संजय, सतीश,नन्हे तिवारी आदि मौजूद रहे।क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश शुक्ला ने भी सपत्नीक देवी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मां अष्टभुजा मंदिर जेठवारा मे भक्त ने चढ़ाया इक्यावन किलो का लड्डू

जेठवारा प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के जेठवारा मे स्थित मां अष्टभुजा मंदिर मे नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा तत्कुहरन के अध्यक्ष अजय मिश्र द्वारा मां अष्टभुजा को इक्यावन किलो का ऐक लड्डू बनवा कर चढ़ाया गया इस मौके पर मंदिर के पुजारी पंडित राम अवतार त्रिपाठी अजय कुमार मिश्र, कमलेश मिश्र,केशवानन्द मिश्र, विकी पाण्डे, अमन मिश्र, आदि सैकड़ों भक्तगण मां का जयकारा लगाते हुए मौजूद रहे।

सिद्धिदात्री स्वरूप के दर्शन को लगा भक्तो का तांता

दर्शन पूजन एवं हवन के साथ नवरात्र का समापन

भक्तो ने कन्याओ को कराया भोजन, लिया आशीर्वाद

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। सांस्कृतिक नवरात्र के नवे दिन मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप के दर्शन पूजन के लिए मंदिरो में भारी भीड़ लगी रही। गरुड़ से लेकर शहर तक कन्या पूजन के साथ ही भोजन कराकर भक्तो ने आखिरी दिन के व्रत को पूर्ण किया। घरो में पकवान प्रसाद बिस्कुट बना रहे थे। माता के नौ दिनों के इस महापर्व पर माता घर घर निवास करती है। आखिरी दिन चार सिद्धियों के स्वरूप में लोगो की सारी परेशानियो को समाप्त कर अपने धाम चली जाती है। यही कारण है कि चार का वह पर्व शुरू होने की बेला है तो लोगों में उत्साह का संचार हो जाता है। इस पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल पहल बढ़ जाती है। घरो में माता के बेदी को सजाकर कलश स्थापना करके उसे सजाने एवं रिझाने के लिए पूजन अर्चन धप-दीप का क्रम शुरू हो जाता है।

यही कारण है कि लोग जहा पौराणिक देवी धामो मे माता के रूप का दर्शन करने एवं कृपा पाने के लिए तत्पर रहते है। आखिरी दिन चार के दर्शन एवं हवन के बाद कन्याओ को भोजन कराकर एवं आशीर्वाद लेकर वह घर वापस करते है। बताते चले कि चैत्र शुक्लपक्ष की नवरात्र के इस आखिरी दिन गुरुवार को माता सिद्धिदात्री के दर्शन को लेकर मंदिरो में भोर से ही सैलाब उमड़ पड़ा। बेला देवी धाम में भोर से ही माता का शृंगार हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। मंदिर परिसर के आसपास दर्शन के बाद लोगो द्वारा हवन पूजन का क्रम चलता रहा। लोगो ने माता को गेंदा भी अर्पित किया। वही सुहागिन महिलाओ ने सदा सुहागिन का आशीर्वाद लिया। वही कुंवारी कन्याओ ने भी अपनी इच्छानुसार जीवन साथी पाने का आशीर्वाद लिया। इसके बाद कन्या पूजन एवं कन्या भोज कराकर उनसे आशीर्वाद पाने का सिलसिला भी चलता रहा। इसी तरह मां कात्यायनी देवी धाम तरवा मां बाराही देवी धाम में भी भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर गांव तक यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

रामनवमी पर पूजन के साथ विदा हुई मां भगवती

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। सांस्कृतिक नवरात्र को नवमी पर गुरुवार को श्रद्धालुओ ने हवन पूजन करके मां भगवती की विदाई की। साथ ही उनसे सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। देवी मंदिरो एवं घरो में परिजनो के साथ हवन पूजन किया। कन्याओ को भोजन कराकर वस्त्र रखने वाले श्रद्धालुओ ने आशीर्वाद लिया। शहर स्थित मां बेला देवी धाम में आज बेला भीड़ से अधिक भीड़ रही। इसके मालपुर लोगो की आस्था पर कोई असर नही पड़ा। लोगो ने मंदिरो में पहुंचकर मत्था टेका तथा आशीर्वाद मांगा। नवरात्र के अंतिम दिन मां के नवे स्वरूप सिद्धिदात्री का दर्शन पाने के लिए लोग भोर से ही मंदिरो में पहुंचने लगे थे। लोग जहां जहां से मां का दर्शन कर रहे थे। केवल देवी धाम में सामूहिक हवन की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओ ने उसमे आहुति डाली। रामोगंज के मां बराही देवी धाम एवं सागडा चांदतला स्थित मां चांदतला देवी धाम में श्रद्धालुओ ने गुरुवार को माता के सिद्धि पाने स्वरूप का दर्शन पूजन किया। साथ ही हवन करके मां की विदाई की।

बच्चो के विवाद में कुल्हाड़ी से हमला, किशोर की मौत

आक्रोशित परिजनो ने आरोपी के घर की तोड़फोड़

बवाल की आशंका में मौके पर पुलिस तैनात

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। नगर कोतवाली अंतर्गत पूर्वी सलेहपुर मोहल्ले में बच्चो के विवाद की लेकर पड़ोसियो ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसमे एक किशोर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनो ने आरोपी के घर ने तोड़ फोड़ भी किया। सूचना पाकर सीओ सिटी करियप्पा मुथु, नगर कोतवाल एवं पुलिस बल मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। बवाल की आशंका को लेकर मौके पर पुलिस बल तैनात है। बताया गया कि पूर्वी सलेहपुर में तहिल 15 के परिजनो का पड़ोसी से बच्चो को लेकर विवाद हो गया था। तहिल बुधवार को देर शाम नमाज पढ़कर घर जा रहा था। उसी समय पड़ोसियो ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला करके लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल तहिल को इलाज के लिए स्थानीय मेडिकल कालेज ले गए। उसके सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां पर इलाज के दौरान तहिल की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनो ने आरोपी के घर तोड़ फोड़ करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पाकर सीओ सिटी करियप्पा मुथु, नगर कोतवाल एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। मृतक भाई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को कब्जे में ले लिया। उधर मृतक आरोपी घर से फरार है। पुलिस ने कुछ आरोपी महिलाओ को हिरासत में लिया है तथा पूछताछ कर रही है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। सूचना मिली है कि मृतक के परिजन आरोपी के घर के सामने कब्जा तोड़ रहे है। बवाल की आशंका को लेकर मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना को लेकर परिजनो में कोहराम मचा है।

अपहरण एवं दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। थाना कोतवाली की पुलिस ने अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बताया गया कि एसआई अनिल कुमार राय ने भरा हमराह बेल की देखभाल के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सिटी के पास अपहरण, दुष्कर्म एवं फासले एक्ट के आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र अरूण कुमार निवासी थाना पटहारिया खुर्द थाना फतनपुर को गिरफ्तार कर लिया।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। थाना आंतू की पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बताया गया कि एसआई त्रिभुवन चन्द्र यादव ने मगहमाफाड़ बेल की देखभाल के दौरान लोहियानगर बीरेश के पास मुखबिर की सूचना पर अपहरण के आरोपी शिव कुमार वाइव पुत्र रामदेव वाइव निवासी गुलहर मिश्र

बसपा ने समीक्षा बैठक में निकाय चुनाव की बनाई रणनीति

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सर्मीक्षा बैठक जिला कार्यालय जोगापुर में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार पटेल एडवोकेट पूर्व प्रत्याशी बाबागंज एवं जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अवधेश पटेल मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मिर्जापुर मण्डल, अमरेन्द्र बहादुर भारती मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मिर्जापुर मंडल, राजू पटेल मुख्यालय इंचार्ज प्रयागराज मिर्जापुर मण्डल एवं जनपद प्रभारी मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मण्डल रहे। अतिथियो का माला एवं बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में आगामी नगर निकाय को देखते हुए बैठक की गयी अतिथियो ने कार्यकर्ताओं में जोश खरोश भरते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटे जिताकर है। जिससे होने वाले लोकसभा चुनाव में भी ज्यादा से ज्यादा सीटे निकले जिसमे बहन कु. मायावती को प्रधानमंत्री बनाया जा सके। जब तक बहन जी प्रधानमंत्री नहीं बनती भला होने वाला नहीं है। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार पटेल ने आश्वस्त किया कि जनता से ज्यादा से ज्यादा वोट प्रत्याशी से लेंगे। बैठक में सुशील सागर, उपराज्य पटेल, रविन्द्र पटेल, साहिब अली, विजय मिश्रा बाबी आकाश पाण्डेय, अनवर अली, जितेन्द्र चहल, आशुतोष तिवारी, मनोज वाइव, अजय मौर्य, मुन्ना भाई, जितेन्द्र पटेल, लाल बहादुर सिंह, किशोर सिंह वाचिर खान, नसीम भाई, आमाकर पाल, विजय प्रजापति, विजय मनोज, बैजनाथ पटेल, आशुतोष पाण्डेय, एकेश, संतोष मनोज, मोंग प्रकाश, धीरज पटेल, अमित पटेल, रामचन्द्र पटेल, रामअवध अर्थी, राजू देवरान, नीरज पटेल, श्याम नारायण, राजेश पटेल, राम कैलाश, बसंतलाल, रामसेवक, शैलेन्द्र पासी, छोटेलाल बौद्ध, पाचिल पटेल, मोतीलाल मनोज, राम अवध बौद्ध, रामधरन गौड़, शोभनाथ, लल्ली देवी वाइव, मनोज पटेल, कमलेश पटेल, अमलेश पटेल, अशोक, अरूण पाण्डेय, पंकज भारती, नीरज पासी, शरद प्रसाद, प्रदीप पटेल, रामअवध, रामनेत पटेल, शिवकुमार बौद्ध, महेन्द्र पटेल, एकेश राय, मुकेश कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

परास का युवक मार्ग हादसे में हुआ जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव का एक युवक फोहपुर के सावरोल में मार्ग हादसे में जख्मी हो गया है घिसकर इलाज अस्पताल मे चल रहा है। बताया जाता है की ग्राम गांव निवासी जितेन कुमार पुत्र शीतल वाइव से फोहपुर जनपद के सावरोल गया था तभी वाइव सवार मार्ग हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

बेनीराम कटरा में भूमि विवाद को लेकर तनातनी

किसी भी वक्त आ सकती है खून खराबे की नौबत

एक पक्ष का आरोप, शिकायत पर ध्यान नही दे रहे अफसर

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। ग्राम अंकित खेड़ के बेनीराम कटरा में भूमि विवाद को लेकर तनातनी की स्थिति बनी हुई है। आलम यह है कि किसी भी वक्त खून-खराबा हो सकता है। एक पक्ष का आरोप है कि शिकायत पर भी पुलिस-प्रशासन किसी तरह की कोई कार्रवाई नही कर रहा है। जबकि बिगड़ी बिना किसी आधार के निर्माण कार्य करा रही है। सरपंचकलां के कुंदपुरी मोहल्ले की शिवपती देवी पत्नी भगीरथ प्रसाद ने बताया कि बेनीराम कटरा में उनकी तीन बीघा 15 बिस्वा पर्याप्त है। पीढ़ियो की माने तो पहले यह खलिहान में इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। कामयाब नहीं हुआ तो उसने एसडीएम और डीएम की कोर्ट मे मुकदमा दायर किया। अधिकारियों की अदालत मे आठ मई 2018 को ले जिलाधिकारी की अदालत मे 16 नवंबर 2022 हार गया। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी ने फर्जी कागजातों बनवाते हुए दूसरे व्यक्ति को जमीन का उत्तराधिकार दे दिया। अब वह व्यक्ति कब्जा कर रहा है। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन में समय रहते प्रकरण को संजीदा से नही लिया तो अनूठा व्यवस्था बिगड़ना कोई नही रोक नही होगी। जिलाधिकारी का कहना है कि प्रकरण संज्ञान मे नही है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

महिला पुलिस से की मारपीट, इंस्पेक्टर को कांटा दांत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों से बुधवार की सुबह को एक महिला भिड़ गई। जानकारी होने पर महिला इंस्पेक्टर आरोपी को लेकर चौकी ले उससे मारपीट करने लगी। महिला इंस्पेक्टर को दांत काट लिया। मामले में महिला इंस्पेक्टर ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

मझनपुर कोतवाली के रेवा गांव की कविता पत्नि पवी मनीष कुमार पटेल बुधवार को शिवपाल लेकर कलेक्ट्रेट गई थी। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों से कविता भिड़ गई और नोकझोंक करने लगी। जानकारी होने पर महिला थाने की इंस्पेक्टर बाबती सिंह महिला सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंची। समझाने का प्रयास किया तो वह उनसे भी भिड़ गई। काम ही खराबी करने लगी। इंस्पेक्टर ने रोकने का प्रयास किया तो उनको दांत काट लिया। किसी तरह कविता पटेल को हिरासत में ले लिया गया। देर शाम कोतवाली पुलिस ने महिला इंस्पेक्टर बाबती सिंह की तहरीर पर अरोपित महिला कविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामले में कविता पटेल का चालान किया गया है।

कल आएंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एक अप्रैल को जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। फोहपुर में कौशाम्बी सीमा में आते ही वह विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी होगी। अफसर तैयारी में जुट गए हैं।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शनिवार को दिल्ली के भ्रमण पर आएंगे। उनका कार्यक्रम शासन से जारी हो चुका है। वह कौशाम्बी सीमा में करीब 11 बजे प्रवेश करेंगे। सरहद के गांवों में वह जिले में संचालित योजनाओं व विकास कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे। भौगोलिक स्थिति की जांच करने के बाद वह मोहोपुर सरहद में स्थित चौराहापी रेस्ट हाउस में रुकेंगे। इसके बाद वह करीब साढ़े 12 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। फतेहपुर सराय में सरकारी हेल्थ कार्यालय की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वह दोपहर रेस्ट हाउस जाएंगे। दो बजे के बाद मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

अशरा ए रहमत में कुरआन की तिलावत और नमाज की करे पाबंद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा, कौशाम्बी। रमजान पाक का पहला अशरा रहमत का है और इस अशरा में कुरआन की तिलावत और नमाज की पाबन्द करने से अल्लाह रहमत का दरवाजा ऐसे खोलता है जिसे वह उंगली तक जिससे सुकून हासिल हो इन्सान अपने आपको इस अशरा में कतई कोताही ना करें। रमजान ने तीन अशरा होते है जहा भी दस दस दिन का पहला अशरा रहमत का दूसरा मगफिरत का और तीसरा अशरा जहन्नम की आजादी दिलाने का जिसमे आखरी अशरा कहलाता है। रमजान पाक महीना इन्सान के लिए एक नायाब तोहफा है जिसमे ग्यारह माह के किये गए भूल चूक को माफ का जरिया और ऐसा अवसर इस माह में अपने गुनाह नहीं माफकरा सका तो वह बेहद नाकुश और मनहूस है।

अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए महिला समेत दो को घायलित करने के आरोप में अज्ञात वाहक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरी जोहरिया निवासी अनिल कुमार मिश्र पुत्र बालकृष्ण ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते उसेस फलवरी को दोपहर उसका पिता बाल कृष्ण आपने मुख्यालय के समय वाहक से कहीं जा रहा था। इस बीच लालगंज के अरई मोड पर अज्ञात वाहक चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए पिता की वाहन से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालकृष्ण व सुरसती को गंभीर चोटे आ गयी। इलाज के बाद पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को रात केस दर्ज किया है।

राम कृपाल सिंह महाविद्यालय
सराय भिखारी किलाई प्रतापगढ़
आवश्यकता है
राम कृपाल सिंह महाविद्यालय सराय भिखारी किलाई प्रतापगढ़ मे स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय, भौतिक विज्ञान 2 पद, रसायन विज्ञान दो, गणित दो, जैव विज्ञान 2, वनस्पति विज्ञान दो, गणित संकाय तीन, एवं स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन विज्ञान दो, गृह विज्ञान दो, हिंदी दो, योग्यता एवं वेतनमान विश्वविद्यालय परिनियमावली / यूजीसी के मानकानुसार होगा। अभ्यर्थी समस्त अंकपत्र एवं प्रमाण पत्रो की सत्यापित छाया प्रति, दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ निम्नांकन प्रकाशन के 21 दिन के अंदर आवेदन करें।
प्रबंधक : राजेश कुमार सिंह
मो नं 9452910084

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ग्रामसभा (सोखनत) वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1541123 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र जालसाज से खो गया है।
गुलाब कुमार पटेल
सुत कंहरन प्रसाद
माला पुलकली
निवासी सराय पो0 कटरा गुलाब सिंह थाना लेजवाह तहा सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

कौशलेंद्र कॉलेज आफ लॉ
मानगढ़ कुंडा प्रतापगढ़
आवश्यकता है
कौशलेंद्र कॉलेज आफ लॉ कठवारा में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की आवश्यकता है जिनका विवरण निम्न दा है।
प्रधानाचार्य-01 पद
प्रवक्ता-06 पद योग्यता एवं वेतनमान
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग / बार काउंसिल ऑफ इंडिया / राज्य सरकार / प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज में निर्धारित मानकानुसार
नोट-इच्छुक योग्यता धारी अभ्यार्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करते हुए आवेदन पत्र 15 दिन के अंदर महाविद्यालय के कार्यालय में प्रस्तुत करें।
प्रबंधक : रोहित सिंह
Mob-9919777759
(E-mail krwmangarh@gmail.com

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा दूसरे नम्बर का पुत्र सिराजुल अहमद मेरे तथा मेरी पत्नी और मेरे परिवार वालों के कहने सुनने से नहीं रहता, उसका आचरण, व्यवहार ठीक नहीं है, वह अवारा किस्म का व्यक्ति है। वह कभी लापता और कभी घर आता जाता रहता है। उसका चाल चलन अच्छा नहीं है, उसके क्रिया कलाप से मैं और मेरा परिवार उससे संतुष्ट नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में मैंने अपने पुत्र सिराजुल अहमद को अपनी समस्त चल, अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उससे अब मेरा या मेरे परिवार वालो का कोई वास्ता सरोकार नहीं है, उसके किसी भी लेन, अलेन कार्य, लेन देन, के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
जाहिद अली
सुत निसाबत अलाक, निवासी नेवादी थाना जेठवारा पो0 व0 सदर जिला प्रतापगढ़।

गजब कर दीन्ही राधा की पायलिया ....

मगरामसुन्दरपुर। स्थानीय बाजार के श्री धामस्थ माता के मन्दिर में नवरात्र के पावन पर्व पर महाकाली पूजन समारोह भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ जिसमें कलाकारों ने अपनी एक से बढ़कर एक गीत और झांकी की प्रस्तुतियो पर मंत्रमुग्ध दिखे और देर रात तक दर्शको को अपनी भक्ति रूपी गीतों से भाव विभोर करते रहे कलाकारों द्वारा माता काली जी, शिव तान्डव, राधा कृष्ण, सुदामा कृष्ण, की निकली गई जो दर्शको को अपनी ओर आकर्षित किया सिंगर राम भूषण लागी ने गायक कर दीन्ही राधे की पायलिया गीत प्रस्तुत किया तो दर्शक थिरकने लगे, वही गायक शम्भूप्रभव बेदनाकात ने मां शादे मां शादे के गीत से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस कार्यक्रम का संचालन गायक रामभूषण त्यागी ने किया इस अवसर पर विनोद पाण्डेय बाजार मालिक, भोलू तिवारी, सरदार इन्दलीप सिंह, कुलदीप शुक्ल, श्याम जी लालसलाह प्रधान प्रतिनिधि राजा सुरेन्द्र, कपिल तिवारी, रामनरन वर्मा, पवन तिवारी, राकेश तिवारी, इमामेका कुमन उर्फ मोकल जी, अंश शुक्ल, राजपाल पुष्पा, भारत आदि क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी लालगंज महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20 व 80 सी0
एन0ए0ओ0आर0 नं0 256/23
वाद चौधरी पूजन सिंह बनाम हरलाल आम
बनाम
1. हरलाल आम 136आ विजेश नगर प0ना0 सदर जिला प्रतापगढ़
पंजीयन पेशी 07.04.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एतद्वारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस अवेदित किया जाता है कि दिनांक 16.05.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मान्य अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अन्यमति किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सीम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी लालगंज महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20 व 80 सी0
नाम प्रतीकेन अमरा देवी पत्नी रामदुलार नि0 मरला हरिनारायण प0ना0 सदर जिला प्रतापगढ़
बनाम
1. राम औतार पुत्रेन 2. राम खेलावन सपेन सुत राम प्रसाद 3. छेदीलाल सुत मथुरा 4. राम औतार सुत रामकिशुन 5. नन्दलाल सुत छेदी 6. चिन्तामणि सुत कालू नि0 ग्राम सराय हरिनारायण प0ना0 सदर प्रतापगढ़ 7. राजेन्द्र कुमार सिंह सुत राजमोहन सिंह नि0 सराय भेदीराय प0ना0 सदर प्रतापगढ़
वाद सं0 20/2000 संहिता 2006
पंजीयन पेशी 06.04.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एतद्वारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस अवेदित किया जाता है कि दिनांक 16.05.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मान्य अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अन्यमति किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सीम

अनुबंधित बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टेढ़ाग छानसम के टेढ़ाग मोड़ पर रोडवेज अनुबंधित बस एवं बाइक सवार में हुई जोरदार टक्कर जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत दुर्घटना की की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रतापगढ़ सिटी चौकी इंचार्ज सूर्य प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ मृतक को एंबुलेंस से मोर्चरी भिजवाया। मौके पर लोगों का जमावड़ा हो गया। बाइक सवार मृतक की पहचान उसके पास मिले लाइसेंस कार्ड के अनुसार अखिल कुमार सोनी पुत्र माताकेर सोनी निवासी देवरा मवलगढ़ प्रतापगढ़ शहर से घर जा रहा था। रोडवेसी की तरफ से अ सही रोडवेज अनुबंधित बस से टक्कर हो जाने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई।

लोक कल्याण हेतु शोभा यात्रा निकाली गयी

सगरा सुन्दरपुर- प्रतापगढ़। क्षेत्र के हनुमान निकेतन रघुवंशपुर धाम पर राम जन्मोत्सव नवमी के पावन पर्व पर लोक कल्याण के उद्देश्य से मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष हितेश मिश्र के देखरेख मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत बाबा मे भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात लक्ष्मणपुर जोधा बाबा की गुरुआना हनुमान निकेतन से शुरू होकर सगरापुर बाजार, बाबूगंज बाजार, भपरी कला बाजारांव, तिना, सगरासुन्दरपुर, रामपुर पोहपौनी होते हुए, खास हनुमान निकेतन धाम पहुंची। यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु छोटे की भक्ति गीत व सुर पर नाचते गाते जय श्री राम के नारे से पूरे क्षेत्र मे आस्था संचारमान कर दिया। शोभायात्रा का नेतृत्व रवि पाण्डेय गुड्डू ने किया इस दौरान सनातनसेवी संगठन शुक्ल , बाहुरुण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल निता अध्यक्ष अनिता पांडेय , शिव पवन दुबे , मंहत मिश्र हरिशंकर, अंकशि पांडेय योगेश ओझा नारायण पाण्डे, श्री काले पाण्डेय, राजेन्द्र शुक्ल, अजेय पाण्डे, प्रवीण पांडेय, अमन मिश्र,आदर्श पांडेय, अभिशेक पांडेय माहक तिवारी समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

स्कूल की टॉपर अल्फिया को किया गया सम्मानित

मदरसा दारुल उलूम गुलषने मदीना में हुआ रिजल्ट वितरण का आयोजन

प्रतापगढ़। पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में कक्षा 1 से 8 तक का रिजल्ट वितरित का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मे टॉप करने वाली छात्र अल्फिया बानो को प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद इलाही द्वारा पुरस्कार एवम प्रशंसा पत्र दिया गया। इसके अलावा परीक्षा कक्षा में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद इलाही ने छात्र-छात्राओ के बेहतर जिंदगी की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा लेने करने का सबसे पहला उद्देश्य अच्छे नागरिक बनना और उसके बाद व्यक्तिगत जिन्दगी में सफल व्यक्ति बनना होता है। हम बिना अच्छी शिक्षा के अच्छे हैं क्योंकि शिक्षा हमें सही सोचने वाला और सही निर्णय लेने वाला बनाती है। इस प्रतियोगी दुनिया में, शिक्षा अत्यधिक की भीषण, कपड़े और आवास के बाद प्रमुख अनिवार्यता बन गयी है। बेहतर शिक्षित लोग बहुत आसान और सुविधित तरीके से परिवार और राष्ट्र की सुरक्षा कर सकते हैं। इस मौके पर अध्यापकगण कलीम अहमद, जिशान अहमद, मौ0 फिरोज, हुसनुद्दा अफरोज, सकलाल बानो, जीनत जहुरा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्पन्न प्रकाशन दर 300 रु0 एक नाग तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/- प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

श्रीराम के चरित्र का अनुसरण ही मानव समाज के उत्थान का आधार है-आचार्य सदानन्द जी

कादीपुर/सुलतानपुर। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म एवं कर्मयोगी ब्रह्मलीन पं रामकिशोर त्रिपाठी के अवतरण दिवस के रूप में मनाये जा रहे रामनवमी महोत्सव के अवसर मुख्य अतिथि आचार्य सदानन्द महराज एवं महाविद्यालय प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी व प्राचार्य प्रो आर एन सिंह द्वारा परिसर स्थित महाकवि तुलसीदास जी एवं ब्रह्मलीन कर्मयोगी पं रामकिशोर त्रिपाठी व विद्या की देवी मा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम को अध्यात्मिक धाम विन्द्रावन, मथुरा से आये हुए आचार्य सदानन्द जी महराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में भगवान श्री राम के जीवन चरित्र को आदर्श जीवन के उद्देश्य के रूप संरक्षित किया है। मानस के ज्ञान से ही जनमानस अपने सम्पूर्ण ऐश्वर्य वैभव व सुखों की प्राप्ति कर सकता है। राम

चरित मानस में श्रीराम के जीवन में समर्पण, सानिध्य, सदाचार, तप त्याग निष्ठा सहयोग और समभाव की संयुक्ति परिलक्षित होती है जिसका अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को सुखमय जीवन यापन की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान आर्य समाज गुरूकुलम से पधारे डॉ शिवदत्त पाण्डेय ÷मुनि शुचिपद् वानप्रस्थ÷ ने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र को यदि आईना बना लीजिए तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र व प्रत्येक समस्या का समाधान दीख पड़ता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हुए विशिष्ट अतिथि डॉ अनुज प्रताप सिंह ने भगवान श्री राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री राम सनातन संस्कृति के रक्षक, संरक्षक एवं संपोषक थे जिन्होंने कभी भी संस्कृति संरक्षण एवं मर्यादा से विरत कोई व्यवहार नहीं किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि:-आज यह कितना सुखद व आलौकिक सौभाग्य है कि एक तरफ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म दिन तो दूसरी तरफ महाविद्यालय के संस्थापकाध्यक्ष जी के अवतरण दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने को सुअवसर मिला है।

आज के समय में महर्षि तुलसीदास द्वारा रचित श्री राम चरित मानस की चौपाइयों की पढ़ने से कहीं अधिक आवश्यकता उन चौपाइयों में लिखें गये तथ्यों, सिद्धांतों व चरित्र एवं व्यवहार के अनुरूप व्यवहृत होने व अनुपालन करने की है। कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट के द्वारा कर्मयोगी पण्डित जी के नाम पर स्मृति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य प्रो आर एन सिंह ने आये हुए सभी आगतुकों व सम्मानित जनों के प्रति हार्दिक आभार ज्ञापित किया।

बहू आएगी तो ये खुद ब खुद सुधर जाएगा

सुलतानपुर। हम तो हार गए इसको सुधारते सुधारते चलो ब्याह देते बेटे को इसको नकेल तो बहू ही आकर कसेगी , कितनी सरलता से ये शब्द कोई मां बाप कह देते अपने बिगड़े बेटे के लिएपर वो ये नहीं जानते कि वो जिस भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते बेटे के सुधरने के लिए , वो किसी ओर की औलाद को एक उम्मीद के साथ उसे नरक मे धकेल देते ।। जिस औलाद बेटे को सुधारने मे जिंदगी की बाजी हार गये मा बाप, वो कैसे किसी ओर की औलाद की जिंदगी बर्बाद कर सकते । पर एसी सोच संग बहुत से मां बाप बेटे की शादी करवा देते और बेटा यदि बहू को प्रताड़ित करे चाहे मानसिक या शारीरिक तो कहते बहू कि ही कोई गलती होगी और जीते-जी मार देते किसी ओर की औलाद को अपने बिगड़े बेटे की शादी करवाकर । बहू तो हर संभव प्रयास करती , ओर करती ही जाती पर उसे क्या पता कि उसे दर्द की आग में जबरदस्ती , जान बूझकर धकेला सास-ससुर ने , लोगों ने बस फिर इतना ही कहा तेरी किस्मत ही खराब थी।

होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से

गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर में चैत्र रामनवमी के अवसर पर यज्ञ हवन के बाद कन्या पूजन वा भंडारे का हुआ आयोजन...

बलरामपुर। आज चैत्र राम नवमी के अवसर पर नवरात्र के अंतिम दिन गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर पर प्रातःसे ही यज्ञ हवन का क्रम प्रारंभ हो गया। शक्तिपीठ के ट्रस्टी, वरिष्ठ सदस्य व मंदिर के व्यवस्थापक आदरणीय श्री सतीश चंद्र मिश्रा बाबू जी ने वहा पर उपस्थित साधकों वा श्रद्धालुओं को यज्ञ के ज्ञान विज्ञान के महत्व को बताया । बहनों के टोली ने विधिवत मंगलाचारण सहित यज्ञ के क्रम को संपन्न किया। संपूर्ण मानव मात्र के कल्याण के लिए यज्ञ में विशेष आहुतियां समर्पित की गई। नव दिन व्रत रखने वाले व अनुष्ठान साधकों ने

पूर्णाहुति की। "होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से, " गीत के माध्यम से यज्ञ के अध्यात्म व वैज्ञानिक पहलू को लोगों को समझाया गया।

श्रीमती रानी मिश्रा, पूनम श्रीवास्तव, कल्पना शुक्ला वा राकेश साहू की टोली ने यज्ञ की विभिन्न पालिया संपन्न कराया।तत्पश्चात महिलाओं वा साधकों ने कन्या पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल प्रभारी व महिला ट्रस्टी आदरणीय श्रीमती रामदुलारी गुप्ता जी ने कन्या पूजन महत्व को लोगों को बताया। कन्या पूजन का वास्तविक मतलब अपने घरों में बहु बेटियों का आदर व सम्मान करना है, जिसका आज लोप होता जा रहा है । फिर भंडारे का क्रम प्रारंभ हुआ, सभी ने भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में दुर्गा सप्तशती पाठ का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर के कुशल निर्देशन में चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के रामनवमी (22 मार्च से 30 मार्च, 2023 तक) के अवसर पर आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय कार्यक्रम के तहत दुर्गा माता मन्दिर, मरीमाई धाम, लम्भुआ, जनपद सुलतानपुर में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साईं बाबा की पालकी शोभा यात्रा निकाली

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा बाजार चौराहे पर साईं बाबा की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली गई। भक्तो ने जगह-जगह पालकी की आरती उतारी। पालकी यात्रा में आदि न अंत तुम्हारा,श्रद्धा नमन हमारा....जैसे भक्ति गीत गूँजते रहे। डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया।बाबा के भक्त गुलाबी पगड़ी बांधे जयकारे लगाते चल रहे थे।पालकी में फूलों से सजी साईं बाबा की प्रतिमा विराजमान थी। पालकी यात्रा के पीछे महिलाएं कलश लेकर भक्ति में डूबी रही। पुलिस प्रशासन के साथ प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी के साथ लगे रहे। तहसील क्षेत्र के पारा चौराहा के सुरेश मौर्य साईं बाबा भक्तों के द्वारा साईं बाबा की भव्य पालकी व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से रथ यात्रा के साथ साईं बाबा को

पालकी पारा चौराहे होते हुए बल्दीराय रोड, हनुमान मंदिर, अलियाबाद गांव स्थित पांचपीरन दरगाह पर चद्दर चढ़ाया और हनुमान मंदिर पर पूजा आराधना के साथ प्रसाद वितरण कर क्षेत्र का भ्रमण किया। साईं बाबा की पालकी हिंदू और मुसलमानो दोनों धर्मो का समागम देखने को मिला। इस मौके पर तहसीलदार घनश्याम भारतीय, पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश, थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह, हलियापुर थानाध्यक्ष आर.बी सुमन, पारा चौकी इंचार्ज चन्द्र शेखर सोनकर, देहली चौकी इंचार्ज हरिचंद्र, प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी,उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति तहसील सचिव बाबा गोविन्द मौर्य,डॉ समीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

सुल्तानपुर। गुरुवार की तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना कूरेभार थानाक्षेत्र के मियागंज के निकट माइनर के पास की है। उमरभार जियापुर निवासी तिलकराम यादव (45) जरूरी काम के लिए साइकिल से पटना बाजार गए थे। वहां से घर वापस लौटते समय जब वे मियागंज के निकट माइनर के पास पहुंचे थे कि तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल लेकर कुछ दूर जा गिरा। वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने निजी वाहन

से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने गम्भीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई राजकुमार यादव ने पुलिस में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

भाई-बहन में हुआ झगड़ा, नाराज बहन ने लगाई फांसी

सुल्तानपुर। भाई की पिटाई से नाराज होकर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवती का शव घर के सामने नीम के पेड़ पर रस्सी से सहारे लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम में भेजा है। घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी पिंकी (18) पुत्री उमाशंकर (दोनो काल्पनिक नाम) आज घर पर अकेली थी। मां व परिवार के अन्य लोग सरसों काटने खेत गए हुए थे। कुछ समय बाद जब परिवार वाले घर लौटे तो सामने का दृश्य देख सभी हतप्रभ रह गए। पुत्री पिंकी का शव घर के सामने नीम के पेड़ से लटक रहा था। लोगों ने पुलिस को सूचना दिया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को पेड़ से नीचे उतारा। तब तक यहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

बताया जा रहा है पिंकी छह भाई-बहनों में सबसे छोटी है, भाई दयाल (काल्पनिक नाम) का अप्रैल माह में विवाह है। मृतका की मां ने बताया कि कल गांव का एक युवक घुस आया था, जो बाद में भाग गया। इसके बाद बेटे ने पिंकी को मार दिया था। हालांकि अब घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पर्यावरण संरक्षक और राष्ट्रनिर्माण के भागीदार है कुम्हार

सुलतानपुर। उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत पात्र एवं चयनित लाभार्थियों को विधायक प्रतिनिधि सुलतानपुर पुलकित सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल तथा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के सदस्य मगरू प्रसाद प्रजापति के कर कमलों द्वारा 40 अदद इलेक्ट्रिक चाक मशीन एवं एक समूह को आधुनिक दीया मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण किया गया। विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कुम्हारी कला के उद्यमियों को पर्यावरण का संरक्षक बताते हुए उन्हे राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदार बताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह ने केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व तथा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की योजनाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के

वंचित तबकों के लिए वरदान की संज्ञा दी। समारोह का संचालन कर रहे आशुतोष मिश्र ने माटीकला उत्पादों को ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से वैश्विक मंचो तक ले जाने की सरकार की मंशा की जानकारी प्रदान की, निःशुल्क मशीनों के वितरण से उद्यमियों/लाभार्थियों में खुशी की लहर दिखाई पड़ी, उद्यमियों/लाभार्थियों द्वारा सरकार को धन्यवाद दिया गया कि बढ़ती बेरोजगारी में उन्हे जीविका का सहारा मिला है, जिससे वे सम्मान सहित वे अपने परिवार भरण पोषण कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव, अनिल कुमार पाण्डेय, क0सहायक, रूद्रदेव मिश्र क0पर्य0 (खादी) जगराम, राम प्रकाश पाल एवं जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षक और राष्ट्रनिर्माण के भागीदार है कुम्हार

निःशुल्क चाक एवं दीया मेकिंग मशीन का जनप्रतिधियों द्वारा वितरण

सुल्तानपुर। उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत पात्र एवं चयनित उद्यमियो/लाभार्थियों को विधायक प्रतिनिधि सुलतानपुर पुलकित सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री प्रवीन कुमार अग्रवाल तथा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के सदस्य मगरू प्रसाद प्रजापति के कर कमलों द्वारा 40 अदद इलेक्ट्रिक चाक मशीन एवं एक समूह को आधुनिक दीया मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण किया गया। विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कुम्हारी कला के उद्यमियों को पर्यावरण का संरक्षक बताते हुए उन्हे राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदार बताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह ने केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व तथा उ0प्र0

माटीकला बोर्ड की योजनाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के वंचित तबकों के लिए वरदान की संज्ञा दी। समारोह का संचालन कर रहे आशुतोष मिश्र ने माटीकला उत्पादों को ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से वैश्विक मंचो तक ले जाने की सरकार की मंशा की जानकारी प्रदान की, निःशुल्क मशीनों के वितरण से उद्यमियों/लाभार्थियों में खुशी की लहर दिखाई पड़ी, उद्यमियों/लाभार्थियों द्वारा सरकार को धन्यवाद दिया गया कि बढ़ती बेरोजगारी में उन्हे जीविका का सहारा मिला है, जिससे वे सम्मान सहित वे अपने परिवार भरण पोषण कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव, अनिल कुमार पाण्डेय, क0सहायक, रूद्रदेव मिश्र क0पर्य0 (खादी) जगराम, राम प्रकाश पाल एवं जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम-डॉ एमपी तिवारी

प्राइमरी में टैगोर एवं जूनियर में आजाद हाउस रहा अव्वल

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''श्री राम नवमी'' मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं ने श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्जवलित किया, बताया कि राम नवमी एक प्रसिद्ध हिन्दु त्योहार है। यह शुक्ल पक्ष या हिन्दु चंद्र वर्ष की चैत्र महीने के नौवें दिन (नवमी) पर मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरूषोत्तम राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन को राम नवमी भी कहा जाता है। राम नवमी का त्योहार भारत के लोगोंके द्वारा ही नहीं बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले हिन्दु समुदाय के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है। यह त्योहार बेहद खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि इस अवसर पर जो भक्त उपवास करते हैं उन पर अपार खुशी और सौभाग्य की बौछार होती है।''श्री राम नवमी'' के शुभ अवसर पर हाउस बोर्ड प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें प्राइमरी एवं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं विभिन्न प्रकार के कलाचित्रों

आलेखों एवं लेखों के द्वारा हाउसबोर्ड को सुसज्जित किया। प्राइमरी वर्ग में टैगोर हाउस प्रथम, आजाद हाउस द्वितीय एवं सुभाष हाउस तृतीय स्थान पर रहा,

जबकि जूनियर वर्ग में आजाद हाउस प्रथम स्थान, टैगोर हाउस द्वितीय स्थान एवं सुभाष हाउस तृतीय स्थान पर विजयी घोषित हुआ। अंत में ''श्री राम नवमी'' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने सभी को श्री राम नवमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भगवान श्री राम के उच्च आदर्शों के बारे में बताया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य /प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, संन्तोष श्रीवास्तव एक्टीविटी इंचार्ज राजेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ''श्री राम नवमी'' के पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया।

मां पाटेश्वरी का दर्शन करने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं को एबीवीपी ने कराया अल्पाहार

बलरामपुर । बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, के गतिविधि सेवार्थ विद्यार्थी टीम ने कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी व गोंडा जनपद से आने वाले हजारों पैदल यात्रा करते माँ पाटेश्वरी, तुलसीपुर को दर्शनार्थ श्रद्धालुओं (भुजहन मेला) के लिए बलरामपुर के सिटी पैलेस(ड्योढी), काली मंदिर पर अल्पाहार की व्यवस्था की गयी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने श्रद्धालुओं को माला पहना कर स्वागत करते हुए कहा कि सभी यात्री देव तुल्य हैं तथा इनका सेवा सत्कार करना साक्षात ईश्वर की आराधना करना है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर सदैव ऐसे कार्य करने हेतु तत्पर है। सेवार्थ विद्यार्थी अवध प्रान्त के सह संयोजक कुशाग्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद आंदोलनों के माध्यम से कार्य करने के साथ-साथ सेवा भाव से भी समाज में कार्य करने से पीछे नहीं हटती। इसी क्रम में आज भक्तों को अल्पाहार कराया गया जिससे उनकी यात्रा सुगम की जा सके। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष डॉ आजाद प्रताप, डॉ अनुज, जिला

संगठन मंत्री अभिनव, जिला सह संयोजक गौरव द्विवेदी, नगर मंत्री हिमांशु सिंह,विकास मिश्र, हैप्पी सिंह, निशांत श्रीवास्तव,अभय त्रिपाठी, संदीप सिंह, रोहन, नितिन, पंकज तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया

जौनपुर । जिला स्वास्थ्य शासी निकाय एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन 29 मार्च 2023 को जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।बैठक में सभी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत विगत 3 महीनों में शून्य प्रसव कराने वाली समस्त आशाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा समस्त ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा चिकित्सा इकाइयों पर सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के सख्त निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग एजेंसी डब्लू एच ओ से फीडबैक लेकर टीकाकरण एवं अन्य कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अब तक की तैयारियों की समीक्षा किया गया, जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, गोवंश टीचर, नगर पालिकाओं के अंतर्गत सम्मानित नागरिकों, सफाई नायक एवं सफाई कर्मियों का शत-प्रतिशत संवेदीकरण कराया जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी सहयोगी विभाग अपनी कार्य योजना के अनुसार अभियान के दौरान अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे, विशेषतः पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग स्वच्छता संबंधी कार्य जैसे नालियों की सफाई, झाड़ी की कटाई तथा दवाओं का छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग का कार्य कराया जाएगा, वे उपरोक्त कार्यों की मानिटरिंग कर अपना फीडबैक अभियान के प्रथम सप्ताह में ही देंगे ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करके अभियान को सफल बनाया जा सके, तथा आगामी सीजन में संक्रामक बीमारियों के प्रसार को पहले ही रोका जा सके। अंतर विभागीय समन्वय एवं पाई गई कमियों को दूर करने के लिए जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिया की सभी ब्लॉकों पर अभियान के दौरान प्रतिदिन सायं कालीन अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया जाए। विगत वर्षों में संक्रामक बीमारियों के आंकड़े के आधार पर निर्देश दिया गया कि सभी विभाग चिन्हित हाई रिस्क ग्रामों एवं मोहल्लों में साफ-सफाई, छिड़काव, जन जागरूकता जैसे कार्य कराएं जिससे बीमारियों के प्रसार को पहले ही रोका जा सके।

सात साल के बेटे के शव को पैदल लेकर पोस्टमार्टम हॉउस पहुंचा पिता

सीएमस बोले नही मांगी हमसे मदद पुलिसकर्मी ने की गडबड़ी

चित्रकूट- चित्रकूट में कई बार सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल और वहां स्व ड्यूटी व्यवस्थाओ का जायजा लिया और अधीकारियों को हिदायत भी दी। लेकिन व्यवस्था का अंदाजा कहाँ मनाने वाले है। सरकार बेहतर व्यवस्था मेहनाने की दुहाई तो बहुत दे जाती है पर अक्सर ऐसी वारदाते सामने आ जाती हैं कि इन दावो पर अपने आप सवालिक निशान लग जाते हैं। चित्रकूट दर्शन की आया एक पिता अपने मृत बच्चे के शव को हाथो से लेकर हांफते हुए पोस्टमार्टम हाउस पहुचा तो एक बार फिर आम आदमी की विवशता कराह उठी और बेहतरी के दावे खोखे साबित हो गए।जानकारी मिले के मुताबिक जिले के निकौली अमृत लाल ने बताया कि वह परिवार व अन्य लोगो के साथ तीर्थयात्रियों की निजी बस से विंध्याचल दर्शन को गया था। वहां से लौटकर सभी चित्रकूट कामतानाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में बांदा पर रैपुरा थानांतर्गत कांपी गांव के पास गाड़ियों को औपचारिक के लिए रुक गई और इसी दौरान तेजी से आ रही एक बाइक से टकरा गई कि इसी दौरान तेजी से निकली एक बोलेरो ने बाइक कितने खड़े हुमन को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि इसके बाद 112 नंबर को फोन किया गया। इस पर 108 नंबर एंबुलेंस वहां पहुंची।

अमृतलाल के अनुसार, एंबुलेंस वालाना स्नीएडसी से शव को जिला अस्पताल तक लाई और वहां शव उतारकर आगे ले जाने से मना कर दिया। इस पर से लोग शव को निजी बस में सवार कर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। निजी बस से पुलिसी कोतवाली के पास खोजे पर शव को उतारकर अमृतलाल लगभग दो कदम की दूरी तक हाथो में लेकर हांफते हुए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा तो लोग हतप्रभ रह गए। जिला अस्पताल और एंबुलेंस मुलिकार्ड के ढाले एक बार फिर खोखे स्थित हो गए।

रोड क्रॉस करते समय हुवा हादसा

थाना प्रभारी दिपु सैलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि कांपी गांव के पास से तीर्थयात्री शौच के लिए उतरे थे। बताया कि बच्चे की वाही ने उसे सड़क के पास तालाब के पास बुलाया तो बच्चा बस के आगे से होकर जाने लगा। इस दौरान मऊ से कर्वी की ओर जा रही एक चालकीय गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने एंबुलेंस से घायल बच्चे को सामनगा पीएचसी भेजा था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सीएमएस बोले

इस संबंध में सीएमएस डा. रमेश शर्मा ने बताया कि मुगलसेरा के अंदर कोई नहीं आया। हमने कैमरे में भी देखकर लिया। उन्होंने कहा कि परिजनों को उनको जानकारी देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में शव वाहन मिलता है। ऐसे में पुलिसकर्मी की गलती है, जिसने जल्दी की वजह से शव वाहन के बारे में नहीं बताया।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये तीन गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेशवाट पुलिस उ0नि0 नीरज कुमार मय हमराह पुलिस द्वारा संतोष कुमार, पंच प्रसाद, राम सागर निवासीगण अलवाना थाना महेशवाट जनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व 980 रू0 नगदी तथा जामातलाशी के दौरान 360 रू0 नगद किया गया।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में शामिल थाने द्वारा कूल दो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 27 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। जिसमें महेशवाट 10 लीटर राम सनेही निषाद निवासी मोहल्ला थाना महेशवाट उ0नि0 विनोद कुमार पाल द्वारा, मंझनपुर 17 लीटर माया दीन नि0 गोरीउदीनपुर थाना मंझनपुर उ0नि0 अरूण कुमार मौर्य द्वारा गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे वाहनों से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर चेकिंग के दौरान दो वाहनों पुलिस द्वारा वाहनों नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। वाहनों नियमों का उल्लंघन करने वाले 133 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रू0 सम्मन शुल्क वसूला गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 24 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सामान्य वारंटों व शंदिग्ध करने के आदेश में (थाना 90 प्रतिशत 03, थाना मंझनपुर से 02, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कोखराज से 12, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 04) कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ की मारपीट

लोकमित्र ब्यूरो

कनौली, कौशाम्बी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के टेला गांव निवासी रोशनी सोनकर किसी तरह से अपना जीवन यापन कर रही है। बताया कि रोशनी सोनकर की मां अत्यंत रूग्ण एवं भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त है। आरोप है कि भूतपोनी 14 फरवरी 10 बजे सुबह अपने घर पर खाना बना रही थी तभी अचानक कुछ लोग लाठी एक दल होकर अवैध असलहो से लैस होकर भुक्तभोगी के घर में घुस गए और भुक्तभोगी को डंडे से मार करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। भुक्तभोगी शिकायती पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई

मन्दिर में कन्याओं को ग्रहण कराया गया प्रसाद

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दामनगर कड़ाधाम के अंतर्गत श्री सिद्ध बाबे हनुमान मंदिर देवीगंज में गुरुवार को रामनवमी के पर्व पर कन्याओं को सामानम हलुए का प्रसाद ग्रहण कराया गया।मन्दिर के प्रबंधक रामसेवकन सोनकर ने मौजूद कन्याओं को रोली कुमकुम का तिलक लगाकर उनके प्रसाद ग्रहण कराया।प्रसाद ग्रहण कराने के पश्चात कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर मौजूद लोगों ने उनसे आशीर्वाद लिया।इस मौके पर संजय मोदनवाल, सुशील सोनी, पुन्ना लाल, अजीतकुमार, श्याम अग्रहरि, उमेश पटेल, नीरज साहू आदि लोग मौजूद रहे।

परास का युवक मार्ग हादसे में हुआ जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सोनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव का एक युवक मोहनपुर के सामीपर में मार्ग हादसे में जख्मी हो गया है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है की परास गांव निवासी निर्भय कुमार पुत्र जीतलाल बाबक से मंझेरपुर जनपद के खजौरा गया था वहां बाबक सवार मार्ग हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

बेनीराम कटरा में भूमि विवाद को लेकर तनातनी

किसी भी वक्त आ सकती है खून खराबे की नौबत

एक पक्ष का आरोप, शिकायत पर ध्यान नही दे रहे अफसर

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। थाना अंकित क्षेत्र के बेनीराम कटरा में भूमि विवाद को लेकर तनातनी की स्थिति बनी हुई है। आशंका यह है कि किसी भी वक्त खून-खराबा हो सकता है। एक पक्ष का आरोप है कि शिकायत पर भी पुलिस-प्रशासन किसी तरह की कोई कार्रवाई नही कर रहा है। जबकि लिखदी किस किसी आकार के निर्माण करा रहा है। मालूम अंकित के बुजुर्गो मोहाले की शिकायती देनी गयी भगोती प्रसाद ने चायल थाना बेनीराम कटरा में उनके तीन बीघा 15 बिस्वा जमीन है। पंडितो को मारने से पहले रह खालेदार ने इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। कामयाब नहीं हुआ तो उसने एसडीएम और डीएम की कोर्ट में मुकदमा दायर किया। उपजिलाधिकारी की अदालत से आठ मई 2018 को तो जिलाधिकारी की अदालत से 16 नवंबर 2022 हार गया। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी ने पराश अफसरानों चक्कर लगाते हुए दूसरे व्यक्ति को जमीन का उत्तराधिकार दे दिया। अब वह व्यक्ति कब्जा कर रहा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगो का कहना है कि प्रशासन के समय रहते प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया तो कानून व्यवस्था बिगड़ने कोई बड़ी बात नहीं होगी। जिलाधिकारी का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

महिला पुलिस से की मारपीट, इंस्पेक्टर को कांटा दांत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों से बुधवार को शाम को एक महिला भिड़ गई। जानकारी होने पर महिला इंस्पेक्टर आरतियों को लेकर पहुंची तो उनसे मारपीट करने लगी। महिला इंस्पेक्टर को दांत काट लिया। मामले में महिला इंस्पेक्टर ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

मंझनपुर कोतवाली के रेवा गांव की कविता पांडेय पत्नी मनोज कुमार पांडेय बुधवार को शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट गई थी। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों से कविता भिड़ गई और नोकझोंक करने लगी। जानकारी होने पर महिला थाने की इंस्पेक्टर बाकी सिंह महिला सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंची। समझाने का प्रयास किया तो वह उनसे भी भिड़ गई। साथ ही मारपीट करने लगी। इंस्पेक्टर ने पकड़ने का प्रयास किया तो उनको दांत काट लिया। किसी तरह कविता पांडेय को हिरासत में ले लिया गया। देर शाम कोतवाली पुलिस ने महिला इंस्पेक्टर बाकी सिंह की तहरीर पर अज्ञात महिला कविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामले में कविता पांडेय का चालान किया गया है।

कल आएंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एक अप्रैल को जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। कोहांपुर से कौशाम्बी सीमा में आते ही वह विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी होगी। अफसर तैयारी में जुट गए हैं।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शनिवार को जिले के भ्रमण पर आएंगे। उनका कार्यक्रम शासन से जारी हो चुका है। वह कौशाम्बी सीमा में करीब 11 बजे प्रवेश करेंगे। सरहद के गांवों में वह जिले में संचालित योजनाओं व विकास कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे। भौगोलिक स्थिति को जान करने के बाद वह मोहल्ला सराय में स्थित सीएचसी गेस्ट हाउस में रुकेंगे। इसके बाद वह करीब साढ़े 12 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। मंझनपुर ब्लाक में संचालित रोग उपचार की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वह रोगण गेस्ट हाउस जाएंगे। दो बजे के बाद मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

अशरा ए रहमत में कुरआन की तिलावत और नमाज की करे पाबंद

लोकमित्र ब्यूरो

कतरी, कौशाम्बी। रमजान पाक का पहला अशरा रहमत का है और इस अशरा में कुरआन की तिलावत और नमाज की पाबन्द करने से अल्लाह रहमत का दरवाजा खोल देता है जिसे वह तड़प दया जिससे मुकम्मल हासिल हो इन्सान अपने आपको इस अशरा में कतई लोगों ना करे रमजान के तीन अशरा होते है वह भी दस दस दिन का पहला अशरा रहमत का दूसरा मगफेरत का और तीसरा अशरा जहन्नम की आजादी दिलाने का जिसमे आखरी अशरा कहलाता है। रमजान पाक महीना इन्सान के लिए एक नायब तोहफा है जिसमे पूरा माह के दिनो एक भूल चूक की माफी का जरिया और जो जन्नत इस माह में अपने गुनाह नहीं माफकरा सका तो वह बेहद नाशुक्रा और मनहूस है।

राम नवमी....गाजे-बाजे के साथ निशान लेकर पहुंचे श्रद्धालु

मंझनपुर के दुर्गा मंदिर में दर्शन को उमड़ी भारी भीड़ 0सुबह से ही मां अंबे का गुंजता रहा जयकारा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राम नवमी पर गुरुवार को प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गाजे-बाजे के साथ आए लोगों ने निशान चढ़ाया। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। मंदिर में हवन पूजन करने के लिए लोगों की लाइन लगी रही।राम नवमी पर मंझनपुर के दुर्गा मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। पूजा के लिए यहां भारी भीड़ होती है। सुबह से ही पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती थी। मंदिर के कपाट खुलते ही लोगों ने माता रानी का दर्शन किया। सुबह से ही मंदिर में घंट-घड़ियाल बजने लगे थे। आरती पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पुलिस कर्मियों को इस दौरान खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा। महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। दोपहर बाद आसपास के गांवों से लोग निशान लेकर आने लगे। गाजे-बाजे के साथ लोग झूमते-नाचते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचे। निशान उठाने को लेकर लोगों में होड़ रही। निशान उठाने से पहले लोगों को तिलक लगाया जाता था। इसके बाद मां का जयकारा लगाते लोग पूरी श्रद्धा के साथ निशान लेकर पहुंचे। खासे-बाजे से लोगों ने अपना मंदिर में रखा और पूजा पाठ की। हवन के लिए लोगों की लाइन लगी। पुरोहितों ने सभी श्रद्धालुओं को हवन पूजा कराई।

मेले में रही भारी भीड़, लोगों ने की खरीदारी

कौशाम्बी। दुर्गा मंदिर मंझनपुर में रामनवमी के दिन भव्य मेला लगता है। मेला देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। खर करने के बाद बाहर ग्रेड में भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। मंझनपुर के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों का मेला आया था। दुर्गा मंदिर मंझनपुर में रामनवमी के दिन भव्य मेला लगता है।

उसकी तैयारी जनवरि फर्ज से ही शुरू हो जाती है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से साफ-सफाई कराई गई थी। मंदिर परिसर को पूरा खाली कराया गया था। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ा का बाबजूद किया गया था। मेले में वाहन सवार लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया।

उनका वाहन बाहर ही खड़ा करा दिया गया। दोपहर बाद बच्चों व महिलाओं संग लोग मेला देखने पहुंचे।

मेला घूमकर लोगों ने अनंद उठाया। इस दौरान खरीदारी भी हुई। इस मेले में गांव देहात से आए लोगों ने मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी जमकर की। बच्चों ने झूले का लुत्फ उठाया।

दहेज के खातिर विवाहिता को घर से निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

कनौली, कौशाम्बी। सरायअकिल थाना क्षेत्र के खोका गांव में ससुरी पुत्रवधू को मध्यरात्रिकाल में घोटकर घर से निकाल दिया। बुधवार को पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।सरायना के कस्सा मौहर निवासी चन्द्रभान राम ने बताया कि ब्याह भर पहले उसने बेटी ज्योति शर्मा की शादी सरायअकिल थाना क्षेत्र के खोपा गांव में किया था। आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से पति बाबलू से दो लाख रुपये नकदी के साथ बाइक की मांग कर प्रताड़ित करने लगी। मांग पूरी नहीं होने पर मारने भर पहले पति ने विवाहिता को घोटकर घर से निकाल दिया। बाबलू पहुंची पीड़िता ने आरुषी पीड़िता को बताई। दोनों पक्षों के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई लेकिन, युवक स्वयं रखने के लिए राजी नहीं हुआ। बुधवार को सुसराल का पिता सरायअकिल थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की।

हनुमान मंदिर में हुआ रामचरित्र मानस का पाठ

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। चैत्र नवरात्रि में देवी के जिलाधिकारियों को तन उपासना जनसत्र प्रमुख धार्मिक स्थानों पर 22 मार्च से 30 मार्च तक चौत नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा सप्तशती पाठ एवम रामचरित मानस पाठ कराने का आदेशित किया है भरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण, और भजन का आयोजन कर रही है। नगर पालिका परिषद भरवारी के सौजन्य से भरवारी के प्रख्यात हनुमान मंदिर नया बाजार में रामचरितमानस पाठ का आयोजन सैकिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू कराया है नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया हनुमान मंदिर नया बाजार का मंदिर को भव्य रूप दिया गया है आज बृहस्पतिवार सुबह अखंड

रामचरितमानस पाठ का आयोजन चिलकूट मंडल द्वारा किया जा रहा है। जिसका समापन शुक्रवार 31मार्च को होगी रामायण पाठ उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विदित हो कि नगर पालिका परिषद भरवारी शक्ति रूप में पूजा हुआ है शक्ति रूप स्त्री का भरवारी में भक्त हो रहे हैं वहीं नगर में ही स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर पुजारी सुरेश नाथ शुक्ला प्रतिदिन आरती पूजन कर प्रसाद वितरण कर रहे हैं नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र पूर्ण रूप से भक्ति रस में डूबा हुआ है। मुंशेद नाथ शुक्ला उर्फ पप्पू नगर पुरोहित के नेतृत्व में चित्रकूट मंडल द्वारा रामचरित रामायण का आयोजन हो रहा है। मंदिर प्रांगण में मुरली मुरली बीनवादन शुक्ला, कार्यकारी मुरलीम, शिवम ऑफ राजू, मिलुल चौधरी, मुन्ना भोला बाले, प्रकाश सहित सैकड़ों राम भक्त रामायण का पाठ कर रहे हैं।

रामनवमी पर राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा गुरुवार को राम नवमी के पावन पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम की शुरुवात भगवान श्रीराम की पूजा अराधना से हुई।अराधना से निकली शोभा यात्रा मुख्यतः कस्बे का भ्रमण कर पुनः हरिनगर आकर समाप्त हुई।शोभा यात्रा में मौजूद लोग जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यशराज मिश्र , जिला कोषाध्यक्ष अनुराग भट्ट ,जिला महामंत्री सत्यम मिश्रा, मुन्नू यादव ,दीपक गौर ,शिवम पांडेय ,गान सिंह गौर , कमल सिंह, रामचंद्र पंडा, शिवांशु पंडा , सतीश पांडा ,रमेश मिश्रा , अनुराग मिश्रा , कमल गौर, रमेश चंद्र जायसवाल, रजत पांडे , डॉ मोनु भारती, ओम पाण्डेय, मनीसिंह गौर, राजेश पंडा, अतुल गौर्या , शुभांशु अग्रहरि, अर्जुन दिवाकर ,अवधेश गौर , विकास पटेल ,अवधेश गौर , शिवम सिंह, संतोष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

नगर पंचायत सराय अकिल के युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष चुने गए गौरी शंकर मोदनवाल

युवा व्यापार मंडल का हुआ गठन, प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रहे मौजूद

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल में युवा व्यापार मंडल की दीप रक्षित हुई। जिसमें प्रदेश के व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि मौजूद। सराय अकील में स्थित सगुन पैलेस होटल में व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के ज्यादा तर व्यापारियों को इक अधिकार की नवरात्रे हुई। दिन बुधवार को रात्रि में सगुन पैलेस हॉल में व्यापारियों की बैठक की गई। मुख्यातिथि के रूप में (व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री कौशांबी) रमेश अग्रहरि एवं प्रवेश केसरवानी (जिलाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल कौशांबी) एवं अरविंद केसरवानी (जिलाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल कौशांबी) पहुंचे और व्यापारियों से मिलकर मुख्यातिथियों का माल्यार्पण कर व पुष्प देकर जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही मुख्यातिथियों ने सर्वसम्मति से सर्वसम्मत के साथ ही गौरी शंकर मोदनवाल को युवा व्यापार मंडल नगर पंचायत सराय अकील अध्यक्ष घोषित किया साथ ही नगर उपाध्यक्ष भरत केसरवानी, बबलू ताम्रकार, सूरज जायसवाल बनाए गए एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान बाबू स्वरूपेकर, विपु केसरवानी बनाए गए एवं महामंत्री अबलू अग्रहरि, संदीप केसरवानी बनाए गए व कोषाध्यक्ष विकास मोदनवाल, अजय जायसवाल बनाए गए, एवं मंत्री पद से बबलू केसरवानी फरीदाबाद विपु अग्रहरि, गौरी शंकर अग्रहरि, मोनू केसरवानी बनाए गए व संगठन मंत्री बबलू अग्रहरी व साथ ही विभिन्न प्रभारी अजय केसरवानी बनाए गए साथ ही लोगों सभी व्यापारियों अग्रहरियों ने माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रवक्ता नगर अध्यक्ष रवि शंकर मोदनवाल ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया की वह व्यापारी के हर सुख दुख में साथ खड़े रहे हैं, वो अपने अनुभव व अन्य विभिन्नता व सम्पर्क लोगों के मिलकर व्यापारी के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इस मौके पर मोदनवाल जी केसरवानी, हिम बाबू केसरवानी, अखिलेश रस्तोगी, अमित केसरवानी, पूर्व पोस्टमैन रविन्द्र जायसवाल, विपु गुप्ता मोदनवाल, रिंटू केसरवानी, विक्रम केसरवानी, बुधा मोनी जिला व्यापारक अखिलेश रस्तोगी कृष्ण नारायण रस्तोगी प्रकाश चंद्र अग्रहरी, एवं समस्त व्यापारी गण मौजूद रहे।

छात्रों को वितरित किया गया रिपोर्ट कार्ड

मेधावी छात्रों के अभिभावक रहे गदगद

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। बृजबिहारी सहाय विद्या मंदिर कलिंजपुर में गुरुवार को छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। इस मौके पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया तो उनके अभिभावक गदगद हो गए। बृजबिहारी सहायक विद्या मंदिर कलिंजपुर में गुरुवार को रिपोर्ट कार्ड वितरित करते हुए प्रधानाचार्य सन्तोष बीरासरन कनौजिया ने दीप वादक को प्रथम स्थान मिलने पर मेहनत देते हुए कठोर मेहनत व लगन से सफलता हासिल किया जा सकता है। कालेज के शिक्षकों को मेहनत रंग लाई है। म्यूनासन ही खाओ को अवार्ड बनाता है। कालेज की पहचान अनुशासन से होती है। इस मौके पर उर्दाने रामनवमी व रमजान की बधाई दी। इसके बाद बारी-बारी से कक्षाओं के छात्रों को रिपोर्ट कार्ड दिया गया। मेधावी छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके अभिभावकों को इसके लिए बधाई दी गई। इस मौके पर पंकज श्रीवास्तव, नीरमणि शास के अलावा अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

बैसवारे के योग्य सपूत प्रयागराज के अपर जिला जज दिनेश चंद्र शुक्ला के न्याय की जनता कर रही है सराहना

कुख्यात माफिया अतीक अहमद को अपर जिला जज दिनेश चंद्र शुक्ला ने आजीवन कारावास की सजा सुना कर अपराधियों को दिया है सख्त संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। कुख्यात माफिया अतीक अहमद को आजीवन कारावास की सजा सुनाने वाले प्रयागराज दीवानी न्यायालय के अपर जिला जज दिनेश चंद्र शुक्ला रायबरेली के लालगंज बैसवारे के लाल हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा प्राथमिक स्तर पर ही हुई है। उनका परिवार लालगंज विकासखंड के दोमतपुर गांव में रहता है। उनके चचेरे भाई सुरेन्द्रनाथ शुक्ला छोटी-बाटी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि संपूर्ण शुक्ला परिवार को पहचान अभी भी संयुक्त परिवार के रूप में होती है। परिवार में अपर जज है तो मात भी है। परिवार के ही एक व्यक्ति दीक्षा लेकर पहले स्वामी के रूप में अखण्ड भारत में भगवान कीर्तन कर रहे हैं। परिवार के ही कृपा शंकर शुक्ला महापुरु दीनाकी न्यायालय से रिटायर जज के रूप में कार्य करने के बाद अवकाश प्राप्त कर चुके हैं। भाईया उमेश चंद्र शुक्ला हाई कोर्ट लखनऊ में अधिवक्ता हैं। बताते चलें कि अभी हाल में ही प्रयागराज सेशन कोर्ट से अतीक अहमद व उनके गुर्गे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।न्यायाधीश ने न्याय के दृष्टिकोण से अपराध का अंत ही कहा है।माफिया जगत के कुख्यात अपराधी अतीक अहमद व उनके गुर्गों के गुनाह को न्याय के तराजू में तौलते हुए सजा सुनाते समय जज श्री दिनेशचंद्र शुक्ला पुत्र हरिप्रसाद शुक्ला बैसवारा क्षेत्र के जनपदों रायबरेली जिले के लालगंज व तहसील लालगंज के ग्राम दोमतपुर के मूल निवासी हैं।जज साहब के परिवारिक भतीजे लालगंज उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उमेश चंद्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके भाया डॉक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला जज हैं। उनके दूसरे भाई रमेश चंद्र शुक्ला हैं जो बिहार में इंजीनियर है तथा एक बहन पुष्पा हैं।चाचा जी का बचपन गांव में गुजरा तथा प्राथमिक शिक्षा गांव में लेने के बाद मैट्रिक से लेकर उच्च शिक्षा कानपुर में प्राप्त किया। अपर जिला जज डॉक्टर दिनेश

चंद्र शुक्ला के पिता हरिशंकर शुक्ला एलएलटी कानपुर में नौकरी करते थे। अवकाश प्राप्त कर चुके हैं और अब गांव में परिवार के समीपित सदस्य हैं। डॉक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला का पूरा परिवार धार्मिक व सामाजिक कार्यों से जुड़ा है। भतीजे अधिवक्ता उमेश को मानते हैं जब चाचा जी गांव से आवश्यक सामान रखाते हैं। सामाजिक मानसिक व सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होते हैं। कर्तव्य के प्रति सख्त , ईमानदार,स्वभाव वाले व्यक्ति हैं परन्तु हृदय से सरल व सभी को सामीप देते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ने की शिक्षा भी देते हैं।मेरी सम्पूर्ण शिक्षा उनके दिशा निर्देश में पूर्ण हुई है। चाचा जी ने शिक्षा प्रदान करने के बाद पहली नौकरी लखनऊ सचिवालय में लेखाधिकारी के पद पर किया पश्चात योग्यता के अनुसार नहीं थी, इसके बाद परीक्षा पास कर इलाहाबाद हाईकोर्टलाल में रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति हो गई लेकिन उन्हों की तैयारी करके पीसीएसएस जे परीक्षा पास किया। इसके उपरांत एचएजेएस की परीक्षा पास कर अपर जिला जज के पद पर आसीन हुए जो जारी है। बतौर जज कई अहम फैसले दिए। सरकारी कार्यवाहन कर्तव्य पालन , ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ करते हैं। इस सामाजिक फैसले को सुनाने वाले जज श्री शुक्ला की सोशल मीडिया गांव व पूरे परिवेश में चर्चा तेज सुनने व देखने को मिल रही है।न्यायालय के आलेख जैसे मशूकर्ली व खुराक अपराधी को सजा सुनाने के बाद सरकार ने जज साहब की सुरक्षा के दृष्टिगत वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। बाहुबली अपराधी के विरुद्ध यह फैसला निर्णय है। अपर जिला जज दिनेश चंद्र शुक्ला के जज्बे और कर्तव्य- प्रणयता की सराहना पूर्व सिंचाई एवं न्याय मंत्री नरेश नारायण पांडे ,व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, वैश्यता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र बहादुर सिंह, कोएपरेटिव के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ,चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ,अंजि पॉलिटेक्निकल्स एसोसिएशन के प्रतीक अध्यक्ष सुशील शुक्ला , तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री अशोक शुक्ला ,अमृत पांडे ,कैलाश जायसवाल आदि ने जोरदार सराहना की है।

हजारों हिंदू जनमानस की सहभागिता के साथ लालगंज नगर में राम नवमी के अवसर पर निकली शोभा यात्रा

लालगंज रायबरेली। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के संयोजन में विशाल भगवा शोभा यात्रा निकाली गई। चारों भाइयों भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न माता जानकी और भगवान राम के सेवक बजरंगबली हनुमान की झांकियां शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थीं। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से निकलकर मेन रोड कोरेगा बाजार चौराहा तिकोना पार्क , अटाल चौक गांधी चौराहा हनुमान मंदिर मार्ग होते हुए बजरंगबली धाम पहुंची जहां आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष गणपतिलाल किजवी ने कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने अयोध्या के राजा दशरथ के घर चैत्र की रामनवमी को भगवान श्री राम के रूप में जन्म लिया था। इस दिन जो भगवान श्री राम के उपासक हैं उनके जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय बाबू पांडे ने कहा कि लालगंज क्षेत्र के सभी मंदिरों मठों एवं घरों में बड़े ही

धूमधाम से राम नवमी का पर्व मनाया गया है उसी परिक्रमा में लालगंज नगर में विधायक रोशनलाल निषादकर जहां हिंदू एकता का संदेश दिया वहां सामाजिक संभव बनाने का कार्य भी शोभायात्रा के माध्यम से किया गया है। वहीं शोभायात्रा में शिरकत कर रहे सीएमओएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंगल के प्रतीक हैं रामायण महाकाव्य के महानायक होने के साथ-साथ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप के सांस्कृतिक महानायक हैं। भगवान श्रीराम का जन्म लोकमंगल और विश्वशांति के लिए ही हुआ था। इस अवसर पर गयाज राम महाराज, जिला कार्यालय प्रभारी अवस्थी , पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,जिला मंत्री नीरज बाजपेई, पंकज पांडे, योगेंद्र शुक्ला ,नगर अध्यक्ष श्यामशंकर बाजपेई ,विभाग संयोजक प्रतीक ,दुर्गा वाहिनी संयोजिका शालनी शुक्ला ,जिला कुमार अवस्थी, रमेश सिंह,रघुवंश साहू, रमेश मिश्रा, गणेश बाजपेई ,सतीश त्रिवेदी, रवि शंकर बाजपेई , नगर प्रचारक अनुराग ,जिला प्रचारक पांडे, मनोज अग्रवाल, चंद्र प्रकाश पांडे, सुदिप्त गुप्ता, अनूप पांडे, कैलाश बाजपेई ,सुशील शुक्ला, श्यामशंकर मंडल आचार्य विवेक शर्मा ,रोहित सोनी, चंद्रशेखर सिंह,नीलेश शुक्ला , शिवम गुप्ता , आदित्य श्रेष्ठ सिंह, नीरज बाजपेई,और हजारों हिंदू जनमानस मौजूद रहा।

वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। वरुणोत्तम योगाश्रम सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज ने वार्षिक परीक्षा वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मेधावी छात्रों को विद्यालय के यशप्रबंधक कैलाश बाजपेयी, वास्तुकल्याण समिति कोषाध्यक्ष बीपीसीई प्रताप कंचन एवं मुख्य अतिथि इंटर कालेज रायबरेल के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता दिनेश दीक्षित ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान कक्षा नवम के छात्र पीयूष जायसवाल एवं अभय ,जूनियर वर्ग में सप्तम के अभिषेक तिवारी एवं अष्टम के सरस त्रिवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार कक्षा षष्ठ में अभय केसरवानी, सृष्टि त्रिवेदी, सप्तम में अभिषेक तिवारी, अभिजीत मिश्रा ,अष्टम में दर्श तिवारी, सप्तम त्रिवेदी ,नवम में पीयूष, अभय एकादश में मृणाल दीक्षित, कुन्तल मिश्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।छात्र प्रताप सिंह, वैभव त्रिवेदी, वैभव द्विवेदी,

अभिषेक, सरोगेश बाजपेयी, अक्षोभ कुमार, शुभम प्रताप सिंह, शोभेन्द्र पाल, शिवांशु पाल,मयंक श्रीवास्तव, निर्भय प्रताप सिंह ने अपनी अपनी कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में भौतिक विज्ञान प्रवक्ता दिनेश दीक्षित ने कहा कि छात्र जीवन में कठिन परिश्रम एवं अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। सह प्रबंधक कैलाश बाजपेयी ने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास आवश्यक है। कोरोनोट प्रताप कंचन,प्रधानाचार्य स्नेह सिंह, मल्लेश कुमार शुक्ला, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। संचालन आचार्य विद्याधर मिश्र ने किया। अमरेश सिंह, अनुराज त्रिपाठी, राजेंद्र पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, गोवर्धन प्रसाद, नीरज साहू, मनोज अवस्थी,संजय सिंह ,प्रवर अभिभावक उपस्थित रहे।

मनकामेश्वरी माता मंदिर में दर्शन करने की अपनी महिमा निराली,नहीं लौटता कोई खाली हाथ

सलोन, रायबरेली। जैसे तो हर एक धार्मिक स्थलों का अपना अपना महत्व होता है।लेकिन रायबरेली जनपद के सलोन कस्बे में स्थित मनकामेश्वरी माता मंदिर में दर्शन करने की अपनी महिमा है।कहा जाता है अति प्राचीन देवी के दरबार से कभी कोई खाली हाथ नही लौटता। मनकामेश्वरी माता भक्तों द्वारा मन में मांगी गई सभी मुरादों को पूरी करती है।इसी लिए इनका नाम मनकामेश्वरी पड़ा है।लिखित्सकारों के मुताबिक नगर के गंगाराम साहू के दावाने पर अनुमति बाजी गद्दी की देवी प्रतिमा भक्तों के हर दुख दर्द सारी हीवर्षों पूर्व महामाई देवी के चबूतरे से माता जी जाना जाता था वर्ष 2018 में मंदिर का जीर्णोद्धार स्थानीय लोगो के सहयोग से हुआ।पुरातत्व में माता की प्रतिमा की स्थापना हुई जिसके उपरांत मंदिर का नाम मनकामेश्वरी माता रखा गयाजनवरी के पूर्व ज यहां देवी

भक्तों की अपार भीड़ एकत्रित होती है।मन्दिर मे विद्युत सजावट से अलग छटा बिखेरती है। खास बात यह है कि यहा प्रतिदिन मातृ का अलग अलग श्रृंगार होता है और वर्ष के प्रतिदिन दिन आरती के बाद प्रसाद वितरित होते है।मन्दिर की देखरेख पुरोत्तम गुप्ता,आशीष गोदनवाल,रामेश मौर्या, अतुल अग्रहरि,गंगाराम साहू,अयरदीप गुप्ता,मनीष गुप्ता,उत्कर्ष गुप्ता,अंकेश गुप्ता,राजन जोशी,जमुना,अक्षत गुप्ता,गुड्डू साहू,सत्येन्द्र गुप्ता,रितेश साहू,अभिषेक गुप्ता द्वारा किया जाता है। पण्डित जगा प्रसाद शास्त्री का कहना है कि कस्बे के मुख्य भाग पर स्थित मंदिर में स्थापित प्रतिमा सदियों पुरानी है।पुरातत्व विभाग ने भी इसकी पुष्टि की है।मनसाई पुरुषोत्तम गुप्ता ने बताया की इनकी महिमा अपरंपार है।लोग अपने घरों में शुभ कार्यों को करने से पहले माता के दर्शन करके अनुमति लेते हैं।शिक्षक ब्यवसाई मनोज गुप्ता का कहना है कि माता के मन्दिर में हिन्दू जाति है।मन्दिर में प्रवेश करते ही सभी नकारात्मक ऊर्जाएं दूर भाग जाती तथा नकारात्मक विशेष पूजन अर्चन होता है। अधिवक्ता गुप्ता ने बताया कि मंदिर की देखभाल के लिए एक दर्जन युवाओं की टीम दिन रात देखरेख करते हैं।

महुआ के पत्ते फूंकते दौरान उड़ी चिंगारी से लगी आग, फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

ऊंचाहार रायबरेली। महुआ के फूल गिरने पर उसके बिनने के लिए स्थानीय कुछ लोगों द्वारा बरगी के पत्तों के पत्तों को एकत्र करके उसको आग लगाकर फूंकते दौरान अग्र लग गया जिससे खेत के किसानों तीन बीघे खेतों में सूखी खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। ऊंचाहार कोतवाली के गांव पहीलाखेड़ा निवासी मंजूलाल,कमलेश,पप्पू जो कि एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने के कारण जलकर राख हो गया है।जिसमें प्रधान प्रतिनिधि अनूप उपाध्याय ने कस्बा जिलेट में प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दिया है।एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि तीन भयंकर फसल किसानों के नुकसान के आकलन के तहत मुआवजा दिलवाया जाएगा।

कोलवा खुर्द में विद्युत शिविर लगा कर किया गया समस्याओं का निस्तारण!

रायबरेली। कोलवा खुर्द गांव ईमाडिगपुर में विद्युत विभाग द्वारा राजस्व संग्रह, बिल सुधार एवं शिकायत निस्तारण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। केस्म में अवर अभियन्ता दीपक इंजीनियर कमल कुमार पांडेय ने कहा कि आम जनता की सुविधाओं के मद्देनजर इस शिविर का आयोजन किया गया है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं को दूर कराने के लिए बार्यालय जाने की जरूरत ही न पड़े,इससे जहां लोगों को घर बैठे बिजली बिजली सम्बंधित शिकायतों को दूर कराने का अवसर मिल जाता है वहीं विभाग को भी राजस्व का लाभ होता है।उपखण्ड अधिकारी ऊंचाहार व शशांक शर्मा,समाजसेवी राजबहादुर कश्यप द्वारा विद्युत शिविर का संपन्न आयोजन कराया गया। शिविर के दौरान लगभग 2.5 लाख राजस्व संग्रह के साथ ही 30 उपभोक्ताओं का चेकिंग पर अनुबंध निष्पादित किया गया, 25 उपभोक्ताओं को धारा-3 की नोटिस 25 ए उपभाग कराया गया।इसी के साथ अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही लोगों की समस्या का मुकम्मल निस्तारित किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा पुराण के छठे दिन दिया गया कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंगों पर विस्तृत विवरण

लोकमित्र ब्यूरो

महाराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के जमुरुवा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा पुराण के छठे दिन वृंदावन धाम से पधारे पंडित मुरली मनोहर शास्त्री जी महाराज ने कहा कि, जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प दृढ़ एवं कष्ट सहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महाभारतीय, श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंगों पर विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने कहा है कि, छठे दिन के श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में महाराज जी ने रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए कहा कि, रुक्मिणी के भाई रुक्मि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ निश्चित किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि, वह शिशुपाल को नहीं बल्कि गोपाल को पति के रूप

में वरण करेंगी। उन्होंने कहा कि, शिशुपाल अत्याचार मार्गी है और द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्यमार्गी है इसलिए मैं अन्याय की नहीं सत्य की अपनाऊंगी। उधर भगवान श्री द्वारकापुरी जी ने रुक्मिणी के साथ को अद्धा के साथ अलग करते से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है।कथा के मुख्य यजमान रूद्र दत्त त्रिपाठी, जगदम्बा त्रिपाठी लोकेश्वर अवस्थी, क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती, अमित त्रिपाठी, प्रवीण त्रिपाठी, हरिहर दत्त त्रिपाठी, अभिमन्यु शुक्ला, चंद्र प्रकाश तिवारी, श्रीकांत त्रिपाठी सामाजिक कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक छत्रपुरी राजेश सिंह, नवनिर्वाचित तिवारी, रिटायर्ड शिक्षक, मोनिंद्र नारायण शुक्ल, प्रधानाध्यापक चतुर्भुज त्रिपाठी,नीतुकुमार शिवकुमार सिंह, महेश शुक्ल, जगदीश प्रसाद तिवारी, हरेन्द्र नारायण त्रिवेदी, हरिकेश सिंह, प्रवीण चौरसिया इंचार्ज प्रधानाध्यापक, अनिरुद्ध त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी, प्रवीण त्रिपाठी, केसरानंद त्रिपाठी, सत्यिवानंद त्रिपाठी, अमित कुमार सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

प्राचीन मनकामेश्वरी मंदिर में हुआ कन्या भोज का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। चैत्र नवरात्र की नवमी के दिन कस्बा स्थित प्राचीन मनकामेश्वरी मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया।नवरात्र व्रत समापन के अवसर पर अष्टमी के दिन मैया के भक्तों ने 108 कन्याओं का पैर पखारे कर सभी कन्याओं का पूजन किया व भोज कराया।कार्यक्रम के लोगों ने आदि प्राचीन मनकामेश्वरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता

लगा रहा। सभी माता मंदिर पहुंचकर वहां उपस्थित कन्याओं के पैर पखारे गये फिर तिलक लगा कर उनकी आरती की और बिंदी भोजन कराया। वहीं श्रद्धा अनुसार कन्याओं को दान दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन एवं भोजन कराने के उपरांत भक्तों ने हवन पूजन हनादि किया।तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण करने के बाद मैया के भक्तों ने चारण किया।जगह-जगह रामनवमी व नवरात्र की झलकें पंडाल में मंच सजी हुई है । नवरात्र का व्रत रखने के बाद तमाम लोग हवन का भी आयोजन कर रहे हैं पुस्तक से ही घरों व मंदिरों में हवन की प्रक्रिया चल रही है।जगह-जगह हवन होने से संपूर्ण वातावरण हवन सामग्री से सुगंधित हो गया है।नवरात्र पर कन्याओं व साधु-संतों को दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी राम प्रसाद शास्त्री, प्रदीप गुप्ता, राकेश वर्मा, विकास सोनी, संदीप गुप्ता, अमर गुप्ता, अंकेश गुप्ता, सुधांशु मेहरोत्रा, अंकुश अग्रहरी सुभाष साहू,योगराज साहू,रमेश सोनी,आशीष कुमार, मनीष कुमार,एवं नव युवक उत्सव दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने 44 पान किसानों को 50453 रुपए के चेक किये वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आज मंत्रालय विकासखंड परिसर में मुख्यमंत्री युवा पान विकास योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने 44 पान किसानों को 50453 रुपए के चेक वितरण किये। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मेरा जन्म रायबरेली में हुआ और जनपद रायबरेली के बछरावां, डिलापुर, महाराजगंज तथा हरचंदपुर में पान की खेती के लिए बहुतायत क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि यहां के समाज के लोगों द्वारा पहले से ही पान की खेती होती चली आ रही है। मंत्री जी ने कहा कि पान की खेती को अच्छे क्षेत्र के

यहां के किसानों को राज्य सरकार की नीति के अनुसार एक किसान को 50 हजार से अधिक वित्तीय सहायता अथवा सब्सिडी यहां के 44 किसानों को वितरित किया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि राज्य सरकार द्वारा पान की खेती प्रोत्साहन के क्रम में और अधिक पान की खेती की जाएगी। मंत्री जी ने कहा कि बछरावां में पान का उत्पाद और पान की प्रसंस्करित रस जो है दुनिया के बाजारों तक पहुंचे वे सपना देखा है। उम्मीद करता हूं कि वह सपना अपने साल तक साकार होगा और पान की प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना पर जोर होगा कि सरकार में कोई ऐसी इकाई लगाई जाए जिससे यहां के पान के उत्पाद दूसरे मार्ग में विदेशी बाजारों तक पहुंचा सके जो बहुमूल्य लेता है जिससे किसानों की आय कई गुना बढ़ जाएगी।

ट्रिपलिंग कर रहे बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर,महिला की मौत दो घायल

ऊंचाहार रायबरेली। बाइक सवार युवक अपने घोसी व नाना को श्राद्ध के कार्यक्रम में लेकर जाते दौरान ट्रक की टक्कर से घायल होने पर महिला की मौत हो गई जबकि युवक व उसके नाना बाकूली घायल हो गए।बताते चले कि जिला प्रतापगढ़ के थाना हथौड़ा के अन्तर्गत ग्राम विजेय निवासी वर्षीयकरन 22वर्ष पुत्र तालक कुमार अपनी बाइक से अंबाला कोतवाली के गांव मानाखुर निवासी कृपाशंकर 65वर्ष, उम्र विपत्ती 25वर्ष पुत्री कृपाशंकर को लेकर रिश्तेदारी जाते दौरान बलिकपुर चौराहे पर सलोन से प्रयागराज मार्ग पर ट्रक ने टक्कर मार दिया।जिसमें उम्र विपत्ती गिरकर ट्रक के पहिया के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई जबकि रामनिवास व कृपाशंकर की मामूली चोटें आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली निरीक्षक बालेन्दु मौजम ने बताया कि कृपाशंकर

के साले कोतवाली कुण्डा के निवासी निरंजनी रामकुमार की मौत होने पर श्राद्ध कार्यक्रम गुरुवार को होने पर जा रहे थे तभी बलिकपुर में दुर्घटना से उम्र विपत्ती की मौत हो गई जबकि पुत्रकर के पिता कृपाशंकर व साला का लहूलुहान घायावस्था हो गया।पुत्रकर उम्र विपत्ती का शव पोस्टमार्टम हेतु बलिकपुर पुलिस ने भेजा है।जिसकी सूचना मिले है ऊंचाहार कोतवाली के गांव मानाखुरपुर पहुंचा दिये हो सभी का रोकर बुरा हाल था।

झांकियों के साथ निकाली गयी भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। रामनवमी के पावन अवसर पर सलोन कस्बे में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा झांकियों के साथ निकाली गयी।इस दौरान हिंदू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में नगर के बाजार मानस दास विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हुए।इस दौरान सेक्टोरकोली के आदेश पर कोतवाली पुलिस द्वारा राम भक्तों के मद्देनजर सुरक्षित का पालन भी किया गया।लेकिन अपने अराध्य भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकालने के लिए राम भक्त जय श्री राम के उद्घोष के साथ डटे हो।शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के जयकारे के साथ लोग जन्दे मातरम के नारे लगा रहे थे।कस्बे में जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर उसका स्वागत किया गया।शोभा यात्रा को अगुवानी हिन्दू नेता जिला मंत्री जगराम प्रसाद राम सलोन गोड़ ने किया।कुशवाहा को दोपहर खाना माधव राम स्कूल में हिन्दू नेता के नेतृत्व में सैकड़ों सहस्र सवार युवकों ने हर हर महादेव जयश्री राम के उद्घोष हाथ में भगवा ध्वज लिए नाच रहे थे।शोभायात्रा बाबा माधव दास स्कूल से होते हुए तहसील चौराहे से निकल कर गणेश गंज बाजार से होते हुए, सलोन कस्बे पहुँचा जहाँ राम भक्तों का स्वागत सरकार स्थानीय लोगों ने किया।इसके बाद समापन राजापुर स्थित बाबा की मूर्ति के समीप हुआ।हिन्दू नेता रामगजीवन गौड़ ने कहा की लोगों को श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। एवं उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।जिससे विश्व के लोगों भी भारत की नव वर्ष कार को।इस मौके पर विश्व हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह (योगी सेवक) समाजसेवी सुनील साहू, रोहन साहू, शनि बाबा, अमन यादव,बाबा, आदित्य गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

सास बहू बेटा सम्मेलन का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया (प्रयागराज)। बहरिया विकास खंड के करनाईपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया के तत्वावधान में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सास बहू बेटा सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम छता, बजौरा, पस्मानंदपुर, पूरे फौजशाह, करनाईपुर सैंटरो को मिलाकर किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से डॉ0 पंकज कुमार पवन ने ग्रामीणों को बताया कि सास बहू बेटा यह बात ध्यान रखें कि आपके घर में कोई भी महिला यदि गर्भवती है तो चाहे वह आपकी बेटी हो या बहू हो उसको सुरक्षित सुरक्षित प्रसव कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर आशा बहू एवं एन ए एम के माध्यम से पंजीकरण कराकर जांच कराते हुए सरकारी सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करे। इससे उन महिलाओं व बच्चों का जीवन सुरक्षित रहेगा, साथ ही सास

बहू बेटा की यह पहली जिम्मेदारी बनती है कि पहले बच्चे के बाद कम से कम तीन वर्ष का अंतराल जरूर रखे। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मां का पहला दूध न पिलाने की बहुत सी भ्रांतियां फैली हुई है। जो कि उचित नहीं है, क्योंकि मां का पहला दूध बच्चे के लिए अमृत के समान होता है। इसलिए उस बच्चे को मां का पहला दूध अवश्य पिलाएं। जिससे वह स्वस्थ रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से अच्छे सास बहू बेटा का चयन करके पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रमाशंकर यादव, ग्राम प्रधान वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामजी सिंह अरुण सिंह के अलावा आशा बहु, आशा संगिनी एवं एन ए एम के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रामनवमी पर निकली रामनगर में भव्य शोभायात्रा

डीजे की धुन पर थिरके भक्त और लगे प्रभु श्रीराम के जयकारे, भव्य झांकी को लायन्स ग्रुप करेगा पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामनगर बाजार में केसरिया झंडा के साथ डीजे की धुन पर थिरकते भक्तों ने नगर भ्रमण किया। सीएचौ रामनगर से निकला राम जुलूस माता शीतला मन्दिर से होते हुए डोरवा मोड़ पहुंचा और चौराहे पर भक्तों की टोली ने प्रभुश्रीराम के जयकारे लगाकर धमाल मचाया।लायन्स ग्रुप की युवा टीम ने समूचा बाजार को भगवा झंडे से पाट दिया था। भगवामय में हो गया।बाजार के समूचे व्यापारियों तथा स्थानीय निवासियों ने अपने घरों पर केसरिया

झंडा लगा कर राम जन्मोत्सव पर्व पर उत्साह दिखाया।पांच वर्ष से चल रही भव्य शोभायात्रा लायंस ग्रुप व ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों द्वारा निकाली गई, जहां भारी संख्या में लोग एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। शोभायात्रा में पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा ने प्रभु श्री राम, लक्ष्मण व हनुमान जी का टीका व माल्यार्पण कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। बता दें कि रामनवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म दिवस के अवसर पर विशाल भव्य जन जागरण शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भगवान राम की झांकी, महाकाल की झांकी, राधा कृष्ण सुदामा की झांकी, देश भक्ति झांकी शोभायात्रा के आकर्षक केंद्र बनी रही।शोभायात्रा में पहुंचने वाली झांकियां कई स्थानों से आकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करती हैं, जिन्हें कार्यक्रम के समापन के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता के रूप में लायंस ग्रुप द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।

न्यूज डायरी

जुआं खेलते तीन धराये

हनुमानगंज (प्रयागराज)। सरायइनायत पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोटवा बरईपुर के बीच स्थित बाग में जुआं खेलते लोगों की छापेमारी कर तीन को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते समेत बारह सौ रुपये नकदी बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध लिखा-पढ़ी कर जेल भेज दिया।बताया जाता है कि सरायइनायत पुलिस ने जरिये मुखबिर मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कोटवा बरईपुर स्थित बाग में जुआं खेलते वक्त राकी सिंह पुत्र अनूप सिंह, गिलिंद शुक्ला उर्फ आबूल पुत्र जयशंकर शुक्ला निवासीगण उत्तरी कोटवा थाना सरायइनायत व शिवपूजन उर्फ मथुर पुत्र रामनारायण यादव निवासी नरायनदास का पुरा थाना झूंसी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से 52 ताश के पत्ते के साथ 1220 रुपये नकदी बरामद किया। पुलिस ने पकडे गये आरोपियों के विरुद्ध लिखा-पढ़ी कर जेल भेज दिया।

विद्यालय में वार्षिकोत्सव संपन्न

थरवई (प्रयागराज)। जेआरडी आदर्श पब्लिक स्कूल मनसैता थरवई मे वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शिव कुमार पाल शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही क्षेत्र व देश का विकास हो सकता है। शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षकों से अपील की छात्र छात्राओं को बेहतर गुणवत्तापूर्ण व संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें। जिससे हमारे समाज वह देश का संपूर्ण विकास हो सके। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के चेयरमैन एस0एन0 पाल, प्रधानाचार्य आदर्श पाल, प्रबंधक कुसुम पाल ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रन फॉर डा. अम्बेडकर दौड़ 02 अप्रैल को

प्रयागराज। प्रबुद्ध फाउंडेशन और देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर की 132 वें जन्मदिवस के सम्मान में अप्रैल माह के प्रथम रविवार 02 अप्रैल 2023 को प्रातः 06 बजे से हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल से सिविल लाइन स्थित पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, पीडी टण्डन पार्क, प्रयाग संगीत समिति चौराहा, हार्ट स्टफ चौराहा, गर्ल्स हाईस्कूल चौराहा, प्रधान डाक घर चौराहा होते हुये अपने उद्गम स्थल तक « रन फार डा. अम्बेडकर दौड़» आयोजित कराने के लिये एक आवश्यक बैठक अलोपीबाग स्थित प्रबुद्ध फाउंडेशन के कार्यालय पर की गयी।

बहरिया में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा

बहरिया (प्रयागराज)। गुरूवार को बहरिया बाजार माता चौरा में राम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। विशाल शोभायात्रा में समस्त ग्रामवासी व व्यापारी वर्ग एवं समस्त क्षेत्रवासीगण मौजूद रहे। जिसमें सभी का सहयोग सराहनीय रहा। इस मौके पर राज साहू, अमन सोनी, राजू साहू, विशाल केसरवानी, सतीश मोदनवाल, पवन साहू, भूनाड बी0डी0सी0, दिनेश सोनी व अतुल केसरवानी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में मारपीट,आधा दर्जन लोग घायल

थरवई (प्रयागराज)। गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के बिशुन दास का पूरा पंडिला गांव में जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडा चलने से आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।बताया जाता है कि उक्त गाँव निवासी राजेंद्र कुमार यादव व संत लाल यादव के बीच कई वर्षों से जमीन का विवाद चला आ रहा है। विवादित भूमि पर राजेंद्र कुमार यादव निर्माण कार्य शुरू किया तो विपक्षी गण संत लाल यादव पक्ष के लोगों ने मना किया। राजेन्द्र यादव ने विरोध किया तो संत लाल यादव आदि लाठी डंडा लेकर आ गये और मारपीट शुरू कर दिए। जिसमें राजेंद्र कुमार यादव 45 वर्ष, मर्यादा यादव 16 वर्ष, आशीष कुमार यादव 18 वर्ष, आकाश यादव 15 वर्ष और दूसरे पक्ष से संत लाल यादव 45 वर्ष, राम बहादुर यादव 30 वर्ष, दशरथ लाल यादव 40 वर्ष, नीरज 14 वर्ष, खेमलाल 20 वर्ष, पवन सिंह 19 वर्ष को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सोरांव अस्पताल भेज दिया है। उधर ग्रामीणों ने बताया कि जमीनी विवाद के पीछे राजस्व विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। राजस्व कर्मियों की रुचि न लेने के कारण गांव में आए दिन लोगों का सिर फट रहा है। जिम्मेदार लोग आंख मूंद कर बैठे हैं।

पूरे रोज़े रखने के साथ बच्चे कसरत से कर रहे तिलावत ए कलाम पाक

प्रयागराज। करैली जीटीबी नगर में दादा इतरत नकवी से तरबियत हासिल कर मात्र तेराह और ग्यारह वर्षीय मोहम्मद अब्बास नक़वी व हसन जहीर नक़वी माहे रमज़ान के जहां पूरे रोज़े रखे रहे हैं

वहीं कुरान मजीद की तिलावत भी कसरत से कर रहे हैं।टैगोर पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 और 4 मे पढ़ने वाले दोनों बच्चे पढ़ाई में भी हमेशा अव्वल रहते हैं। वहीं पिता ज़हीर अब्बास नक़वी व मां निकहत फात्मा हमेशा बच्चों को जहां शिक्षा देती रहती है तो मज़हबी रुझान बढ़ाने को नमाज़ रोज़ा है ज़कअात जैसे इस्लामिक अहकामात के साथ तिलावत ए कलाम ए पाक में भी पारंगत करती है।

फूलपुर पुलिस ने 2 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार 3 फरार

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर (प्रयागराज)। पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धड़ पकड़ अभियान के क्रम मे फूलपुर पुलिस ने थाना प्रभारी फूलपुर यसपाल सिंह के नेतृत्व में बुधवार देर शाम प्रतापपुर रोड के पास से 14 टायरा ट्रक पर लादे 15 भैंसे बरामद कर 2 पशु तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जब की पूंछतांछ के दौरान 4 भैंसे चोरी की बताई गई। मामले में 5 लोगो के खिलाफ मुकदमा कायम करके विधिक कार्यवाई की गई। पकड़े गए आरोपियों में विकास उर्फ रहीम पुत्र सुलेमान निवासी शाहपुर थाना सराय ममरेज व सलमान अहमद पुत्र सगीर निवासी तौकलपुर थाना सोरांव को मौके से गिरफ्तार करते हुए ट्रक और 15

पशुओं को बरामद कर लिया गया। पूंछतांछ के दौरान उपरोक्त आरोपियों ने अपने साथियों का नाम बताया कि रिजवान उर्फ राशिद निवासी मिया का पुरा और अरशद उर्फ चांद निवासी मिया का पुरा तथा नियाज़ अहमद पुत्र सब्बीर निवासी दौलतपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। उपरोक्त सभी आरोपी दिन में गांवो में घूम कर कुछ पशु खरीदते थे तो कुछ की रेकी करके रात में चुरा लेते थे। सभी को लादकर उसे काटने के लिए बेंचते थे।

पुलिस टीम में थाना प्रभारी फूलपुर यसपाल सिंह, एस आई मनोज कुमार यादव, सिपाही अर्जुन यादव, संदीप यादव, इंद्रजीत यादव और शिवम यादव आदि शामिल रहे।

नवरात्रि के समापन पर कन्याओं को भोजन करा कर लिया आशीष

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई (प्रयागराज)। नवरात्रि के पर्व पर नौ दिनों तक भक्तों द्वारा मां भगवती की विधि विधान से पूजन अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। नवमी के दिन पंडिश्वर नाथ धाम पंडिला महादेव, सीआरपीएफ कैंप परिसर, मनकामेश्वर मंदिर मनसैता सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर लोगों ने विधि विधान के साथ पूजन अर्चन व कन्याओं का भोज भंडारा किया। इस दौरान धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भीड़ जुटी रही।

बच्चों ने उठाई धर्म ध्वजा, मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कर निकाली रामनवमी की शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सोरांव (प्रयागराज)। विभिन्न धर्म गुरुओं व सनातन धर्मावलंबियों के सामाजिक मंचों से धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर दिए जा रहे वक्तव्य व सनातन धर्म को ऊंचाई पर ले जाने के लिए किए जा रहे धार्मिक कार्य अब रंग लाने लगा है। सोरांव कस्बे में पहली बार रामनवमी की शोभा यात्रा बुधवार को सोरांव रामलीला कमेटी व विश्व हिंदू परिषद द्वारा संयुक्त रूप से निकाला गया था। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को सोरांव कस्बा स्थित हनुमान मंदिर से कस्बा के बच्चों ने सुंदरकांड का पाठ कर रामनवमी का जुलूस निकाल कर लोगों को धर्म ध्वजा उठाने का संकेत दिया।बता दे गुरुवार को सोरांव कस्बा के दर्जनों बच्चों ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कस्बा स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। उसके बाद

शाम को डीजे की धुन पर रामनवमी की शोभायात्रा निकाली। बच्चों के साथ कई किशोरों और युवाओं को भी इस शोभायात्रा में कदमताल करते हुए देखा गया।

कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे शुभ केशरवानी ने बताया की नैतिक केशरवानी, आर्यन व तनिष्क समेत कई मित्रों के सहयोग से हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित कर रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। बच्चों के धार्मिक कार्य को देख बड़े बुजुर्गों ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि भविष्य में ऐसे बच्चे सनातन धर्म की ध्वजा को उठाकर सबसे आगे चलेंगे। इस मौके पर बच्चों के माता-पिता ने भी पूरा सहयोग किया।

इकाई प्रमुख को बनाया गया वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर (प्रयागराज)। इफको फूलपुर इकाई के कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया का वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद पर पदोन्नति हो गई। बुधवार को वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद की जिम्मेदारी मिलने पर सर्वप्रथम उन्होंने प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय शंकर अवस्थी जी के प्रति आभार प्रकट किया। संजय कुदेशिया जयपुर, राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने आईटी-बीएचयू से केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है एवं वर्ष 1987 में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में इफको कांडला में शामिल हुए। अपने समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ वह इफको फूलपुर इकाई का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें संगठन में 35 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है, इस 35 वर्षों में उन्होंने इफको की विभिन्न परियोजनाओं में आंवला संयंत्र, पारादीप संयंत्र, ओमान में स्थित ओम-इफको, मानव संसाधन

विभाग में अपनी सेवाएं दी है। संजय कुदेशिया में एक अनुभवी नेतृत्व क्षमता है और वे कृषि क्षेत्र में संतुलित उर्वरक, उर्वरक की गुणवत्ता और किसान की आय बढ़ाने की दिशा में काम रहे हैं। अभी हाल में नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र के स्थापना एवं संचालन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने फोन द्वारा, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी पी.के.पटेल, राकेश कुमार व अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वर्व प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, समस्त विभागाध्यक्ष व अनुभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

नवनियुक्त गंगा पार सपा जिला अध्यक्ष का थरवई में भव्य स्वागत

थरवई (प्रयागराज)। थरवई बाजार में नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव का सपाइयों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम सपा के जिला सचिव कुलदीप यादव के आवास पर हुआ। जिसमे सैकड़ों सपाइयों ने जिलाध्यक्ष अनिल यादव का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सपा संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व उनकी टीम द्वारा दी गई

जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करने के लिए सपा कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। इस मौके पर जिला सचिव कुलदीप यादव, डॉ0 प्रेमचंद कुशवाहा, ग्राम प्रधान शिव केशव यादव, रोहित किसान, महेश यादव, अशोक यादव, अभय सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंद्रपुरी के नागरिक करेंगे नगर निकाय चुनाव का बहिष्कार

प्रयागराज। इन्द्र पुरी मलाकराज के निवासियों ने आगामी नगर निगम के चुनाव में मतदान न करने का निर्णय लिया है।ज्ञात हो कि गत दिनों रेलवे ने मलाकराज और इन्द्र पुरी कालोनी के निवासियों को नया बैरहना से जोड़ने वाले मार्ग को हमेशा के लिये बंद कर दिया है। जिसके कारण यहाँ के बच्चों और महिलाओं को पढ़ने के लिए एक से दो किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। यहाँ के अधिकांश बच्चे विशेष रूप से बच्चियाँ महिला सेवा सदन, नवीन महिला सेवा सदन और क्रास्थवेट कालेज में पढ़ते हैं। हर जरूरी कार्य के लिए यह बैरहना मोहल्ला पर आश्रित है। जिससे परेशान होकर यहाँ के स्थानीय लोगों ने मतदान न करने का निर्णय लिया है। यह एकमात्र रास्ता था पूर्व में एक अन्डर रास्ते को जो जी आई सी को रामबाग से जोड़ता था उसे भी बंद कर दिया गया है

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का त्यौहार

जलालपुर (प्रयागराज)। विधानसभा प्रतापपुर के महुआँकोठी बाजार मे रामनवमी की शोभायात्रा बहुत ही हर्षोल्लास निकला गया। रामनवमी शोभायात्रा मे भदोही सांसद डॉ0 रमेश चन्द बिन्द शामिल रहे। शोभायात्रा महुआँकोठी बाजार से होते हुए बलीपुर बाजार तक गजेबाले के साथ निकाली गयी। भदोही सांसद ने अपने सम्बोधन मे कहा आज पूरा देश बहुत ही हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मना रहा है। रामनवमी का त्यौहार बहुत ही धार्मिक हिन्दू त्यौहार है। रामनवमी का पर्व अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के पुत्र श्री राम के जन्म की खुशी मे मनाया जाता है। हम सब के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि अयोध्या मे प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण भी हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश मे विकास दिख रहा है। इस मौके पर समाजसेवी डॉ0 एस0के0 बिन्द, जिला पंचायत सदस्य अशोक कुमार केसरवानी, युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पटेल, राकेश कुमार पाल, कमलेश मौर्या, दिनेश गुप्ता, राघवेंद्र सिंह पटेल, बसंतलाल साहू, राहुल, अमित आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

बहरिया (प्रयागराज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया में बृहस्पतिवार को अधीक्षक डॉ0 पंकज कुमार पवन की देखरेख में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से आए मुख्य चिकित्सा अधिकारी मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 राकेश पासवान तथा डॉ0 जयशंकर पटेल मानसिक रोग विशेषज्ञ के द्वारा मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्तियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि इस बीमारी को लोगों ने भ्रांतियां फैला कर भूत प्रेत एवं आत्मा का शरीर में प्रवेश करना बताया जाता है। जिसमें लोगों का बेहोश हो जाना, दांतो का आपस में जुड़ जाना, शरीर के किसी अंग हाथ पैर आदि में लकवा मार जाना, शरीर का संतुलन न बना पाना, आंशिक रूप से बिल्कुल सुनाई न देना आदि लक्षणों के होने पर तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टरों की दिखाना चाहिए न कि किसी भूत-प्रेत के चक्कर मे परेशान होना चाहिए। इस मौके पर डॉ0 मनोज कुमार सिंह, रमाशंकर यादव, कृति, वाचस्पति, मानिकचंद के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

झूंसी (प्रयागराज)। रामनवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को भाजपाइयों ने भव्य शोभायात्रा निकाला। जिसमें 54 फीट हनुमान जी होते हुए आवास विकास कॉलोनी योजना नंबर दो योजना नंबर 3 गंगा जमुना सरस्वती धाम अनवर मार्केट होते हुए पुलिस चौकी समापन किया गया। शोभायात्रा में शामिल भाजपा के आरती

अग्रवाल जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गंगापार, साधना तिवारी, अनीता सिंह, नीलम गिरी, सरला तिवारी, सुनीता तिवारी, पिंटू अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, पवन पांडेय, संतोष निषाद, अनिल पांडेय, पंकज प्रभाकर, राजीव, दिलीप निषाद, अनिल शर्मा, नंद पांडेय आदि भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेसियों ने निकाला मसाल जुलूस

फूलपुर (प्रयागराज)। जननायक राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने फूलपुर में मशाल जुलूस मार्च निकाला। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सोरांव विधानसभा मनोज पासी, जिला उपाध्यक्ष लल्लू प्रसाद यादव, जिला महासचिव जीशान अहमद, जिला उपाध्यक्ष राकेश पटेल, जिला महासचिव सुनील यादव, जिला सचिव भानु प्रकाश कुशवाहा, राहुल कनौजिया, युवा नेता विक्रम सिंह पटेल, रोहित कुशवाहा, दिनेश भारतीया, मंगला प्रसाद गौतम, राजू सिंह पटेल, अभय मौर्य, कपिल कनौजिया, अमित प्रकाश कुशवाहा, फूलपुर नगर अध्यक्ष शाहनवाज अख्तर सिद्दीकी, आशीष श्रीवास्तव, मोहम्मद, सुशील कुमार गुप्ता, बुदुल भारतीय, राकेश द्विवेदी, श्रीमती सरस्वती प्रजापति, संजय कुमार गौतम, दीपक कुमार, तसौवर खान, शिव कनौजिया, आकाश कनौजिया, रेहान, सैफ, आदिल, रहमान, आशाराम, मुकेश यादव, राजू गौतम, मोशिश, जैद, रिंकू कुशवाहा, भीकाली कुशवाहा, मुकेश केशरवानी, आदिल, प्रकाश, छोटे लाल कनौजिया, अजय भारतीय, कैलाश प्रजापति, राजू यादव, विवेक पाण्डेय गण उपस्थित रहे।

शोर मचा कलकत्ते वाली काली आएगी

फूलपुर (प्रयागराज)। नवरात्रि के आठवें दिन गुरुवार को माता चौरा मंदिर असना प्रतापपुर में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक बिकास मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति मथुरिया मोरी झुलेली निमिया के डार हो, बाड़ी शेर पर सवार रुपया मनवा मोहत वा, शोर मचा कलकत्ते वाली काली आएगी आदि अपने भजन सुनाकर दर्शको का मन मोह लिया। इस अवसर पर गायिका गुड़िया पाठक, श्वेता सरगम, दिलीप बावरा, सोनू सुगम ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण कुमार रहे।

इस मौके पर प्रदीप, जमुना प्रसाद, हरिश्चंद्र, शीतला प्रसाद, एडवोकेट मनोज शुक्ला, एडवोकेट चिंतामणि व कोटेदार समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

12 साल की बच्चे की हत्या: सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई और दिल्ली सरकार को नोटिस, चार हफ्ते में मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2014 में एक लड़के के अपहरण और हत्या की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई, सुधांशु धूलिया और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने याचिकाकर्ता के पिता सतीश कुमार खत्री की याचिका पर केंद्रीय जांच एजेंसी, दिल्ली सरकार और क्राइम ब्रांच के डीसीपी को नोटिस जारी किया और उनसे चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

दिल्ली हाईकोर्ट के 7 दिसंबर, 2022 के आदेश में मामले को सीबीआई को ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सतीश कुमार ने शीर्ष कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। सतीश कुमार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि मामला निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं की गई है और हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को ट्रांसफर न करके गलती की है।

अधिवक्ता पक्ष के अनुसार, 11 सितंबर, 2014 को करीब 10:30 बजे सतीश की पत्नी ने उन्हें सूचित किया कि उनका बच्चा हेमंत (12 वर्षीय) लापता है, जिसके बाद 12 सितंबर को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। बाद में बच्चे का शव सतिलाना के रुलतापुर गांव से बरामद किया गया। फिर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूतों को गायब करना) के तहत मामले प्राथमिकी में जोड़े गए।

जांच के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों सुनील और रंजीत को उनके मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया, जहां राज्य पुलिस ने अपने आदेश में कहा कि क्राइम ब्रांच ने जांच की और अपराध करने वाले सभी मोबाइल फोन नंबरों का नक्शे देखा, ग्रेन मैपिंग और पोलीग्राफ टेस्ट किया।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि उसे 2020 में पालघर में तीन लोगों की कथित लिंचिंग की सीबीआई जांच का आदेश क्यों देना चाहिए, जबकि राज्य को इस तरह की जांच पर कोई आपत्ति नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा है।

महा विकास अघाड़ी सरकार ने किया सीबीआई जांच का विरोध

सीनियर जस्टिस (सीबीआई) जी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस के एम नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आज महाराष्ट्र सरकार के वकील से कहा, "हमें यह आदेश क्यों पारित करना चाहिए कि आप (महाराष्ट्र) इसे सीबीआई को दें।" इससे पहले शुक्रवार महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मामले की सीबीआई जांच की याचिका का विरोध किया था।

ये कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल तय की

हालांकि, सरकार बदलने के साथ ही रुख भी बदल गया है और राज्य सरकार के वकील ने पीठ से कहा कि वह सीबीआई जांच से सहमत है। बेंच ने इसके बाद राज्य सरकार से इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा और याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल को तारीख तय की। राज्य सरकार ने बेंच को यह भी आश्वस्त कराया कि उस तक दो आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं और मुकदमे में देरी नहीं आई है।

भगवान राम का जीवन हर युग में मानवता के लिए प्रेरणा : पीएम मोदी

नई दिल्ली। देशभर में आज रामनवमी मनाई जा रही है। रामनवमी का पर्व आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज ही के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने भी लोगों को बधाई दी है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने ट्वीट कर रामनवमी की बधाई दी और कहा कि 'राम नवमी पर सभी देशवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र से त्याग व सेवा का अमूल्य संदेश मिलता है। सभी देशवासी, प्रभु राम के उन्नत आदर्शों को आत्मसात करने और एक गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करें, ऐसी मेरी मंगलकामना है।' उन्होंने लोगों से भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने और भारत को एक खुशहाल राष्ट्र बनाने में स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर रामनवमी के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी और कहा कि भगवान राम का जीवन हर युग में मानवता के लिए प्रेरणा है। मोदी ने उनकी जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले त्योहार के अवसर पर ट्वीट किया, 'मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन त्याग, तपस्या, संयम और संकल्प पर आधारित था।'

गृह मंत्री अमित शाह (Amit Shah) ने ट्वीट किया कि सभी को रामनवमी के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने के साथ विकट परिस्थितियों में भी धैर्य और साधों के लिए एक सम्मान दयालुता के पाठ की शिक्षा पूरे मानव जगत को दी। प्रभु श्रीराम सभी पर अपनी कृपा बनाये। जय श्रीराम।

रामनवमी का पर्व आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। रामनवमी से पहले नौ दिन के नवरात्र चल रहे थे। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में राम लला मंदिर में पूजा अर्चना की और सरयू नदी में श्रद्धालुओं ने पावन स्नान किया।

'भगवान राम केवल लकड़ी या पत्थर की मूरत नहीं, इस देश की पहचान हैं'

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भगवान राम केवल लकड़ी या पत्थर की मूरत नहीं हैं, बल्कि भारत की पहचान हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार अस्पतालों, स्कूलों का निर्माण करेगी, उद्योग स्थापित करेगी और मंदिर भी बनाएगी। रक्षामंत्री रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा, "जब राम मंदिर के निर्माण की बात आई, तो बहुत से लोगों ने इस पर अपने विचार देने शुरू कर दिए थे। कुछ लोगों ने सुझाव दिया था कि रामलला के जन्मस्थान पर एक अस्पताल बनाया जाए, जबकि अन्य ने कहा कि वहां स्कूल बनाया जा सकता है। कुछ ने कहा भी सुझाव दिया कि उस स्थान पर उद्योग लगाए जा सकते हैं। ये वे लोग हैं जो भगवान राम को नहीं समझते हैं।

उन्होंने कहा आगे कहा, 'भगवान राम केवल पत्थर, लकड़ी या मिट्टी की मूरत नहीं हैं, वे हमारी संस्कृति और आत्मा के केंद्र हैं। भगवान राम हमारी और हमारे देश की पहचान हैं।' रक्षामंत्री ने कहा, 'हम अस्पताल, स्कूल और उद्योग बनाएंगे और हम मंदिर भी बनाएंगे।'

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण पूर्वोत्तर के लोग दिल्ली के और अधिक करीब आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर में "अभूतपूर्व शांति" है, जिसके कारण क्षेत्र के विकास हिस्से से अलगाव हटा दिया गया है।

सिंह ने कहा कि 'छोटे बच्चाओं, छोटे बच्चाओं' केवल एक नारा नहीं है, बल्कि एक जन आंदोलन बन गया है। रक्षा मंत्री के रूप में मैं कह सकता हूं कि आज महिलाएं सशस्त्र बलों का हिस्सा बनकर हर्ष और गर्वानुभव कर रही हैं। वे फाइटर जेटपायलट के रूप में फाइटर जेट उड़ा रही हैं। हाल ही में मैंने आर्टिलरी में महिलाओं को शामिल करने की मंजूरी दी थी।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी से हम महिला सशक्तिकरण और सशस्त्र बलों की मजबूत करने की दिशा में एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। रक्षामंत्री ने यह भी कहा कि आज के नए भारत में अधिकांश मान्यताओं के लिए कोई जगह नहीं है।

वडोदरा में रामनवमी की दो शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी, मौके पर पुलिस तैनात

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा में शुक्रवार को रामनवमी के मौके पर पत्थरबाजी की खबर सामने आई है। बताया गया है कि फतेहपुर गेट एरिया में कुछ शरारती तत्वों ने शोभायात्रा पर पत्थर फेंके। इस दौरान कुछ वाहनों में तोड़फोड़ किया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात है। वडोदरा के डीसीपी वंशपाल जाडेजा ने कहा, इलाकेदार मिर्जा शाह क्षेत्र में एक धर्मस्थल के सामने दो गुटों के बीच टकराव हुआ था लेकिन कोई तोड़-फोड़ नहीं हुई है, मंदिर के सामने से जब काफिला निकल रहा था तब कुछ लोग एकत्रित हो गए थे लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया। इलाके में शांति है, शोभा यात्रा आगे निकल चुकी है। वहीं रक्षा में एक अन्य 'राम नवमी शोभा यात्रा' के दौरान भी पथराव की खबर आ रही है। बजरंग दल के एक स्थानीय नेता ने आरोप लगाया कि यह जानने के बावजूद कि इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है।

राहुल गांधी पर जर्मनी के बयान पर विवाद! : भाजपा-कांग्रेस में टकराव, दिग्विजय के ट्वीट पर भड़के रिजिजू-सीतारमण

नई दिल्ली। राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के मामले पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने दखल दिया है। विपक्ष पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने चुप्पी साधे रखी है और जर्मनी के विदेश मंत्रालय को नसीहत दी है। हालांकि इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा है कि भारत किसी भी अंतरिक मामले पर विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

दिग्विजय सिंह ट्वीट करते हुए लिखा कि 'धन्यवाद, जर्मनी विदेश मंत्रालय और निर्दर बॉकर, जिन्होंने इस पर ध्यान दिया कि किस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।' दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तुरंत पलटवार किया है।

किरेन रिजिजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट के जवाब में लिखा कि 'विदेशी ताकतों को भारत के अंदरूनी

मामलों में दखल देने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद राहुल गांधी। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी दखल से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब विदेशी ताकतों के दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।'

वित्त मंत्री ने चीन के मामले पर घेरा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी दिग्विजय सिंह के ट्वीट का जवाब देते हुए ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने चीन का मामला उठा दिया। निर्मला सीतारमण ने लिखा कि 'सवाल है कि कांग्रेस हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चाहती है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अघोषित समझौते पर हस्ताक्षर करना हो या फिर विदेश में चर्चा के दौरान सरकार बदलने के लिए विदेशी मदद की मांग। अब कोई और मसूद भी चाहिए? जब मदद आ जाए तब धन्यवाद कहिएगा।'

क्या कहा जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद होने के बाद इस मुद्दे पर देश में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। अब जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने भी इस पर बयान दिया है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने राहुल गांधी मामले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि राहुल गांधी के मामले में न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत लागू होंगे।'

एक अप्रैल को मिलेगी पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात, पीएम मोदी करेंगे दौरा

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश को बहुत जल्द ही पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। पीएम मोदी इस ट्रेन को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम वंदे भारत ट्रेन की हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत मेगावाट के सभी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के लिए चलेगी।

इसके अलावा पीएम मोदी 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे तीनों सेना के कमांडर की कांफ्रेंस में भी शामिल होंगे। ये कांफ्रेंस पीएमओ से किसी कुलाकार सकने हॉल में होगी। इसके बाद करीब साढ़े तीन बजे पीएम वंदे भारत ट्रेन की हरी झंडी दिखाएंगे।

तीन दिवसीय है कमांडर कांफ्रेंस

सैन्य कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन 30 मार्च से 1 अप्रैल तक चलेगा। इसका थीम 'जैसर, पुनरुत्थान, फ्रांतीय' रखा गया है। इस सम्मेलन के दौरान, सशस्त्र बलों में संयुक्तता और रेगांमेंटीकरण सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सशस्त्र बलों की तैयारी और आत्मनिर्भरता की दिशा में रक्षा परिस्थितियों तंत्र में प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। इस सम्मेलन में तीनों सशस्त्र बलों के कमांडर और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

भोपाल-दिल्ली रूट पर दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत ट्रेन भोपाल के सभी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाएगी। ये देश की 11वीं वंदे भारत ट्रेन है। दिल्ली और भोपाल के बीच करीब 694 किमी की दूरी 7.50 घंटे में तय होगी। 16 कोच की ट्रेन में 14 एसी चेयर कार और दो एग्जीक्यूटिव कक्षा के कोच होंगे।

मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से भारी कीमत वसूली जानी चाहिए- इजराइली संसद के अध्यक्ष ने कहा

नई दिल्ली, एजेंसियां। यरुशलम। भारत की अपनी पहली यात्रा से पहले, इजराइली संसद नेसेट के अध्यक्ष ओफेर अेहाना ने कहा है कि 2008 के घृणित मुंबई आतंकी हमले के षडयंत्रकारियों से इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई दोनों देशों के लिए सख्त चिंता का विषय है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी ओफेना गिलरो साल दिसंबर में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर भारत आएंगे।उनकी चार दिवसीय यात्रा 31 मार्च को शुरू होगी। तिल अेट (इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी) के पूर्व अधिकारी ओहाना ने आतंकवाद की साझा चिंता बताते हुए कहा कि सभी प्रभावित देशों को एक साथ आने की जरूरत है ताकि इसका मुकाबला किया जा सके। ओहाना ने कहा कि भारत और इजराइल दोनों आतंकवाद की समस्या का सामना करते हैं और इसके खिलाफ संयुक्त लड़ाई हेज्बोल्लाह ने बताया, हम सब

को मुंबई में 2008 में हुआ घृणित आतंकवादी हमला याद है, जिसमें 207 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिसमें 178 पर्यटक थे। यहां पर विदेशी लोगों ने दुर्भाग्य से इजराइली और यहूदी भी थे।'' उन्होंने कहा, यह हमला न केवल भारत पर बल्कि यहूदियों और जिसी भी जगह के स्थानीय लोगों पर भी था। उन्होंने कहा कि वह भारत और इजराइल के मूल्यों पर हमला था।ओहाना ने कहा, आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ओर से जिसने भी षड्यंत्र रचा और आतंककारियों को भेजा, उन्हें इसकी भारी कीमत वसूली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सभी मुल्क देशों, खास कर भारत और इजराइल जैसे दो देशों के लिए एक जरूरत है। उन्होंने कहा कि साझा मूल्य, चिंताएं, दर्द और रणनीतिक साझेदारी में अपार संभावनाएं, दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करेंगे।ओहाना ने कहा, जब मुझे यह तय करना था कि नेसेट अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर कहां जाना है, तो विभिन्न कारणों से भारत सबसे दिलचस्प विकल्प था। उन्होंने कहा कि भारत एक अत्यंत विकासशील देश है और यहां की कई चीजें इजराइल के साथ साझा हैं और नेसेट के किसी भी अध्यक्ष ने अब तक भारत का दौरा नहीं किया है। ओहाना भारत यात्रा के दौरान अपने समकक्ष ओम बिरला के साथ दोनों देशों की संसदों के बीच एक स्थायी साझेदारी पर हस्ताक्षर करेंगे। ओहाना के साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी भारत की यात्रा करेगा। प्रतिनिधिमंडल कई वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय दौरी गुप्त, उपराष्ट्रीय जनगीत घनाडाड और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेगा।

UK के एनएसए से मिले अजीत डोभाल, अनौपचारिक बैठक में उठा सकते हैं खालिस्तान का मुद्दा

नई दिल्ली। एनएसए अजीत डोभाल नई दिल्ली में एक अनौपचारिक बैठक में जाने पूर्व के सप्तकर दिन बैठे से मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि डोभाल इस बैठक में खालिस्तान का मुद्दा उठा सकते हैं।

ब्रिटेन में भारतीय हाईकमीशन के परिसर में बीते दिनों खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए प्रदर्शन और भारतीय झंडे से छेड़छाड़ का मुद्दा भी एनएसए डोभाल दिन बैठे के साथ उठा सकते हैं। डोभाल की मुलाकात के बाद ब्रिटेन में बैठे कई खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई का गेंदमीप भी तैयार हो सकता है।

आंध्र प्रदेश के CM जगन रेड्डी ने वित्त मंत्री से की मुलाकात, बकाया राशि को देने की मांग की

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी नई दिल्ली के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो वहीं, आज वह केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मिले।

बैठक में उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने वित्त मंत्री सीतारमण से आंध्र प्रदेश को बकाया राशि जल्द से जल्द देने का भी आग्रह किया। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आंध्र प्रदेश के संसद में वित्त मंत्री ने करीब आधे घंटे की बैठक की। बकाया राशि देने के अलावा रेड्डी ने गोदावरी नदी पर मेगा पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए 55,657 करोड़ रुपये के संशोधित लागत अनुमान को भी जल्द से जल्द मंजूरी देने की भी मांग की है। जगन रेड्डी ने राज्य को सभी लंबित वित्तीय

निधियों को जल्द से जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया।

संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राज्य वित्तीय सहायता देने का भी अनुरोध किया। मीटिंग में कहा गया मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री शाह से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (एपीआरए) के लंबित प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की थी। जिसके रूप में, अधिनियम की अनुसूची 9 और 10 के तहत यूनीवर्सल आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच कंपनियों की संपत्ति का विभाजन अभी भी लंबित है।

लोकसभा में पेश संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट, 9 पिघलते ग्लेशियरों का अध्ययन

नई दिल्ली। हिमालयी क्षेत्र में अध्ययन किए गए अधिकांश ग्लेशियर पिघल रहे हैं। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने एक संसदीय समिति को दी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इनके पिघलने की दर अलग-अलग है। पिघले हुए ग्लेशियरों ने नए बिनी हिमालय की नदी प्रणालियों के प्रवाह को पूरी तरह से प्रभावित किया है वहीं इससे प्राकृतिक आपदाओं की संख्या भी बढ़ सकती है।

बुधवार को लोकसभा में पेश संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में बताया गया है कि हिमालय के ग्लेशियरों के बढ़े पैमाने पर पिघलने और अपना स्थान छोड़ने की घटनाएं सामने में बढ़ी हैं। जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा पुनरोद्धार विभाग का कहना है कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 9 पिघलते ग्लेशियरों पर अपना सहन

अध्ययन कराया है। इसके अलावा अपने स्थान से पीछे हटने या आगे बढ़ने वाले 76 ग्लेशियरों की भी निगरानी की जा रही है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि हिमालय क्षेत्रों में हिमालय के ग्लेशियरों में अधिकांश हिमनद दरों से या तो पिघलते जा रहे हैं या फिर अपने स्थान से पीछे खिसकते जा रहे हैं। विभाग ने इस बात पर भी ध्यान केंद्रित कराया है कि पर्यावरण में बदलाव के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से हिमालयी नदी प्रणालियों के प्रवाह में तो बदलाव आएगा ही बल्कि ग्लेशियर की झीलों के फटने से बाढ़, ग्लेशियरों के कारण बर्फीले तूफान और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियरों के पिघलने के पहाड़ी घर और तलहटी में रहने वाली आबादी को आजीविका भी खतरे में पड़ जाएगी। ऐसे बदलावों से हिमालय के पैवानियमा संरक्षण और इकोसिस्टम पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। संसद की स्थायी समिति ने जल विज्ञान संबंधी सूचनाओं को पड़ोसी देशों से साझा करने में कमी पर भी सवाल उठाए हैं। समिति का कहना है कि इस संबंध में पड़ोसी देशों से कोई विशेष समझौता या संधि नहीं है।

अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिए गए 348 लोग रिहा किये गए- पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त को सूचित किया है कि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिए गए 360 लोगों में से 348 को अब रिहा कर दिया गया है। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के निजी सचिव जसप्रीत सिंह ने मुख्यमंत्री को कहा कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से संदेश मिला है कि बाकी लोगों को भी जल्द रिहा कर दिया जाएगा।इस इलाके की शुरुआत में अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने पंजाब सरकार को अल्टीमेटम दिया था कि अमृतपाल सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी सिख युवकों को रिहा कर दिया जाए। पंजाबेयर ने पुलिस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज करने के लिए राज्य सरकार को निंदा भी की।जत्थेदार के अल्टीमेटम से कुछ दिन पहले पंजाब पुलिस ने कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में से करीब 30 कुख्यात अपराधी हैं जबकि शेष लोगों को जांच के बाद रिहा कर दिया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने अमृतसर और बठिंडा तथा आसपास के इलाकों की सुरक्षा बढ़ा दी है, क्योंकि अमृतपाल सिंह अमृतसर में स्वर्ण मंदिर अथवा बठिंडा में तख्त की दमदमा साहिब में प्रवेश करने के बाद आत्मसमर्पण कर सकता है।अमृतपाल के दिलरुबा 18 मार्च को पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी और तभी से वह फरार है। लेकिन उन्हें बुधवार को वह एक वीडियो में दिखा था। नवीनतम वीडियो में, अमृतपाल सिंह अकाल तख्त के जत्थेदार से सरबत खालसा (सिख समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन) आयोजित करने का आग्रह करता दिख रहा है। अमृतपाल ने अमृतसर के मजीठा में बड़ी संख्या में इसमें हिस्सा लेने को कहा। उसने अपनाने अपील में कहा, '' अगर हमें नौजवानों और पंजाब को बचाना है तो हमें सरबत खालसा का हिस्सा

दिल्ली-एनसीआर में फिर बदला मौसम; तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

नई दिल्ली। सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते गुरुवार को भी एक बार फिर मौसम का मिजाज शाम होते-होते बदल गया। सुबह के समय आसमान साफ रहा लेकिन दोपहर के बाद अचानक बादल छाए। शाम तक कई इलाकों में गरज और तेज हवा चलने के साथ ही झमाझम बारिश शुरू हो गई है। साथ ही 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जता दी थी।

इससे पहले बुधवार सुबह तेज धूप खिलने के बाद शाम होते ही मौसम ने करवट ली थी। जिससे दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार शाम को भी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश का यह दौर 30 मार्च के अलावा 31 मार्च को भी जारी रह सकता है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में ओलावृष्टि व 30-40

किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना भी जताई है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज होगी। चार अप्रैल के बाद से एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है।

इन इलाकों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ स्थानों नरेला, बवाना, प्रीत विहार, श्रद्धानाम, नेहरू स्टेडियम, डिफेंस कॉलोनी, लजपत नगर, मा ता वै ष न न र , कालकाजी, तुगलकाबाद, छतरपुर, इग्नू, आयानगर, डोभाकोई के आस-पास के इलाकों में हल्की बारिश होगी।

सुहावने मौसम से होगी अप्रैल की शुरुआत

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत भी सुहावने मौसम के साथ होगी। चार अप्रैल तक अधिकतम तापमान 28 से 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री के बीच बना रहेगा। अमूमन एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक अधिकतम तापमान 33.5 और न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होता है।

विद्युत तार का करंट, लगने से युवक की मौत

फिरोजाबाद। कस्बा एका से बाजार कर घर लौट रहे युवक की गांव के बाहर विद्युत ट्रांसफार्मर के पास टूटे पड़े विद्युत तार की चपेट में आने से 42 वर्षीय जयपाल करंट लगने से अचेत हो गया। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। मृतक जयपाल के भाई अजय ने बताया कि जयपाल बुधवार को कस्बा एका का बाजार करने के लिए गया था। शाम करीत सात बजे वह कस्बा एका का बाजार कर घर लौट रहा था। गांव के बाहर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के पास बिजली का तार टूटा पड़ा था। इसकी चपेट में वह आ गया। उसे करंट लगा और अचेत होकर मौके पर ही गिर पड़ा। इस बीच ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन युवक को उपचार को निजी चिकित्सक के यहां ले गए। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर एका पुलिस मौके पर पहुंची।

संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत, हत्या की आशंका

मृतका के मायके वालों ने एसपी एवं एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ससुराली जनों पर हत्या करने का लगाया आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा बाजार, गोण्डा। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम जयराम जोत के मंगरे पुरवा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने और ससुरालियों द्वारा बिना मायके वालों को सूचना दिए मिट्टी भी दे दिए जाने का मामला सामने आया है। वहीं घटना की किसी तरह सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने मृतका के गले पर निशान देखकर हत्या की आशंका जताते हुए कटरा बाजार पुलिस को सूचना दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाने में सुनवाई ना होने पर मजबूर होकर मायके वालों ने एसपी एवं एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर ससुराली जनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर

हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतका नंदिनी का पोस्टमार्टम करवाकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है।

हलीम पुत्र नईम निवासी सोनवार थाना करनैलगंज गोंडा ने एसपी एवं एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है वह अत्यधिक गरीब है। उसने अपनी बेटी की शादी 1 वर्ष पूर्व मीरहसन पुत्र रहमत अली निवासी मंगरे पुरवा मौजा जयराम जोत थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा के साथ किया था। उसकी लड़की से विपक्षीगण मीर हसन पुत्र रहमत अली,अब्दुल्ला पुत्र रहमत अली, ननकई पत्नी अब्दुल्ला,रहमत अली पुत्र बहिर, रहमत अली की पत्नी निवासीगण ग्राम जयराम जोत थाना कटरा बाजार दहेज की मांग करते हुए मारते पीटते थे तथा प्रार्थी की लड़की को प्रताड़ित किया करते थे। दिनांक 26/27-3-2023 की रात को विपक्षीगण एक राय होकर प्रार्थी की पुत्री को मारा पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित को इसकी सूचना नहीं दिया गया और विपक्षीगण के द्वारा आनन-फानन में मिट्टी दे दिया गया। जिससे वह अपनी लड़की की लाश को खुदवाकर पोस्टमार्टम करवाना चाहता है जिससे मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सके। पीड़ित पिता ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करके मृतका नंदिनी का पोस्टमार्टम करवाकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है। मायके वालों के मुताबिक नंदिनी के गले पर निशान देखा तो हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर कटरा बाजार पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे संपूर्ण प्रकरण में कटरा बाजार पुलिस की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। आपको बता दें कि मृतका के तीन माह का एक लड़का भी है जिसके सिर से मां का साया उठ गया है और मायके वालों में कोहराम मचा है।

हैंडपंप रिबोर कराने की हुई माँग

कर्नलगंज, गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकार के मजरा मुलायम पुरवा निवासी संदीप शुक्ल ने खण्ड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर हैंडपंप रिबोर कराने की माँग की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसके मकान के समीप एक इंडिया मार्का हैंडपम्प स्थापित है, जो करीब छह माह से खराब है। जिसका रिबोर/मरम्मत कराने के लिए वह ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुका है। लेकिन समस्या का निवारण नही हुआ। इस संबंध में संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी श्रीकान्त तिवारी का कहना है कि एडीओ पंचायत को स्थलीय जांच कर समस्या का निराकरण कराने का निर्देश दिया गया है।

कुट्टू के आटे सेबनाए पकवान खाने से आठ बीमार, अस्पताल में कराया था भर्ती

» अष्टमी व्रत के दौरान श्रद्घालुओं ने किया था कुट्टू के आटे का सेवन

लोकमित्र ब्यूरो

फिरोजाबाद। नवरात्र की अष्टमी उपवास के दौरान कुट्टू के आटे का सेवन करने से महावीर नगर बड़ी छपेटीऔर रहना निवासी आठ लोग बीमार हो गए। परिजन उनको उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। यहां उनकी हालत में सुधार होने पर घर ले गए।

थाना दक्षिण क्षेत्र के मोहल्ला बड़ी छपेटी निवासी सुशीलादेवी, अशोक कुमार, थाना उत्तर के रहना निवासी प्रगति, गुड्डी देवी, पारुल और आकाश निवासी रहना तथा दक्षिण क्षेत्र के मोहल्ला महावीर नगर निवासी शिवराज और विवेक ने बुधवार को दुर्गा अष्टमी पर उपवास रखा था। शाम को इन लोगों द्वारा बाजार से लाए गए कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूडी बनवाकर उसका सेवन किया था। कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूडी का सेवन करने से इन लोगों को चक्कर आने के साथ ही कमजोरी लगने लगी और उल्टियां शुरु हो गई। इस बीच संबंधित परिजन सभी लोगों को उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए। यहां इनकी हालत गंभीर होने पर उपचार को भर्ती कर लिया गया। सुबह स्वास्थ्य ठीक होने पर परिजन इनको घर ले गए। नवरात्र के पहले दिन कुट्टू के आटे की पकौड़ी का सेवन करने से 17 लोग बीमार हुए थे। इनमें पांच बच्चेंभी शामिल रहे।

संचारी रोगों से निजात के लिये चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान का आयोजन करने का निर्देश जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार द्वारा जिले के सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों को प्राप्त हुआ है। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय/नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता के सुपर विजन में जनपद के सभी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा रोस्टर के हिसाब से प्रतिदिन नगर क्षेत्र के एक वार्ड में साफ-सफाई, फागिंग व एंटी लारवा का नियमित छिड़काव किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार के निर्देशानुसार व प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय/नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र

में साफ-सफाई को सुदृढ़ बनाने के लिये सभी सफाई कर्मचारियों को वार्डवार सफाई करने का निर्देश दिया गया है। पूरे नगर को साफ-सुथरा बनाने का पूरा प्रयास है। अभियान को सफल बनाने के लिए हमारे नगर पंचायत के सारे कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ नियमित कार्य कर रहे हैं। नगर पंचायत के सभी कर्मचार धन्यवाद के पात्र हैं।

स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं कि नगर क्षेत्र में रोजाना साफ-सफाई कराई जा रही है। पूरे नगर को स्वच्छ बनाना पहली प्राथमिकता है।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र के बनकट के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है।

थाना टूंडला के मितावली निवासी 45 वर्षीय जगदीश पुत्र शैतान सिंह दवा लेने के लिए घर से निकला था वह वनकट के समीप से रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया जिसके फलस्वरूप मौके पर उसकी मौत हो गई काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए इधर सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस भी पहुंच गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाए जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

थाना फरिहा क्षेत्र के गांव फाजिलपुर जरेला मैं गुरुवार की प्रातः किसी बात को लेकर जेठ जेठानी ने अनुज बधू के साथ मारपीट कर दी पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षा सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है। फाजिलपुर जरेला निवासी 35 वर्षीय नीरज देवी पत्नी हरि सिंह का बच्चों को लेकर अपने जेठ केशव से कहासुनी हो गई गुस्साए जेठ केशव और उसकी पत्नी ने नीरज देवी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी जिसके फलस्वरूप वह घायल हो गई पीड़िता ने सूचना पुलिस को दी पुलिस ने उसका डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है।

बैनामा की जमीन को फर्जी तरीके से दोबारा कराया बैनामा

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। गोंडा में फर्जी तरीके से जमीन बैनामा वसीयत सहित तमाम तरह के मामलों की बाढ़ सी आ गई है। पीड़ित पत्रकार के बैनामा की जमीन के मामले में आरोप है कि कूटरचित तरीके से दोबारा बैनामा करा लिया गया। उसी फर्जी बैनामा के आधार पर पत्रकार की जमीन को कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह मामला दीवानी न्यायालय में भी विचाराधीन है।

पीड़ित पत्रकार प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों से फरियाद लगाता रहा। मामला विनियमित क्षेत्र का होने के कारण नगर मजिस्ट्रेट से भी पत्रकार ने फरियाद लगाई। नगर मजिस्ट्रेट ने कोई कार्रवाई नहीं किया। बल्कि उल्टे पत्रकार से यह कहकर उसे निराश कर दिया कि तुम्हारी वहां पर अब कोई जमीन नहीं है। यहां तक की उसके प्रपत्र और प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच करना भी

मुनासिब नहीं समझा। जिससे प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पत्रकार ने अधिकारियों से इतना तक दावा किया कि उसकी शिकायत का निष्पक्षता से जांच करा ली जाए। यह शिकायत फर्जी पाई जाती है। तो उसे जेल भेज दिया जाए।

प्रभारी मंत्री से लगाई गुहार तब जाकर रुका काम

जिला योजना की बैठक में भाग लेने आए जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर को पत्रकार ने पूरे मामले की जानकारी दिया। मंत्री को अपना दर्द बताते हुए पत्रकार ने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से न्याय के लिए दौड़ रहा हूं। प्रशासन मेरी कोई बात नहीं सुन रहा है। जमीन पर जबरन निर्माण कराया जा रहा है। प्रशासन के अधिकारियों ने इस अवैध निर्माण को रुकवाने की भी जहमत नहीं उठाई। श्रम सेवायोजन मंत्री से पत्रकार ने कहा यह यदि उसकी जमीन पर जबरन कब्जा हो गया तो वह फांसी लगा लेगा। हालांकि मंत्री से शिकायत के बाद तत्काल विवादित जमीन पर काम रुकवा दिया गया। इस पूरे प्रकरण पर नगर मजिस्ट्रेट को फोन किया गया लेकिन उनका फोन न मिलने के कारण प्रशासन का पक्ष नहीं जाना जा सका।

आखिर क्यों कहना पड़ा एक पत्रकार को मंत्री जी मैं फांसी लगा लूंगा!

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। गोंडा। जिले में पहुंचे श्रम एवं सेवायोजन मंत्री को प्रार्थना पत्र देकर एक पत्रकार ने सबको चौंका दिया। पत्रकार ने कहा 3 दिनों से मैं पीड़ित हूं। मेरी जमीन पर कब्जा हो रहा है। पूरा मामला जानकर आप भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे। आखिर पूरा माजरा क्या है। एक पत्रकार के बैनामा की जमीन पर तीन दिनों से जबरन निर्माण हो रहा है। पत्रकार अधिकारियों के पास निर्माण रुकवाने के लिए अपनी फरियाद लगा रहा है। लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जनता की आवाज बनने वाले पत्रकार खुद न्याय की भीख मांगने लगे है। प्रशासन पत्रकार की बातों को नजर अंदाज करता रहा।

ऐसा ही एक मामला गोंडा में सामने आया है। एक चैनल के पत्रकार ने 1983 में एक जमीन अपने माता के नाम बैनामा लिया था। जिसकी चौड़ाई 39 फुट है। यह जमीन 4 बिस्वा है। इसमें प्रार्थी ने 32 फुट चौड़ाई पर अपने मकान का निर्माण करा लिया था। तथा बगल में 7 फुट प्रार्थी ने मकान मरम्मत अन्य कारणों से छोड़ दिया। अब जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाह रहे हैं। मकान के पूरब तरफ स्थित 7 फीट चौड़ा एक बिस्वा जमीन जबरन कब्जा चाहते हैं।

घर से ससुराल के लिए निकला युवक लापता 5 दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र से 5 दिन पूर्व ससुराल गए युवक लापता हो गया। तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। परीजनों ने थाने में तहरीर दी है। रामनगर हॉस्पिटल वाली गली निवासी विजय झा पुत्र श्री कृष्ण झा 25 मार्च को अपनी पत्नी को बुलाने ससुराल गया था। वह अपनी ससुराल नहीं पहुंचा। परिवारी जनों ने युवक के सभी रिश्तेदारों व दोस्तों में खोजबीन की। अभी उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने थाना लाइनपार में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। युवक बाइक पर सवार होकर घर से अपनी ससुराल के लिए निकला था। उसकी ससुराल ज्वालापुर जसवंत नगर जनपद इटावा में है। इधर गुरुवार को परिजन उसे खोजते हुए जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने अस्पताल कर्मियों से पूछताछ की कि कोई घायल अवस्था में तो नहीं आया परंतु उन्हें ऐसा कोई युवक नजर नहीं आया।

बूढ़े मां-बाप को कमरे में किया बंद, कैंची से चेहरे पर किए तब तक वार, जब तक उनकी सांस न थम गई

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगढ़। एएमयू के एक छात्र ने अपने बूढ़े मां-बाप को पहले कमरे में बंद किया, फिर कैंची से उनके चेहरे पर तब तक वार किए, जब तक की उनकी सांस न थम गई। पुलिस ने हत्यारोपी लड़के गिरफ्तार कर लिया है और मृतक दम्पति के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे द्वारा मां-बाप की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके के मोहल्ला जाकिर नगर गली नंबर 7 में मस्ज़िद के इमाम व उनकी पत्नी के डबल मर्डर से हड़कंप मच गया। एएमयू में पढ़ने वाले छात्र गुलामउद्दीन ने पिछले कई दिनों से अपने माता-पिता के साथ चली आ रही मामूली अनबन के चलते देर रात कैंची से गोदकर निर्मम हत्या कर डाली।

बुधवार देर रात घर के भीतर से

आ रही चीख-पुकार के बाद मौहल्ले के लोग घर की ओर दौड़े और घर के अंदर जाकर देखा, तो आरोपी बेटा कैंची से मां-बाप पर वार कर रहा था। दोनों के शव खून से लथपथ कमरे में पड़े हुए थे। मौहल्ले वालों ने तभी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर एसएसपी कलानिधि नैथानी इलाका पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और घर से ही आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

60 वर्षीय इशहाक मूल रूप से मीरापुर, मीरगंज, थाना स्वार, जनपद रामपुर के निवासी थे। इशहाक अपनी 57 वर्षीय पत्नी शहजादी बेगम व करीब 24 वर्षीय बेटे गुलामउद्दीन समेत चार बच्चों के साथ मोहम्मद सगीर के मकान में किराए पर रह रहे थे। इशहाक पास की ही गौसिया मस्जिद में इमाम थे। उनका बेटा गुलामउद्दीन एएमयू में बीकॉम कर रहा है।

मकान मालिक मोहम्मद सगीर ने बताया कि यह लोग चार-पांच दिन पहले ही घर में किराए पर आए थे। कुछ दिन से उनके बेटे गुलामउद्दीन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। माता-पिता से किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, जिसके चलते वह घर से भाग गया था। जिसे राजघाट से पकड़ा गया, पुलिस को अपने बयान में बेटे ने अपने मां-बाप पर आरोप लगाया कि वह उसे जान से मार देंगे।

देर रात अचानक घर के अंदर से की चीख- पुकार की आवाज सुनकर मौहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए। छोटे-छोटे बच्चों ने भी छत से शोर मचाया। मौहल्ले वालों ने मकान में अंदर जाकर देखा कि दम्पति का खून से लथपथ शव कमरे के अंदर पड़ा हुआ है। गुलामउद्दीन ने अपने छोटे भाई बहनों के सामने ही कमरे के भीतर बंद होकर मां-बाप के ऊपर कैची से कई वार करते हुए गोदकर मौत के घाट उतार दिया।

एसएसपी कलानिधि नैथानी इलाका पुलिस और फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए और आरोपी बेटे गुलाम उद्दीन को हिरासत में ले लिया। वहीं, मौके से साक्ष्य जुटाकर पंचनामा भरते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस आरोपी बेटे से पूछताछ करने में जुट गई।

अयोध्या में रामनवमी की धूम : करीब 20 लाख श्रद्धालु पहुंचे रामनगरी, हर तरफ सिर्फ जय श्री राम की गूंज

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अयोध्या में आज रामनवमी की धूम मची हुई है। नगर में लाखों की संख्या में श्रद्घालु उमड़ पड़े हैं। प्रशासन ने क्राउड मैनेजमेंट में पूरा जोर लगा दिया है। हर तरफ सिर्फ जय श्री राम की गूंज सुनाई दे रही है। पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री ने सिक्योरिटी और क्राउड मैनेजमेंट में पूरी ताकत लगा दी है।

रामनवमी के लिए देश विदेश से राम भक्त पहुंच रहे हैं और रामलला के दरबार में जन्मोत्सव मना रहे हैं। नगर में कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 20 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच गए हैं।रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। जन्मोत्सव पर रामलला रत्नजड़ित पीले वस्त्र में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। राम सहित चारों भाइयों को सोने का मुकुट पहनाया जाएगा।

रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। संगीतज्ञों द्वारा बधाई गान की स्तुति की जाएगी। जन्मोत्सव की आरती में लगभग 200 भक्त शामिल हो सकेंगे। श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि हर बार डेढ़ क्विंटल पंजीरी का भोग प्रसाद बनता था। इस बार ट्रस्ट 10 क्विंटल पंजीरी का भोग प्रसाद बनवा रहा है। रामजन्म की आरती के दर्शनार्थियों को प्रसाद बांटा जाएगा। इसके लिए ट्रस्ट एक लाख पैकेट तैयार करा रहा है। इसमें कुट्टू, सिंघाड़ा, धनिया व रामदाना की पंजीरी का मिक्स प्रसाद होगा।रामनगरी की परिधि में अब तक करीब 20 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। सबके चेहरे पर रामजन्मोत्सव की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा का उल्लास झलक रहा है। मंदिरों में गीत-संगीत उत्सव का चरम परिभाषित कर रहे हैं।

अयोध्या पहुंचे भक्तों ने बुधवार को सबसे पहले पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई। उसके बाद काफिला मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए निकल पड़ा। रामलला के दरबार में भी लंबी कतार रही। शाम होते ही पूरी रामनगरी जन्मोत्सव के उल्लास में भव्य सजावट से जगमग हो उठी। चौक-चौराहों पर जहां एलईडी पर श्रद्धालु राममंदिर निर्माण की भव्यता से रूबरू होते रहे। मेलाक्षेत्र में सात स्थानों पर सांस्कृतिक मंच भी सजे हैं। भजन संध्या स्थल में सांस्कृतिक कार्यक्रम देख भक्त आनंदित हो रहे हैं। सरयू तट से लेकर राम की पैड़ी व तुलसी उद्यान की भव्यता भक्तों को निहाल कर रही है। भक्तों में रामलला के दर्शन के साथ-साथ राममंदिर निर्माण कार्य का साक्षी बनने की भी उत्सुकता दिखी। शाम होने वाले सरयू आरती की भव्यता भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है।

भक्तों के लिए खोला गया निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ

रामनवमी पर भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रस्ट की सहमति के बाद प्रशासन ने निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ भी भक्तों के लिए खोल दिया है। जन्मोत्सव पर बृहस्पतिवार को दर्शनार्थी रंगमहल बैरियर से परिसर में प्रवेश करेंगे, निकासी जन्मभूमि पथ की ओर की जाएगी। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि नगर निगम द्वारा दर्शन मार्ग पर शौचालय व पेयजल की भी व्यवस्था कर दी है। दर्शन मार्ग पर तीर्थ क्षेत्र की ओर से निशुल्क लॉकर व व्हीलचेयर की व्यवस्था अलग से की गई है। बताया कि बिना टोकन कोई व्हीलचेयर दर्शन मार्ग पर नहीं जा सकेगी। श्रद्धालु निजी क्षेत्र के लोगों से व्हीलचेयर ले रहे हैं, जिसके लिए उन्हें पैसे देने पड़ते हैं, ट्रस्ट कोई भी शुल्क नहीं लेता है।

घर बैठे जन्मोत्सव के साक्षी बन सकेंगे भक्त

रामजन्मोत्सव का लाइव प्रसारण एएनआई व दूरदर्शन द्वारा रामलला के दरबार व कनकभवन से पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। ऐसे में जो भक्त बृहस्पतिवार को रामजन्मभूमि व कनकभवन नहीं पहुंच सकते उन्हें घर बैठे अपने आराध्य के जन्मोत्सव का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त होगा। यही नहीं दशरथ महल, रामबल्लभाकुंज, मणिरामदास की छावनी, जानकीघाट बड़ा स्थान आदि द्वारा एलईडी लगाकर भक्तों को जन्मोत्सव का लाइव दिखाया जाएगा। इसके अलावा मेलाक्षेत्र में आठ स्थानों पर एलईडी पर भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था रहेगी।

एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी गेहूं की खरीद

लोकमित्र ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि सभी क्रय केंद्र प्रभारी निर्धारित समय तक क्रय केंद्रों पर उपस्थित रहकर पूर्ण पारदर्शिता, विश्वसनीयता के साथ किसानों से गेहूं खरीद करें। सभी केंद्रों पर एक अप्रैल से गेहूं खरीद आरंभ हो जाए। खाद्य विभाग के पीसीएफ एवं नैफेड के क्रय अधिकारियों से भी पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ क्रय केंद्रों को संचालित करने को कहा।

यह निर्देश जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बुधवार को कलक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में हुई बैठक में दिए। कहा कि जिले के वास्तविक किसानों से खरीद हो, बिचौलियों से बचे। शासन से संचालित गेहूं खरीद योजना का किसानों को भरपूर लाभ प्राप्त कराएं। बचौलियों पर कड़ी निगाह रखें। यदि वह किसानों को बहकाते हुए प्रकाश में आए, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए उनके पंजीकरण की प्रगति बढ़ाएं। क्रय केंद्रों पर ज्यादा से ज्यादा गेहूं लाने के लिए प्रेरित करें।

शासन से रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया। खाद्य विभाग की विपणन शाखा एवं पीसीएफ के सभी 41 केंद्रों पर एक अप्रैल 2023 से क्रियाशील हो जाएंगे। डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक उपकरणों जैसे इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन एवं छलना तथा पर्याप्त संख्या में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में भंडारण स्थान करें सुनिश्चित

एडीएम (प्रशासन), प्रभारी अधिकारी (गेहूं खरीद) विनय कुमार सिंह ने केंद्र प्रभारियों को केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में भंडारण स्थान सुनिश्चित करें। कहा कि जिन केंद्रों पर भंडारण स्थान आपेक्षाकृत कम हैं। ऐसे केंद्रों को चिह्नित करते हुए क्रय किए गए गेहूं के उठान के लिए विशेष ध्यान दिए जाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, समस्त मंडी सचिव, केंद्र प्रभारी, एएमओ धामपुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सीएम योगी ने प्रभु श्रीराम को पालने में झूलाया

धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल न करें

लोकमित्र ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सन्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। इसी व्यापक अर्थ में हमें धर्म को अंगीकार करना होगा। धर्म की इसी अवधारणा के अनुरूप केंद्र व प्रदेश सरकार सकारात्मकता व रचनात्मकता को प्रोत्साहन दे रही है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज मे सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण हो रहा है। कहा कि पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश एकस्वर के प्रधानमंत्री की भाषा में बोल रहा है। पूरी दुनियासामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है। उन्होंने कहा कि समर्थ भारत में रामराज्य की परिकल्पना भी साकार हो रही है। रामराज्य के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक बिना भेदभाव पहुंच रहा है।

पीएम मोदी की तारीफ की

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भारत के सामर्थ्य और संवेदनशीलता को पूरी दुनिया ने देखा है। जनकल्याण के अनेक कार्यक्रम सबके सामने हैं। जरूरतमंदों को बिना भेदभाव आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की निशुल्क सुविधा दी गई। यही नहीं संकट के समय मे हर गरीब को मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया गया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवम में व्यापक परिवर्तन का अभियान चलाया जा रहा है। और यही धर्म हमें सिखाता है। उन्होंने जी-20 के नेतृत्व को देश के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि जी-20 का थीम वसुधैव कुटुम्बकम धर्म के विराट स्वरूप की व्याख्या करने वाली भारतीय मनीषा की ही देन है।

देशभर में जन्म उत्सव मनाया जा रहा

मुख्यमंत्री ने मां जगतजननी भगवती व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से सभी नागरिकों के सुखमय, समृद्धिमय जीवन की प्रार्थना करते हुए कहा कि नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ ही श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह व उमंग से मनाया जा रहा है। प्रदेश के अलग अलग स्थलों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के हर देवस्थल पर काफी उत्साह है। कल से अबतक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में पवित्र सरयू नदी में स्नान के बाद हुनमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन कर चुके हैं।

सभी शक्तिपीठों में भी लाखों श्रद्धालु जगतजननी मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की आराधना कर रहे हैं। सभी धर्मस्थलों पर दुर्गा सप्तशती व अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी प्रदेश सरकार की तरफ से सुनिश्चित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

प्रभु श्रीराम के बालरूप की आरती उतारी, पालने में झूलाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने पालने में रखे श्रीराम के बाल छवि का विधि विधान से पूजन करने के बाद आरती उतारी। उन्होंने पालने में प्रभु के बालरूप को झूलाया भी।

गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने पखारे कन्याओं के पांव, बोले– यही हमारे देश की संस्कृति है

लोकमित्र ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर स्थित भवन में विधि-विधान के साथ परंपरागत कन्या पूजन किया। उन्होंने मां भगवती के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं, एक बटुक भैरव के पांव पखारकर पहले पूजा-अर्चना की, उसके बाद अपने हाथों से भोजन कराकर दक्षिणा के साथ उनकी विदाई की। इस दौरान मंदिर में पहुंची अन्य कन्याओं को भी उसी श्रद्धाभाव से भोजन कराया गया और विदाई की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। इसीलिए नवरात्र के नवें दिन कन्या पूजन का विधान है।

कन्या पूजन का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित था। मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले आमंत्रित कन्याएं पूजन स्थल पर पहुंच गईं। सबसे पहले उन्होंने बारी-बारी से थार में नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव को खड़ा कर उनका पांव पखारा। उसके बाद टीका लगाकर चुनरी ओढ़ाई और आरती उतारी। पूजा के बाद कन्या भोज का कार्यक्रम शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री एक-एक सभी कन्याओं के पास गए और उनकी थाली में अपने हाथों से भोजन परोसा और बाकायदा पूछ-पूछ कर खिलाया। इस दौरान वह बच्चों को

दुलराते भी रहे। भोजन के बाद मुख्यमंत्री ने सभी कन्याओं की अपने हाथ से दक्षिणा देकर सम्मान के साथ विदा किया। मुख्यमंत्री से पूजाकर बच्चे प्रसन्न नजर आए। कुछ ने तो प्रतिक्रिया भी दी। बोले, योगी बाबा बहुत अच्छे हैं।

मां सिद्धिदात्री की हुई पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे मां भगवती के नवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आराधना की। मंदिर के शक्तिपीठ में दो घंटे से अधिक समय तक चले अनुष्ठान को प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी और उनकी पुरोहित टीम ने सम्पन्न कराया। दुर्गा सप्तशती के पाठ और आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ पूजा सम्पन्न हुई।

लखनऊ व्यापार मंडल ने 51 कन्याओं का पूजन किया

लखनऊ। राजधानी के चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में गुरुवार को लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा 51 कन्याओं का पूजन कर प्रसाद का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वहीं व्यापार मंडल ने माँ आदि शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया और साथ ही कन्याओं को स्कूल बैग,पेंसिल बॉक्स,टिफ़िन और प्रसाद देकर माँ काली की पूजा आरती की गई। यह आयोजन लखनऊ व्यापार मण्डल द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल,अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा,आयोजक मण्डल वरिष्ट महामंत्री पवन मनोचा,महामंत्री अनुराग मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद रस्तोगी, उपाध्यक्ष कृष्णा पाल, अनुराग दीक्षित ,निहारिका सिंह, युवा महामंत्री मनीष अरोड़ा, संजीव रस्तोगी समेत मौके पर उपस्थित रहे।

35 लाख को टैबलेट–स्मार्टफोन की तैयारी में योगी सरकार, अब तक 60 लाख रजिस्ट्रेशन हुए

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। योगी कैबिनेट ने विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 10 लाख टैबलेट और 25 लाख स्मार्टफोन खरीदने से संबंधित निविदा प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी से वित्त वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 35 लाख युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन देने का रास्ता साफ हो गया है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि योजना के तहत पांच वर्ष में दो करोड़ युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन देने का लक्ष्य है। 2022-23 के लक्ष्य के लिए बजट में 3600 करोड़ की व्यवस्था की गई है। योजना के तहत शिक्षण संस्थाओं को अपने विद्यार्थियों का विवरण डीजी शक्ति पोर्टल पर अपलोड करना है। अब तक 60 लाख युवाओं का डाटा अपलोड किया गया है। नोडल संस्था यूपी डेस्को ने 20 लाख स्मार्टफोन-टैबलेट की खरीद की थी। इनमें से 16 लाख का वितरण 2021 से अब तक किया जा चुका है। इन्हें लाभः तकनीकी व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल, नर्सिंग सहित विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययनरत युवाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं को भी लाभ मिलेगा। छह माह में सभी पात्रों को लाभः औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने बताया कि योजना के तहत इस वर्ष सभी पात्र विद्यार्थियों को आगामी छह महीने में स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित कर दिए जाएंगे। अगले वित्तीय वर्ष से स्नातक, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को ही इनका वितरण करना रहेगा।

लविवि के इनक्यूबेशन सेंटर को प्रदेश सरकार से मिली मंजूरी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर को उत्तर प्रदेश सरकार से मंजूरी प्राप्त हो गयी है। लविवि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लविवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को न केवल रोजगारपरक शिक्षा देने का कार्य कर रहा है बल्कि नवांकुर के माध्यम से रोजगार देने वाली युवा पीढ़ी तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के दिशानिर्देशन में वर्ष-2022 में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना के साथ ही सेक्शन 8 कंपनी के रूप में नवांकुर फाउंडेशन के स्थापना की गई थी। इनक्यूबेशन सेन्टर का प्रमुख उद्देश्य विश्वविद्यालय में शोध व नवाचार को बढ़ावा देते हुए स्टार्टअप एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है। इनक्यूबेशन सेन्टर के निदेशक प्रो.अमृतांशु शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश मे स्टार्टअप के लिए अनेक संभावनाएँ हैं।उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त होने से प्रदेश सरकार ने इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रचलन व्ययों की पूर्ति के लिए पांच वर्षों की अवधि तक के लिए 30 लाख रुपये प्रतिवर्ष की दर से कुल 1.5 करोड़ स्वीकृत किये हैं। यह स्वीकृति उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2020 एवं तत्संबन्धी शाशनादेशों के तहत परिचालित होगी। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप को मदद मुहैया करवाने तथा प्रोत्साहित करने, युवाओं में उद्यमिता बढ़ाने के लिए विशेष नीति बनाई है तथा प्रदेश सरकार के वित्तीय बजट में विशेष प्रावधान किया है। इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से रजिस्टर्ड स्टार्टअप को सरकार द्वारा सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। इनक्यूबेशन सेंटर एक प्रकार नव उद्यमियों के लिए एक प्रारंभिक मंच की तरह होता है जो शुरूआती दौर में स्टार्टअप की संरचना तथा उसे आगे बढ़ने में उद्यमी की मदद करता है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्यमियों के लिए एक सुगम वातावरण प्रदान तथा जरूरी मदद एक ही स्थान पर मिलने से वे नए व्यवसाय की शुरूआत करते हैं और अपने स्टार्टअप की विकास योजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते हैं। विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में इनक्यूबेशन सेन्टर की स्थापना से लाइब्रेरी, मीटिंग, कॉन्फ्रेंस, कैंटीन, पुस्तकालय के साथ तकनीकी सहयोग आसानी से सुलभ हो जाता है। इसके अलावा नव उद्यमियों को अपने बिजनेस को विकसित करने के लिए समय-समय पर नई तकनीकी जानकारी, उपकरण व प्रशिक्षण के साथ ही यह बताया जाता है कि वे अपने स्टार्टअप के लिए पैसा कहां से जुटाएं तथा नए आइडियाज के लिए कंपनी का रजिस्ट्रेशन कैसे करें।

नाटक 'आदाब अर्ज है' का हुआ मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली व सबरंग संस्था के सहयोग से हास्य नाटक आदाब अर्ज है का मंचन संगम बहुगुणा के निर्देशन में संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह,गोमतीनगर, लखनऊ में किया गया। मौलियर द्वारा लिखित (रूपांतरणः सलीम आरिफ) द्वारा भरपूर मनोरंजन युक्त नाटक का मंचन माननीय डॉक्टर दिनेश शर्मा पूर्व डिप्टी सीएम की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामई उपस्थिति में हुआ। आर के अग्रवाल, राजेश जायसवाल, विनोद मिश्रा एवम आर एस श्रीवास्तव की गरिमामई उपस्थिति प्रेक्षागृह में रही। नाटक के मुख्य पात्र जुम्मन नाई की अपनी पत्नी जुबैदा से ना पटने के कारण जुबैदा गुलमेख मोहम्मद की गूंगी लड़की शमीम आरा के इलाज हेतु उनके गुर्गों हिकमतुल्ला एवम फक्रुतुल्लाह से झूठ बोल कर जुम्मन को पिटवा कर नकली डॉक्टर बनवा कर शमीम के इलाज को भेजती है।वहीं से हास्य परिस्थितियां दर्शकों को हंसाकर लोटपोट करती हैं। पता चलता है कि शमीम अपने प्रेमी से शादी करने को गूंगी होने का नाटक कर रही थी, जिसके खिलाफ उसके पिता गुल्मेख मोहम्मद थे। संगम बहुगुणा के सटीक एवम अनुभवी निर्देशन एवम मंच के वरिष्ठ कलाकारों अशोक कुमार सिन्हा, अंबरीश बॉबी, तान्या सूरी के साथ समस्त कलाकारों द्वारा भरपूर मनोरंजन किया गया।

कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर, अप्रैल में डीए वृद्धि की घोषणा की तैयारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने पर हर माह 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। एरियर जीपीएफ में भेजने के बारे में निर्णय होना शेष है, इसलिए डीए वृद्धि की घोषणा अप्रैल में किए जाने की तैयारी है। इससे यूपी के करीब 19 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा मिलेगा।

दरअसल, केंद्र सरकार साल में दो बार महंगाई सूचकांक के आधार पर अपने कर्मियों के महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि करती है। पहली बार यह वृद्धि 1 जनवरी से और दूसरी बार 1 जुलाई से लागू होती है। आम तौर पर केंद्र के बराबर ही राज्य सरकार भी डीए और डीआर में वृद्धि करती है। केंद्र सरकार ने 24 मार्च को डीए और डीआर में 4 फीसदी

बढ़ोतरी की घोषणा की है। यूपी में भी शासन ने इसके हिसाब से गणना कर ली है। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, यहां भी डीए और डीआर को मूल वेतन पर 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी किया जाएगा। इससे सरकार को अपने कर्मियों और पेंशनरों पर प्रति माह 200 करोड़ रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

यह वृद्धि एक जनवरी से लागू होगी। अभी तक डीए का एरियर पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे राज्य कर्मियों के जीपीएफ खाते में भेजा जाता रहा है, जबकि नई पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे कर्मियों के लिए उस मूल्य की एनएससी खरीदनी होती है। नए प्रावधानों के तहत जीपीएफ में साल में पांच लाख रुपये से अधिक राशि जमा नहीं की जा सकती है।

आईएएस अधिकारियों के मामले में यह आदेश जारी कर दिया गया है, वहीं अन्य राज्य कर्मियों के मामले में यह प्रक्रिया में है। ऐसे में अब यह निर्णय लेना होना है कि पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे कर्मियों को डीए के एरियर के भुगतान को लेकर क्या प्रक्रिया अपनाई जाए। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि एरियर जीपीएफ में भेजे जाने का पुराना नियम जारी रखते हैं तो तमाम कर्मियों के मामले में यह 5 लाख की सीमा को पार कर सकता है।

एसकेडी हास्पिटल ने सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक का किया शुभारंभ

लखनऊ। राजधानी के रायबरेली रोड स्थित वृंदावन कालोनी में एसकेडी हॉस्पिटल ने बुधवार को विवि विधान से पूजन हवन कर सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक का शुभारंभ किया। जिसमें क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ आशीष सिंह के कुशल निर्देशन में जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइन सर्जरी से सम्बंधित कई जटिल आपरेशन कर स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं में महारत हासिल कर रखा है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि का उद्देश्य यही है कि विश्वास एवं सुरक्षा के साथ रोगियों के स्वास्थ्य देखभाल में अधिक सुधार करना है। इस सुपर स्पेशिलिटी क्लीनिक में सभी प्रकार की विशेष सुविधायें उपलब्ध होंगी। जिनमें आथोर्पेडिक्स, फोजीओ थैरेपी, ऑब्सट्रेटिक्स गाईनकोलॉजी, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, पीडियाट्रिक, न्यूरोलोजी, कार्डियोलोजी एवं नाक, कान गला विशेषज्ञ शामिल होगें।वहीं ग्रुप के संस्थापक प्रबंधक प्रो. एसकेडी सिंह ने एसकेडी हॉस्पिटल की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।

'अवैध डेयरियों को चिन्हित कर बंद करायें जिम्मेदार अधिकारी'

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने गुरूवार को सुबह 07:30 बजे ही जोन-01 के बन्दरियाबाग क्षेत्र स्थित क्रिश्चियन कॉलोनी का निरीक्षण किया। साथ ही स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक कर स्थानीय लोगों से जुड़े और उनकी समस्याओं को सुना। इसके पश्चात नगर आयुक्त ने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अभियान में नगर आयुक्त के साथ स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के संयोजक सुनील मिश्रा, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, राम कैलाश जलकल महाप्रबंधक, सुनील रावत नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित जोन-01 के अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। उक्त बैठक में नगर आयुक्त द्वारा कॉलोनी वासियों से वार्ता कर उनमें नगर में साफ-सफाई व्यवस्था बरकरार रखने के लिए जागरूकता का प्रसार किया गया। साथ ही उनकी तमाम समस्याओं को सुना गया। वहीं, इस दौरान क्षेत्र की सीवर लाइन को मुख्य सीवर लाइन से जोड़े जाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा बरसात के मौसम से पूर्व क्षेत्रान्तर्गत सभी नालियों की साफ-सफाई वृहद स्तर पर कराए जाने के निर्देश जोनल अधिकारी जोन-01 को दिए गए। साथ ही इलाके में मौजूद अवैध डेयरियों के खिलाफ भी वृहद स्तर पर अभियान चला कर समस्त अवैध डेयरियों को बन्द कराकर क्षेत्र से बाहर किये जाने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अभिनव वर्मा को आदेशित किया गया। साथ ही बैठक में निगम द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं से बीबी स्थानीय लोगों को रूबरू कराया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसमें संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र की निरंतर सफाई एवं फॉगिंग आदि कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

मोदी अपने मन की बात में अडानी की बात कब करेंगे?: शेखर दीक्षित

पोस्टर विवाद में 138 आप कार्यकर्ताओं पर एफ आई आर करवाकर भाजपा ने तानाशाही की झलक दिखाइः दिनेश पटेल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' पोस्टर अभियान की शुरुआत की। इस क्रम में राजधानी लखनऊ में कार्यकर्ताओं ने हजारों की संख्या में 'मोदी हटाओ-देश बचाओ के निशातगंज, अलीगंज, गोमती नगर, इंदिरा नगर, चारबाग, कैंट सरोजनी नगर सहित लखनऊ भर में हजारों की संख्या में जगह जगह पोस्टर लगाए। मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर अभियान के बारे में देने के लिए प्रदेश कार्यालय में दिनेश पटेल, शेखर दीक्षित और रोहित श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रेसवार्ता की।

प्रेस वार्ता की शुरुवात में निवर्तमान प्रदेश महामंत्री दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि जब भारत गुलाम था तब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने यह सोच कर अपना बलिदान दिया था कि आजादी के बाद देशवासियों को अच्छी शिक्षा, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, यातायात व्यवस्था, मजबूत लोकतंत्र और कानून पर चलने वाला एक राष्ट्र मिलेगा लेकिन वर्तमान सरकार के शासन में ऐसी तमाम उम्मीदें धूमिल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हर तरफ हाहाकार मचा है किसान, शिक्षित युवा, बेरोजगार, महिलाएं सभी वर्ग पीड़ित है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 30 मार्च से *मोदी हटाओ देश बचाओ* नाम से अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली में जो पोस्टर लगाए गए थे उस पर भाजपा ने 138 एफ आई आर दर्ज करवा कर तानाशाही का सबूत दे दिया। उन्होंने मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान का उद्देश्य विस्तृत रूप से समझाते हुए बताया कि जब हम कहते हैं कि मोदी हटाओ देश बचाओ तो इसका मतलब होता है अच्छी शिक्षा देना, युवाओं को रोजगार देना, अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराना, महिलाओं को सुरक्षा देना, बिजली पानी फ्री देना, महंगाई स्तर को नियंत्रित करना, लोकतंत्र को बचाना संविधान की रक्षा करना।

प्रधानमंत्री मोदी मन की बात करते हैं लेकिन अडानी के मामले में कोई बात क्यों नहीं करते?: शेखर दीक्षित

निकाय चुनाव प्रभारी लखनऊ शेखर दीक्षित ने कहा जिस देश का प्रधानमंत्री बजट में 2% शिक्षा का और 2% स्वास्थ्य का बजट रखेगा, उस देश का भविष्य क्या होगा आप सोच सकते हैं। भ्रष्टाचार और महँगाई पर सरकार बनाने वाले मोदी ने देश को अदाणी के हाथों बेच दिया इसलिए 'मोदी हटाओ देश बचाओ'। प्रधानमंत्री मोदी की गौतम अडानी के साथ उनके प्राइवेट प्लेन में बैठे हुए एक तस्वीर पत्रकारों से साझा की। उन्होंने कहा कि जिस देश का प्रधानमंत्री उद्योगपतियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके इजाद करता है और देशवासियों को स्मृद्धि से संकट की ओर ले जा रहा हो वह कभी जनहित में कार्य नहीं कर सकता और यही वजह है कि आम आदमी पार्टी ने यह नारा दिया कि मोदी हटाओ देश बचाओ। शेखर दीक्षित ने अपनी बात को जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आज जो भी बोलता है उसे जांच एजेंसियों द्वारा असंवैधानिक रूप से जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बात को समझने की जरूरत है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपनी इमेज बनाई है वह पूर्ण रुप से मिथक है। शेखर दीक्षित ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी मन की बात करना जानते हैं तो अडानी के मामले में उनके मन पर कोई बात क्यों नहीं निकलती है ? उन्होंने कहा कि विपक्ष का मतलब होता है कि सत्ताधारी पार्टी के कार्यों का और लिए गए फैसलों का मूल्यांकन कर उन्हें चेताया जाए और इस समय सभी विपक्षी दल के एक साथ खड़े हैं क्योंकि बात देश बचाने की है।

पीएम नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं वहां अडानी का साम्राज्य फलता फूलता चला जाता है: रोहित श्रीवास्तव

लखनऊ जिला अध्यक्ष रोहित श्रीवास्तव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने चुनाव के दौरान कहा था कि अच्छे दिन आएंगे लेकिन उनके यह कहने की मंशा कुछ और ही थी वास्तव में उनके अनुसार अच्छे दिन गौतम अडानी के आएंगे, सभी पूंजी पतियों के आएंगे, भ्रष्टाचारियों के आएंगे और जो लाखों करोड़ लूट कर देश से भागता है उनके अच्छे दिन आएंगे। रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं वहां अडानी का साम्राज्य फलता फूलता चला जाता है। उन्होंने कहा कि जो भी इनके खिलाफ बोलने की कोशिश करता है यह अपनी जांच एजेंसियों द्वारा उस पर एफ आई आर करवा देते हैं जबकि मोदी के कराए गए एफ आई आर का पूरा मतलब है फ्रस्ट्रेटेड इंसान की रिपोर्ट और इसीलिए यह कहने में मुझे कोई आपत्ति नहीं की नरेंद्र मोदी एक फ्रस्ट्रेटेड इंसान हैं जो अंदर से कुंठित और भयभीत हैं*। उन्होंने कहा कि 2013 में देश पर 55 लाख करोड़ का कर्जा था जो मोदी के आने के बाद 135 लाख करोड़ हो चुका है। उन्होंने कहा देश में ऐसा माहौल 75 वर्ष में कभी नहीं था जो अब हो चुका है की अभिव्यक्ति की आजादी बिल्कुल समाप्त की जा चुकी है। भाजपा शासन में हर व्यक्ति सच बात बोलने से डरता है क्योंकि उसे जेल भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के सारे संसाधन भाजपा के मंत्रियों द्वारा बेचे जा रहे हैं यह देश का दुर्भाग्य है कि एक ऐसी सरकार आई है जिसने लोगों को डरा कर अपना साम्राज्य कायम किया है। जिला अध्यक्ष रोहित ने कहा कि आज देश का किसान, बेरोजगार, शिक्षित युवा, महिलाएं, चिकित्सक सब यही चाहते हैं कि सरकार बदल जाए लेकिन वह कहने से डरते हैं क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी समाप्त की जा चुकी है। रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि हम केवल एक पार्टी नहीं है बल्कि संगठन है जो राजनीतिक दल और जनता से मिलकर बनता है इसलिए हमें पूरी आशा है कि हमारे इस अभियान मोदी हटाओ देश बचाओ में जनता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगी और अब इस तानाशाही को समाप्त करने का वास्तविक समय आ चुका है।

चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना इटौंजा के अंतर्गत ग्राम बेलवा में चोरों का आतंक से ग्रामीण परेशान है। बुधवार की रात 12:00 बजे 3 घरों में चोरी की सूचना प्राप्त हुई। पीड़ित छोटेलाल ने बताया कि ब्रजरानी के बक्से का ताला तोड़कर सोने के गहने कान के जेवर नाक की कील व बूंदा चोर चुरा कर ले गए। वही संजना के घर से चोर ताला तोड़कर ₹2000 निकाल ले गए। चोर नंदकिशोर रावत के घर पर हाथ साफ करने में सफल नहीं हो सके नंदकिशोर रावत ने बताया कि चोरों ने ताला तोड़ा ही था की जानकारी मिलते ही शोरगुल सुनकर चोर भाग गए।क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस गस्त की पोल खुलती नजर आ रही है। पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों के हौसले बुलंद है आए दिन चोरी की घटनाएं सुनाई देती है।

संक्षेप

चैत्र नवरात्र/श्रीरामनवमी के अवसर पर जनपद के प्रसिद्ध मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ/देवी गायन/देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया

अमेठी। शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों व विकास खण्डों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती/देवी गायन/देवी जागरण/रामायण का पाठ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया गया था जिसके अनुपालन में जनपद की तहसील तिलोई अंतर्गत अहोरवा भवानी व अष्टभुजा मंदिर, तहसील अमेठी अंतर्गत मां कालिकन धाम व देवीपाटन मंदिर, तहसील गौरीगंज अंतर्गत दुर्गन भवानी तथा मवाई धाम एवं तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत कामाख्या मंदिर एवं हिंगलाज मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ/देवी गायन/देवी जागरण/रामायण पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के अवसर पर मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारो ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंगलम महिला महाविद्यालय मुसाफिरखाना मे राम जन्मोत्सव पर भये प्रगट कृपाला का कार्यक्रम रामायण गुरुकुल सोसायटी के साथ सयुंक्त रूप से मनाया गया

अमेठी। राम जन्मोत्सव अवसर पर राम जन्मोत्सव कलश यात्रा रंगोली भजन सोहर सहित कई झाँकिया प्रस्तुत की गयी. कार्यक्रम मे विभू बाजपेयी अल्का बाजपेयी निहारिका घनश्याम पाण्डेय कमला तिवारी राजू ओझा हनुमंत विश्वकर्मा डॉ राम किशोर दिलीप माहेश्वरी सहित विद्यालय स्टॉफ मंगलम इंटर और जूनियर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किया गया।घनश्याम पाण्डेय अल्का बाजपेयी कमला तिवारी आदि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुरस्कार वितरित किया।

हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्री राम की निकाली गई शोभायात्रा

जगदीशपुर/अमेठी। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत फैजाबाद रोड मौर्या की बाग से भगवान श्री राम जी की शोभायात्रा गुलाब गंज चौराहा होते हुए रामलीला मैदान पहुंची ।इस मौके ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश विक्रम सिंह , मास्टर सजन बहादुर सिंह, भगवानदास सेट, रामचंद्र शुक्ला, सुरेश यज्ञ सैनीएवं सामाजिक कार्यकर्ता व क्षेत्र भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे शोभा यात्रा में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के दृष्ट से क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना गौरव सिंह व प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सेक्टर- 76, नोएडा बाजार कमेटी ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

नोएडा। पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सेक्टर- 76, नोएडा दैनिक बाजार कमेटी ने सेक्टर- 76, नोएडा पर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी रामेश्वर स्वामी, राकेश, परवेज आलम, देवनारायण, पप्पू, मेघनाथ सैनी, रामरक्षपाल, अभय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता लाला पहलवान, अभय सिंह आदि के नेतृत्व में आज विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे के बारे में जानकारी देते हुए यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी यूनियन की सेक्टर- 76, नोएडा बाजार कमेटी द्वारा आयोजित भंडारे में कई सौ गरीब जरूरतमंद लोगों ने पर निशुल्क भोजन किया। उन्होंने कहा कि हमारी कमेटियां इस तरह के कार्यक्रम अक्सर आयोजित करती रहती है।

चैत्र राम नवमी के उपलक्ष पर भंण्डारे का आयोजन

अमेठी/जगदीशपुर। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत राम नवमी के पावन पर्व पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों व भक्त गणों ने प्रसादी ग्रहण कर प्रसाद को चखा व भक्ति गीतों का आनंद लिया। गुलाब गंज चौराहा रायबरेली रोड स्थित श्री संत लाल मौर्या व उनके तीनों पुत्रों सुशील कुमार मौर्या आशीष कुमार मौर्या संतोष कुमार मौर्या सभी के सहयोग से राम नवमी के पावन पर्व पर भव्य भंडारे का आयोजन किया। भक्ति गीतों के साथ मां जगत जननी जगदंबा व जय श्रीराम के गगनभेदी नारों व उद्घोष से गूंज मान हो गया। राहगीरों व भक्तगणों ने हजारों की संख्या में लगभग प्रसाद का आनंद लिया व प्रसादी ग्रहण कर करके ठंडा पानी पीकर अपने मन को शांति प्रदान की।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से विवाहिता की मौत

फिरोजाबाद थाना खैरगढ़ के गांव बबाइन मैं गुरुवार की दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगने से मौत हो गई शवको विशेषण के रहना रखवा दिया है। बबाइन निवासी 35 वर्षीय रामादेवी पत्नी मनोज कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से बेहोश हो गई परिजन उसे फांसी से उतारकर आनन-फानन में उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया रामा देवी ने फांसी लगाकर स्वयं आत्महत्या की या उसे मार कर लटका दिया इसकी असालिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।

किशोरी ने लगाया पडोसी युवक पर छेड़छाड़ का आरोप, दी तहरीर

शिकोहाबाद। किशोरी ने अपने साथ घर में घुस कर पड़ोस युवक पर छेड़छाड़ तथा विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता अपनी मां के साथ थाना पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच कराकर पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही का आश्वासन दिया है। नगर के एक मोहल्ला में एक विधवा महिला घरों में चौका वर्तन का काम कर अपना और अपनी पुत्री का भरण पोषण कर रही है। आरोप है कि जब किशोरी की मां चौका वर्तन करने गई थी, तभी पडोस में ही रहने वाला युवक उसके घर में घुस आया और किशोरी का हाथ पकड़ कर उससे अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि युवक ने उसके साथ जबरजस्ती की। जब किशोरी ने विरोध किया और चीख पुकार करती हुई घर से बाहर भागी तो युवक ने सड़क पर उसे पकड़ लिया और मारपीट करने लगा।

मामा-भांजी की घिनौनी प्रेमकथा: प्रेमी संग मां-बाप को मारा, जेल में दिया था बेटे को जन्म

लोकमित्र ब्यूरो

कन्नौज। कन्नौज जिले में मां-बाप को प्रेमी के साथ मिलकर मौत की घाट सुला देनी वाली बेटी को जब अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई, तो वह भरी अदालत में बिलख पड़ी। तीन साल के मासूम बेटे को कलेजे से लिपटा कर फूट-फूट कर रोती रही। कभी आंचल से आंख के आंसू पोछती, तो कभी बेटे का चेहरा पोछती।

सामने कठघरे में खड़ा प्रेमी गुमसुम उसे निहारता रहा। अपने मामा संग प्रेम की पींगे बढ़ाने वाली संगीता और प्रेमी प्रवेंद्र की खूनी प्रेम कहानी पूरी तरह फिल्मी है। पहले तो दोनों छिप-छिप कर मिलते रहे। बाद में जब उन दोनों को घर में संगीता की मां ऊषा ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और आपत्ति जताई।

इस पर दोनों ने मिलकर खतरनाक मंसूबा बनाया और वारदात वाली रात आठ अक्तूबर 2018 को संगीता ने मोबाइल करके प्रवेंद्र को रात में घर बुलाया। रात में सोते समय पिता रमेशचंद्र और मां ऊषा पर फावड़ा से ताबड़तोड़ कई वार किया। इस हमले में रमेशचंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, जबकि ऊषा ने जिला अस्पताल पहुंचकर दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों फरार हो गए। उनकी फरारी से ही पुलिस का शक और बढ़ गया। इसके बाद दोनों नाम बदल-बदलकर अलग-अलग शहरों में रहे। सुराग न लगे, इसलिए मोबाइल का सिम भी बदल लिया। दोनों मुंबई गए, वहां से कोलकाता पहुंचे।

यहां नाम बदलकर रहने लगे। इस बीच पुलिस को दोनों के कोलकाता के पास हुगली में होने की जानकारी मिली। वहां पहुंची पुलिस दोनों को दबोच कर यहां ले आई। जिला शासकीय अधिवक्ता मोहम्मद सालिम ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में दोनों ने प्रेम-प्रसंग में बाधा बनने पर हत्या की बात कुबूल की थी।

कोलकाता से यहां लाने के बाद संगीता को जब जिला जेल भेज गया, तो मेडिकल जांच में वह गर्भवती पाई गई थी। कुछ महीने के बाद उसने वहां बेटे को जन्म दिया। बेटे का नाम कृष्णा रखा। बुधवार को जब अदालत में संगीता और प्रवेंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई जा रही थी, तो वह इस पूरे मामले से बेखबर खेलने में लगा था।

सजा सुनने के बाद जब संगीता फूटफूट कर रोने लगी, तो कृष्णा एकटक उसे देखने लगा। मां को रोता देख वह भी रोने लगा, तो संगीता ने उसे लिपटा लिया। यह नजारा देखकर वहां मौजूद सभी लोग कुछ देर के लिए भावुक हो गए। सभी की जुबान पर यही चर्चा थी कि मां-बाप की गलती की सजा इस मासूम को भी मिल रही है।

मां-बाप की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के दौरान संगीता कठघरे के पास ही फर्श पर बैठी थी। प्रेमी प्रवेंद्र कठघरे में था। सजा सुनने के बाद जब वह रोने लगी, तो प्रवेंद्र उसे एकटक देखने लगा। कुछ देर बाद संगीता को सजा की कॉपी दी गई।

रिसीविंग के दौरान संगीता ने हस्ताक्षर किया, जबकि प्रवेंद्र ने अंगूठा लगाया। कॉपी लेकर संगीता फर्श पर बैठ कर ही पढ़ती रही। इसके बाद प्रवेंद्र को धीरे-धीरे पढ़कर कोर्ट के आदेश को सुनाती रही। फिर दोनों उसी कॉपी को देखकर आपस में खुसर-फुसर करते रहे।

अदालत ने जब दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई, तो उन दोनों के ही परिवार का कोई सदस्य अदालत में मौजूद नहीं था। दोनों के वकील को सजा सुनाने से पहले अपना पक्ष रखने को कहा गया। उसने कम से कम सजा देने की वकालत की।

अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए जिला शासकीय अधिवक्ता मोहम्मद सालिम की दलीलों को सुनकर जिला जज ने उम्रकैद की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में जो 13 गवाह पेश हुए थे, उसमें से एक संगीता का चाचा बृजलाल ने ही मुकदमा लिखवाया था। परिवार के सभी सदस्यों ने भी इनके खिलाफ गवाही दी थी।

मिहिरभोज इंटर कालेज में नव-निर्मित पुस्तकालय भवन का निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। एनटीपीसी दादरी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मिहिरभोज इंटर कालेज दादरी में नव-निर्मित पुस्तकालय भवन, सीएचसी दादरी में कोविड वार्ड और ग्राम श्यौराजपुर से ग्राम खोदना कलां के बीच सीसी रोड का उद्घाटन 30 मार्च को मिहिरभोज इंटर कालेज में हुआ। कार्यक्रम में सांसद (गौतमबुद्धनगर) डा0 महेश शर्मा , विधायक (दादरी) तेजपाल नागर, मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर तेजप्रताप मिश्र, एवं मुख्य महाप्रबंधक (दादरी) गंपा ब्रह्माजी राव, और महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वी शिवा प्रसाद राव, के कर-कमलों से हुआ।

एनटीपीसी दादरी नैगम सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत रू0 58.19 लाख की लागत से मिहिर भोज इंटर कालेज दादरी में पुस्तकालय भवन का निर्माण, रू0 33.15 लाख की लागत से सीएचसी दादरी में कोविड वार्ड एवं रू0 39.60 लाख की लागत से ग्राम श्यौराजपुर से ग्राम खोदना कलां के बीच सीसी रोड का निर्माण किया गया है। इन भवनों तथा सीसी रोड के निर्माण से दादरी क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं निवासियों को लाभ मिलेगा। एनटीपीसी दादरी अपनी स्थापना काल से ही आसपास के ग्रामों के विकास में सहायता के लिए कृत संकल्प है। विकास के विभिन्न कार्यों को हमारे सीएसआर विभाग द्वारा पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में दादरी क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे।

झाडियों में मिला अज्ञात युवक का शव

जगदीशपुर, अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव सड़क के किनारे झाडियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ागांव रेलवे क्रॉसिंग के निकट सड़क के किनारे एक युवक का अधजला शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जहां आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस नें घटनास्थल का निरीक्षण कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जहां अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना गौरव सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और अपने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों व सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए भरसक प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई।

नवरात्रि ! अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने की मा सिद्धिदात्री की पूजा

» **मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचन्द्रजी का मनाया गया जन्मोत्सव समारोह**

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के अंतिम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की धूप दीप मिष्ठान फल फूल आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दुर्गा को दुर्गति नाशिनी भी कहा जाता है वस्तुतः संसार का सृजन पालन और संहार करने वाली आद्यशक्ति एक ही है दुर्गा सप्तशती के अनुसार आदि शक्ति भक्तजनों के मध्य में दुर्गा के नाम से जानी जाती है रुद्रयामल तंत्र में आदि शक्ति के

दुर्गा नाम का निर्वयन करते हुए बताया गया है कि जो दुर्ग के समान अपने भक्तों की रक्षा करती है अथवा जो अपने भक्तों को दुर्गति से बचाती है वही आदि शक्ति दुर्गा है । अंतता नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने व्रत धारण कर मां दुर्गा के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा आदि देकर अपने व्रत को पूर्ण किया। दोपहर 12 बजते ही भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की स्तुति से वातावरण गुंजायमान होने लगा प्रभु श्री रामचंद्र जी के जन्म लेते ही घंटा घडियालो के बजने जय श्रीराम के उद्घोष से सारा वातावरण प्रभु की भक्ति से सराबोर हो गया।

रामनवमी पर नहीं हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

शासन के निर्देश पर चिन्हित मंदिरों में 22 मार्च से लेकर 30 मार्च तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को रूपरेखा तैयार की गई थी इसी कड़ी में अमरा देवी मंदिर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पूर्व में चिन्हित किया गया था हुआ यह कि मंदिर की दीवार पर बैनर लगाकर औपचारिकता पूरी की गई परंतु किसी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं हुआ लोगों के मध्य इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

जनपद स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का मुख्य विकास अधिकारी ने किया समापन

अमेठी। श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड गौरीगंज में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आज मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने समापन किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा बिक्री करने वाले दुकानदारों को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया। खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि 20 से 30 मार्च 2023 तक आयोजित प्रदर्शनी में दुकानदारों द्वारा कुल 1.15 करोड़ की बिक्री की गई है। समापन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए स्टाल लगाए दुकानदारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा अशोक कुमार सिंह, पूर्व जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

ताक पर यातायात नियम, मनमानी के परिचायक ध्वनि प्रदूषण के साथ मुख्य मार्ग पर भरते तेज फर्राटा

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। एक ओर परिवहन विभाग बाइको व अन्य वाहनों के लिए तमाम नियम कानून बनाती है परन्तु बिडम्बना देखें कि वही सामान ढोने के लिए बाइक लगाकर बनाई गई तीन टॉग की ठेलिया का कोई पुरसाहाल नहीं है, और तो और ऐसे वाहन पानी खींचने वाले इंजन से बने है। चालू करने के लिए स्टार्टर लगा है। इसे चलाने के लिए हैंडिल और सीट भी दी गई है। साथ ही पानी रखने, गन्ना रखने, डस्टबिन रखने और गन्ने का रस निकालने के बाद गन्ने की खोई को रखने के लिए छत पर जगह बनी हुई है। डिस्पोज छत के नीचे टांग दिए हैं। गाड़ी के एक-एक इंच का उपयोग किया गया है। विदित, एक बड़ा सवाल ! सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने तमाम नियम कानून बना रखे हैं जैसे बाइक चलाते समय हेलमेट लगाना अनिवार्य है चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आदि के साथ ही साथ सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जागरूकता उत्पन्न किए जाने के उद्देश्य प्रशासन के द्वारा यातायात सप्ताह, यातायात माह, यातायात पखवारा जैसे तमाम कार्यक्रम समय समय पर चलाए जाते हैं। इसके विपरीत सामान ढोने के लिए बाइक लगाकर बनाई गई ठेलिया व पानी खींचने वाले इंजन से बने वाहन को न तो एआरटीओ पूछता है न तो प्रशासनिक अधिकारियों की दृष्टि इन पर पड़ती है । अब सवाल यह उठता है कि शहर के अंदर धीमी गति तथा मुख्य मार्ग पर तेज फर्राटा भरते हुए देखे जाते हैं । प्रथम दृष्टि सें न तो हेलमेट न सीट बेल्ट से कोसो दूर राह चलते वाहनों के कारक बनें। समय के गर्भ में हैं, सम्बन्धित विभाग! कब सुरक्षा की दृष्टि यातायात के नियमों को पालन करतें प्रकाशन लेना?

01 व 02 अप्रैल 2023 को जनपद की चारों विधानसभाओं में लगेगा पोषण मेला

अमेठी। मा केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार/सांसद अमेठी श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी जी के निर्देशन में पोषण उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत 01 व 02 अप्रैल 2023 को जनपद अमेठी की चारों विधानसभाओं के साथ ही जनपद रायबरेली की सलोन विधानसभा में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पोषण मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बुधवार देर शाम कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जनपद अमेठी की विधानसभा गौरीगंज के श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड, अमेठी व जगदीशपुर में रामलीला मैदान तथा तिलोई में एसपीएन इंटर कॉलेज ग्राउंड में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है।

एकल अभियान ने रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली भव्य भगवा यात्रा

» **नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। जिले के रामसनेही घाट के भिटरिया स्थित एकल अभियान के अंचल कार्यालय से एकल अभियान के ग्राम स्वराज मंच द्वारा श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम भगवा यात्रा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से गाजा बाजा, भगवा ध्वज, बाइक के साथ रैली निकाली गई। हर किसी के हाथ में भगवा ध्वज था नगर पंचायत राम सनेहीघाट भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया।

नजारे को देखकर लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम,जय श्रीराम के नारे लगाए। भगवा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं नगर पंचायत रामसनेहीघाट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दीपक वर्मा भी भगवा यात्रा में

अपने भारी समर्थकों के साथ शामिल हुए।आज के भव्य शोभा यात्रा के दौरान रामसनेहीघाट की पुलिस भी चाक चौबंद रही। भगवा यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए शिवमन्दिर भिटरिया बाजार पहुंची जहां आरती पूजन कर यात्रा का विसर्जन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान नीरज शुक्ला, विनोद अग्रवाल, डॉ राजेश सिंह, दीपक वर्मा, श्रेयांश सिंह सूरज, अनुज सिंह सिसौदिया, हरगोबिंद सिंह, रामकुमार श्रीवास्तव, जय करन, पुरषोत्तम शर्मा, नैमिष सिंह, अमित गुप्ता, संतोष शुक्ला, प्रशांत वर्मा, शैलेश पांडेय सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

अमेठी डाक अधीक्षक की तैनाती नहीं, सांसद हुई फेल

» **जिला पंचायत अध्यक्ष के वायदे भी बेबुनियाद**

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। प्रधान डाकघर मे अमेठी की तैनाती नही हो पायी ।सब काम उधार से चल रहा है। आधा दर्जन पटल सहायक की तैनाती अधर मे फसी पडी है। एटीएम भी केबिन निर्माण के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नही चल पायी।कर्मचारी की तैनाती एटीएम के लिए प्रशासन नही कर सका। प्रधान डाकघर अभी शाखा डाकघर के भवन मे चल रहा है। प्रधान डाकघर का प्रस्तावित भवन निर्माण कार्य का नक्शा तो बनकर गया। नौ साल बाद भी कोई अधिकारी लौट कर नही आया।

बताते चले कि 13 जून 2013 मे प्रधान डाकघर अमेठी स्थापित हुआ। जिसमे सुल्तानपुर जिले के उप डाकघर, शाखा डाकघर अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिरखाना के शमिल हुए है। लेकिन रायबरेली जिले की तहसील तिलोई के उप डाकघर,शाखा डाकघर अभी प्रधान डाकघर से जुडे है। उसे अमेठी डाकघर से नही जोडा गया। केन्द्र सरकार अमेठी से सौतेला व्यवहार करती नजर आ रही है। उसे भाजपा चाहकर भुला नही पा रही है। कथनी और करनी साफ साफ फर्क दिख रहा है।

अमेठी सांसद एव केन्द्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने भाजपा कार्यकर्ता अजय कुमार, अशोक कुमार,सुभाष कुमार,जय प्रकाश, सुनील कुमार,तीर्थ राज आदि ने डाक अधीक्षक की तैनाती की मांग उठाई। लेकिन अनसुनी कर दी ।चार साल बीतने जा रहे है।

भाजपा नेता राजेश कुमार अग्रहरि ने बिगत वर्ष अपने राजेश मसाला फ़ैक्टरी पर पत्रकार वार्ता मे कही कि प्रधान डाकघर अमेठी मे अधीक्षक की तैनाती शीर्ष नेतृत्व और सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी के प्रयास करवाने की बात कही थी। लेकिन अब तक कही बात सच्चाई से परे है।

सपा पूर्व बिधान सभा अमेठी अध्यक्ष शम्भू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अब ठेकेदार के हाथ सरकारी बिभाग बेच रही है। डाक अधीक्षक की तैनाती कैसे होगी। नौ साल बीत गए। भाजपा मे केंद्र सरकार अमेठी को फूटी ऑख नही देखना चाहती है। सब ऑखो के समाने है। अमेठी मे हुए बिकास से जलन है।

कांग्रेस किसान कमेटी अमेठी जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी का कहना है कि अमेठी के साथ केंद्र सरकार सौतला व्यवहार कर रही है। जनता को सहूलियत नही दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी चुनाव वायदे किए। लेकिन एक भी पूरा नही हुआ। अमेठी डाक अधीक्षक का पद नौ वर्षो से रिक्त है। तिलोई तहसील के उप डाकघर,शाखा डाकघर अभी रायबरेली जुडे है। अमेठी प्रधान डाकघर से क्यो नही जोडा गया। जनता के साथ सांसद स्मृति जुबिन ईरानी और भाजपा केंद्र सरकार भी वोट लेने बाद भूल गई। जिले मे डाक अधीक्षक की तैनाती को लेकर महामहिम राष्ट्रपति से गुहार लगायेंगे।

आम आदमी पार्टी अमेठी जिलाध्यक्ष हरि शंकर जायसवाल ने कहा कि भाजपा का सौतेला व्यवहार जग जाहिर है। जब बिभाग मे अधिकारी नही रहेगे। तो काम नही करना पडेगा।प्रधान डाकघर का एटीएम ना चालू होना। सरकार की असलियत की पोल खोल दी।

बसपा अमेठी जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार का कहना है कि भाजपा सरकार बिकास नही करती है। लोगो को रोजगार छीन ली। डाक अधीक्षक की तैनाती ना सरकार की नियत मे खोट है। वोट जिसने दिया। उसका भी लिहाज नही है। सरकार निरंकुश हो चली है। भाकियू जिलाध्यक्ष चुन्नू सिंह का कहना है कि अधीक्षक की तैनाती नही हुई। भाजपा सरकार जबाब दे। किसान संघर्ष करने को तैयार है।

सुधा सिंह ने अयोध्या मे गोल्ड मेडल हासिल जीता

अमेठी।अयोध्या सांसद खेल महोत्सव मे गोला फेक प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान अमेठी जिले के बेटी सुधा सिंह ने हासिल किया है। सुधा सिंह अमेठी जिले के ब्लॉक अमेठी के गुलालगढ़ डेहरा निवासी श्रीमती विभा सिंह वा दान बहादुर सिंह की बेटी चांदनी सिंह पत्नी गौरव सिंह की बहन है जो अयोध्या स्थित उदया पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 की छात्रा है सुधा सिंह की इस उपलब्धि पर पूर्व प्रधान अशोक कुमार शुक्ल,दिवाकर पाण्डेय,छेदी पाण्डेय,लालता प्रसाद यादव,छोटे तिवारी,हरिहर मिश्र,सुशील कुमार सिंह ने खिलाडी सुधा सिंह को बधाई दी है।

पूर्वांचल और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर महंगा होगा सफर, एक अप्रैल से देने होंगे ज्यादा रुपये

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वांचल और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सफर करना अब थोड़ा महंगा होगा। हल्के मोटर वाहन से लेकर व्यवसायिक और विशाल आकार के वाहनों को अब एक अप्रैल से इन दोनों एक्सप्रेस-वे पर चलने के लिए वर्तमान दर से 0.1 प्रतिशत से लेकर 2.9 प्रतिशत अधिक टोल चुकाना होगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हल्के वाहनों के लिए अब 675 रुपये की जगह 685 रुपये टोल देना होगा जबकि आगरा एक्सप्रेस-वे के लिए इन वाहनों की दर 650 रुपये से बढ़ाकर 655 रुपये की गई है। आइआइडीसी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लोक भवन सभागार में हुई उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की 81वीं बोर्ड बैठक में संशोधित दरों के प्रस्ताव पर निदेशक मंडल ने मुहर लगाई। बोर्ड बैठक में अगले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिए जो संशोधित दरें तय की गई हैं उसके अनुसार हल्के मोटर वाहन की टोल दर 685 रुपये होगी जबकि हल्के व्यवसायिक वाहन की दर 1090 रुपये तय की गई है। बस या ट्रक की टोल दर 2195 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीन की 3365 रुपये तथा विशाल आकार के वाहनों की टोल दरें 4305 रुपये निर्धारित की गई हैं। वहीं, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के लिए हल्के मोटर वाहन, हल्के व्यवसायिक यान, बस या ट्रक, भारी निर्माण कार्य मशीन तथा विशाल आकार यान की टोल दरें क्रमशः 655 रुपये, 1035 रुपये, 2075 रुपये, 3170 रुपये तथा 4070 रुपये निर्धारित की गई हैं।

निदेशक मंडल की बैठक में मनोज कुमार सिंह गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य को गति देने का निर्देश दिया। हालांकि उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण गति पर संतुष्टि जताई। गंगा एक्सप्रेस-वे में अब तक सी एंड जी (क्लीयरिंग एंड ग्रबिंग) का कार्य 88 प्रतिशत से अधिक किया जा चुका है। मिट्टी का कार्य भी 20 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिया गया है। आइआइडीसी ने अधिकारियों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना में एडवांस ट्राफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) के इंस्टालेशन की प्रकिया तेज करने एवं निर्माण कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश दिया। बोर्ड बैठक में गंगा एक्सप्रेस-वे में सेफ्टी कंसलटेंस की नियुक्ति के लिए बिड प्रक्रिया के प्रस्ताव पर बोर्ड से अनुमोदन लिया गया। निदेशक मंडल की बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर परियोजना के लखनऊ, कानपुर तथा अलीगढ़ नोड में अतिरिक्त भूमि प्राप्त किए जाने से संबंधित प्रस्ताव पर भी बोर्ड द्वारा सहमति प्राप्त की गई। बैठक में यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण सहित निदेशक मंडल के सदस्य शामिल हुए।

12 साल की बच्चे की हत्या: सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई और दिल्ली सरकार को नोटिस, चार हफ्ते में मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2014 में एक लड़के के अपहरण और हत्या की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस वीआर सुब्रमण्यम और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने नाबालिग के पिता सतीश कुमार सतीश कुमार की याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो, दिल्ली सरकार और क्राइम ब्रांच के डीसीपी को नोटिस जारी किया और उनसे चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

दिल्ली हाईकोर्ट के 7 दिसंबर, 2022 के आदेश में मामले को सीबीआई को ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सतीश कुमार ने शीर्ष कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। सतीश कुमार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से कहा किजांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं की गई है और हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को ट्रांसफर न करके गलती की है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 11 सितंबर, 2014 को करीब 10:30 बजे सतीश की पत्नी ने उन्हें सूचित किया कि उनका बच्चा हेमंत (12 वर्षीय) लापता है, जिसके बाद 12 सितंबर को यहां बवाना पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। बाद में बच्चे का शव हरियाणा के हलालपुर गांव से बरामद किया गया। फिर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूतों को गायब करना) के तहत मामले प्राथमिकी में जोड़े गए।

जांच के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों सुनील और रंजित को उनके मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया, जहां शव पाया गया था। बाद में दोनों संदिग्धों को पुलिस ने छोड़ दिया। संतोषजनक जान होने व्यथित सतीश कुमार ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाकर जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर करने का आदेश दिया, क्योंकि स्थानीय पुलिस मामले में कोई खास प्रगति नहीं कर पा रही थी।

याचिका में कहा गया, करीब चार से पांच साल बीत जाने के बाद भी संदिग्धों के खिलाफ महत्वपूर्ण सबूतों के बावजूद क्राइम ब्रांच संदिग्धों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं जुटा सकी, जिसने याचिकाकर्ता को 2021 में सीबीआई को जांच ट्रांसफर करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने के लिए मजबूर किया। हाईकोर्ट ने 7 दिसंबर, 2022 के अपने आदेश में कहा कि क्राइम ब्रांच ने जांच की और अपराध करने वाले सभी संदिग्धों का नार्को टेस्क, ब्रेन मैपिंग और पॉलीग्राफ टेस्ट किया।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि उसे 2020 में पालघर में तीन लोगों की कथित लिंचिंग की सीबीआई जांच का आदेश क्यों देना चाहिए, जबकि राज्य को इस तरह की जांच पर कोई आपत्ति नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा है।

महा विकास अघाड़ी सरकार ने किया सीबीआई जांच का विरोध

चीफ जस्टिस (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आज महाराष्ट्र सरकार के वकील से कहा, 'हमें यह आदेश क्यों पारित करना चाहिए कि आप (महाराष्ट्र) इसे सीबीआई को दें।' इससे पहले पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मामले की सीबीआई जांच की याचिका का विरोध किया था।

र्ष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल तय की

हालांकि, सरकार बदलने के साथ ही रुख भी बदल गया है और राज्य सरकार के वकील ने पीठ से कहा कि वह सीबीआई जांच से सहमत है। बेंच ने इसके बाद राज्य सरकार से इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा और याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख तय की। राज्य सरकार ने बेंच को यह भी अवगत कराया कि अब तक दो आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं और मुकदमे में तेजी नहीं आई है।

भगवान राम का जीवन हर युग में मानवता के लिए प्रेरणा : पीएम मोदी

नई दिल्ली। देशभर में आज रामनवमी मनाई जा रही है। रामनवमी का पर्व आज देशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज ही के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने भी लोगों को बधाई दी है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने ट्वीट कर रामनवमी की बधाई दी और कहा कि 'राम नवमी पर सभी देशवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के चरित से त्याग व सेवा का अमूल्य संदेश मिलता है। सभी देशवासी, प्रभु राम के उच्च आदर्शों को आचरण में ढालें और एक गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करें, ऐसी मेरी मंगलकामना है।' उन्होंने लोगों से

भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने और भारत को एक गौरवशाली राष्ट्र बनाने में स्वयं को समर्पित करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर रामनवमी के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी और कहा कि भगवान राम का जीवन हर युग में मानवता के लिए प्रेरणा हैं। मोदी ने उनकी जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले त्योहार के अवसर पर ट्वीट किया, 'मर्यादा पुरुषोत्तम' भगवान राम का जीवन त्याग, तपस्या, संयम और संकल्प पर आधारित था।'

गृह मंत्री अमित शाह (Amit Shah) ने ट्वीट किया कि सभी को रामनवमी के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोतम प्रभु श्रीराम ने धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने के साथ विकट परिस्थितियों में भी धैर्य और सभी के लिए एक समान दयालुता के भाव की शिक्षा पूरे मानव जगत को दी। प्रभु श्रीराम सभी पर अपनी कृपा बनाये। जय श्रीराम!

रामनवमी का पर्व आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। रामनवमी से पहले नौ दिन के नवरात्र व्रत रखे जाते हैं। रामनवमी के अवसर पर भक्तों ने राम लला मंदिर में पूजा अर्चना की और सरयू नदी में श्रद्धालुओं ने पावन स्नान किया।

'भगवान राम केवल लकड़ी या पत्थर की मूरत नहीं, इस देश की पहचान हैं'

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भगवान राम केवल लकड़ी या पत्थर की मूरत नहीं हैं, बल्कि भारत की पहचान हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार अस्पतालों, स्कूलों का निर्माण करेगी, उद्योग स्थापित करेगी और मंदिर भी बनाएगी। रक्षामंत्री रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा, 'जब राम मंदिर के निर्माण की बात आई, तो बहुत से लोगों ने इस पर अपने विचार देने शुरू कर दिए थे। कुछ लोगों ने सुझाव दिया था कि रामलला के जन्मस्थान पर एक अस्पताल बनाया जाए, जबकि अन्य ने कहा कि एक स्कूल बनाया जा सकता है। कुछ ने यह भी सुझाव दिया कि उस स्थान पर उद्योग लगाए जा सकते हैं। ये वे लोग हैं जो भगवान राम को नहीं समझते हैं।

उन्होंने कहा आगे कहा, 'भगवान राम केवल पत्थर, लकड़ी या मिट्टी की मूरत नहीं हैं, वे हमारी संस्कृति और आस्था के केंद्र हैं। भगवान राम हमारी और हमारे देश की पहचान हैं।' रक्षामंत्री ने कहा, 'हम अस्पताल, स्कूल और उद्योग बनाएंगे और हम मंदिर भी बनाएंगे।'

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण पूर्वोत्तर के लोग दिल्ली के और अधिक करीब आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर में "अभूतपूर्व शांति" है, जिसके कारण क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से अफस्पा हटा दिया गया है।

सिंह ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' केवल एक नारा नहीं है, बल्कि एक जन आंदोलन बन गया है। रक्षा मंत्री के रूप में मैं कह सकता हूं कि आज महिलाएं सशस्त्र बलों का हिस्सा बनकर इसे और मजबूत कर रही हैं। वे फाइटर पायलट के रूप में फाइटर जेट उड़ा रही हैं। हाल ही में मैंने आर्टिलरी में महिलाओं को शामिल करने की मंजूरी दी थी।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी से हम महिला सशक्तिकरण और सशस्त्र बलों को मजबूत करने की दिशा में एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। रक्षामंत्री ने यह भी कहा कि आज के नए भारत में अभिजात्य मानसिकता के लिए कोई जगह नहीं है।

वडोदरा में रामनवमी की दो शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी, मौके पर पुलिस तैनात

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा में गुरुवार को रामनवमी के मौके पर पत्थरबाजी की खबर सामने आई है। बताया गया है कि फतेहपुर रोड एरिया में कुछ शरारती तत्वों ने शोभायात्रा पर पत्थर फेंके। इस दौरान कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ किया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात है। वडोदरा के डीसीपी यशपाल जगनिया ने कहा, ₹वडोदरा सिटी थाना क्षेत्र में एक मस्जिद के सामने दो गुटों के बीच टकराव हुआ था लेकिन कोई तोड़-फोड़ नहीं हुई है, मस्जिद के सामने से जब यात्रा निकल रही थी तब कुछ लोग एकत्रित हो गए थे लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया। इलाके में शांति है, शोभा यात्रा आगे निकल चुकी है। वहीं शहर में एक अन्य 'राम नवमी शोभा यात्रा' के दौरान भी पथराव की खबर आ रही है। बजरंग दल के एक स्थानीय नेता ने आरोप लगाया कि यह जानने के बावजूद कि इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है।

राहुल गांधी पर जर्मनी के बयान पर विवाद! : भाजपा–कांग्रेस में टकराव, दिग्विजय के ट्वीट पर भड़के रिजिजू–सीतारमण

नई दिल्ली। राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के मामले पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है। जिस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने खुशी जाहिर की है और जर्मनी के विदेश मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। हालांकि इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा है कि भारत किसी भी आंतरिक मामले पर विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

दिग्विजय सिंह ट्वीट करते हुए लिखा कि 'धन्यवाद, जर्मनी विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर, जिन्होंने इस पर ध्यान दिया कि किस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।' दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तुरंत पलटवार किया है।

किरेन रिजिजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट के जवाब में लिखा कि 'विदेशी ताकतों को भारत के अंदरूनी

मामलों में दखल देने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद राहुल गांधी। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी दखल से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब विदेशी ताकतों के दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।'

वित्त मंत्री ने चीन के मामले पर घेरा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी दिग्विजय सिंह के ट्वीट का जवाब देते हुए ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने चीन का मामला उठा दिया। निर्मला सीतारमण ने लिखा कि 'साफ है कि कांग्रेस हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चाहती है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अपारदर्शी एमओयू पर हस्ताक्षर करना हो या फिर विदेश में चर्चा के दौरान सरकार बदलने के लिए विदेशी मदद की मांग। अब कोई और सबूत भी चाहिए? जब मदद आ जाए तब धन्यवाद कहिएगा।'

क्या कहा जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद इस मुद्दे पर देश में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। अब जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने भी इस पर बयान दिया है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने राहुल गांधी मामले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि राहुल गांधी के मामले में न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत लागू होंगे।'

एक अप्रैल को मिलेगी पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात, पीएम मोदी करेंगे दौरा

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश को बहुत जल्द ही पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। पीएम मोदी एक अप्रैल को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के लिए चलेगी।

इसके अलावा पीएम मोदी 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे तीनों सेना के कमांडर की कांफ्रेंस में भी शामिल होंगे। ये कांफ्रेंस भोपाल में स्थित कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में होगी। इसके बाद करीब सवा तीन बजे पीएम वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

तीन दिवसीय है कमांडर कांफ्रेंस

सैन्य कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन 30 मार्च से 1 अप्रैल तक चलेगा। इसका थीम 'तैयार, पुनरुत्थान, प्रासंगिक' रखा गया है। इस सम्मेलन के दौरान, सशस्त्र बलों में संयुक्तता और रंगमंचीकरण सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सशस्त्र बलों की तैयारी और आत्मनिर्भरता की दिशा में रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। इस सम्मेलन में तीनों सशस्त्र बलों के कमांडर और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

भोपाल-दिल्ली रूट पर दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाएगी। ये देश की 11वीं वंदे भारत ट्रेन है। दिल्ली और भोपाल के बीच करीब 694 किमी की दूरी 7.50 घंटे में तय होगी। 16 कोच की ट्रेन में 14 एसी चेयर कार और दो एग्जीक्यूटिव क्लास के कोच होंगे।

देश में फिर पैर पसार रहा है कोरोना! 24 घंटे में 3 हजार से अधिक नए मामले

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में कोविड-19 के बीते 24 घंटे में 3016 मामले सामने आए हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर अब 13509 हो गए हैं। कल यानी 29 मार्च को कोरोना के 2151 केस दर्ज किए गए थे।

देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगता नहीं दिख रहा है। एक दिन में ही कोरोना के ताजा मामले तीन हजार के पार हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,016 मामले दर्ज किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पिछले छह महीनों में ये कोरोना के सबसे ज्यादा मामले हैं। बीते साल दो अक्टूबर को कोरोना के 3,375 केस सामने आए थे। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 1,396 लोग ठीक भी हुए हैं। एक्टिव केस बढ़कर अब 13,509 हो गए हैं। बता दें कि 29 मार्च को सक्रिय मामलों की संख्या 11,903 थी।

रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना से एक दिन में 14 लोगों की जान भी गई है। कोरोना से अब तक कुल 5 लाख 30 हजार 862 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक देश में कोरोना के 4.47 करोड़ से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा कुल 4 करोड़ 41 लाख 68 हजार 321 लोग ठीक भी हो चुके हैं। इसके साथ ही कोरोना की अब तक 220.65 करोड़ से ज्यादा खुराक भी लग चुकी है।

डेली पॉजिटिविटी दर- 2.73 फीसदी

साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर- 1.71 फीसदी

एक्टिव केस- 0.03 फीसदी

राष्ट्रीय रिकवरी दर- 98.78 फीसदी

दिल्ली सरकार ने बुलाई बैठक

देश की राजधानी दिल्ली में भी कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली सरकार ने अहम बैठक बुलाई है। दिल्ली सरकार गुरुवार दोपहर कोविड की स्थिति पर बैठक करेगी। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ बैठक करेंगे।

UK के एनएसए से मिले अजीत डोभाल, अनौपचारिक बैठक में उठा सकते हैं खालिस्तान का मुद्दा

नई दिल्ली। एनएसए अजीत डोभाल नई दिल्ली में एक अनौपचारिक बैठक में अपने यूके के समकक्ष टिम बैरो से मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि डोभाल इस बैठक में खालिस्तान का मुद्दा उठा सकते हैं।

ब्रिटेन में भारतीय हाईकमीशन के परिसर में बीते दिनों खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए प्रदर्शन और भारतीय झंडे से छेड़छाड़ का मुद्दा भी एनएसए डोभाल टिम बैरो के साथ उठा सकते हैं। डोभाल की मुलाकात के बाद ब्रिटेन में बैठे कई खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई का रोडमैप भी तैयार हो सकता है।

आंध्र प्रदेश के CM जगन रेड्डी ने वित्त मंत्री से की मुलाकात, बकाया राशि को देने की मांग की

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी नई दिल्ली के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो वहीं, आज वह केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मिले।

बैठक में उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने वित्त मंत्री सीतारमण से आंध्र प्रदेश को बकाया राशि जल्द से जल्द देने का भी आग्रह किया। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आंध्र प्रदेश के सीएम ने वित्त मंत्री से करीब आधे घंटे की बैठक की। बकाया राशि देने के अलावा रेड्डी ने गोदावरी नदी पर मेगा पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए 55,657 करोड़ रुपये के संशोधित लागत अनुमान को भी जल्द से जल्द मंजूरी देने की भी मांग की है। जगन रेड्डी ने राज्य को सभी लंबित वित्तीय

निधियों को जल्द से जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया।

सीएम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राज्य वित्तीय सहायता देने का भी अनुरोध किया। गौरतलब है कि कल रात मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री शाह से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (एपीआरए) के लंबित प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की थी। विशेष रूप से, अधिनियम की अनुसूची 9 और 10 के तहत सूचीबद्ध आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच करोड़ों की संपत्ति का विभाजन अभी भी लंबित है।

लोकसभा में पेश संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट, 9 पिघलते ग्लेशियरों का अध्ययन

नई दिल्ली। हिमालयी क्षेत्र में अध्ययन किए गए अधिकांश ग्लेशियर पिघल रहे हैं। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने एक संसदीय समिति को दी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में इनके पिघलने की दर अलग-अलग है। पिघले हुए ग्लेशियरों ने ना सिर्फ हिमालय की नदी प्रणालियों के प्रवाह को बुरी तरह से प्रभावित किया है बल्कि इससे प्राकृतिक आपदाओं की घटना भी बढ़ सकती है।

बुधवार को लोकसभा में पेश संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में बताया गया है कि हिमालय के ग्लेशियरों के बड़े पैमाने पर पिघलने और अपना स्थान छोड़ने की घटनाएं सालों में बढ़ी हैं। जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा पुनरोद्धार विभाग का कहना है कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 9 पिघलते ग्लेशियरों पर अपना गहन



अध्ययन कराया है। इसके अलावा अपने स्थान से पीछे हटने या आगे बढ़ने वाले 76 ग्लेशियरों की भी निगरानी की जा रही है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में हिमालय के ग्लेशियरों में अधिकांश विभिन्न दरों से या तो पिघलते जा रहे हैं या फिर अपने स्थान से पीछे खिसकते जा रहे हैं। विभाग ने इस बात पर भी ध्यान केंद्रित कराया है कि पर्यावरण में बदलाव के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से हिमालयी नदी प्रणालियों के प्रवाह में तो बदलाव आएगा ही बल्कि ग्लेशियर की झीलों के फटने से बाढ़, ग्लेशियरों के कारण बर्फीले तूफान और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियरों के पिघलने से पहाड़ों पर और तलहटी में रहने वाली आबादी की आजीविका भी खतरे में पड़ जाएगी। ऐसे बदलावों से हिमालय के जैवविविधता संरक्षण और इकोसिस्टम पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। संसद की स्थायी समिति ने जल विज्ञान संबंधी सूचनाओं को पड़ोसी देशों से साझा करने में कमी पर भी सवाल उठाए हैं। समिति का कहना है कि इस संबंध में पड़ोसी देशों से कोई विशेष समझौता या संधि नहीं है।

रामनवमी पर बड़ा हादसा, मंदिर में बनी बावड़ी की छत धंसी, 25 से ज्यादा लोग अंदर गिरे

इंदौर। इंदौर में रामनवमी पर एक बड़ा हादसा हो गया। स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर पर बावड़ी की छत धंसने से 25 से अधिक लोग बावड़ी में जा गिरे। बावड़ी में गिरे लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद भी काफी देर तक मौके पर फायर बिग्रेड, एंबुलेंस और 108 गाड़ियां नहीं पहुंची। कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। घटना के बाद गिरने वाले लोगों के परिजन बदहवास हैं। अब तक दस लोगों को निकाला जा चुका है।

दरअसल, मंदिर में ही एक बाउड़ी है, जिसकी छत धंस गई। उस समय मंदिर में हवन चल रहा था। लोग छज्जे पर बैठे थे। इस दौरान ऊपर की जमीन धंस गई। हवन की वजह से भीड़ भी अधिक थी। इस वजह से 25 से अधिक लोगों की गिरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। राहत की बात यह है कि स्थानीय लोगों ने तत्काल सक्रियता दिखाई और करीब दस लोगों को बाहर निकाल लिया।

अब तक पांच लोगों को बाहर निकाला। पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। मंदिर से सभी श्रद्धालुओं को बाहर कर दिया गया है। एंबुलेंस भी पहुंच गई है। अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि जो लोग बाउडी में गिरे हैं, उनकी स्थिति कैसी है। उन्हें रस्सी से खींचकर बाहर निकालने का प्रयास भी किया जा रहा है।

दिल्ली–एनसीआर में फिर बदला मौसम; तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

नई दिल्ली। सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते गुरुवार को भी एक बार फिर मौसम का मिजाज शाम होते-होते बदल गया। सुबह के समय आसमान साफ रहा लेकिन दोपहर के बाद अचानक बादल छाए। शाम तक कई इलाकों में गरज और तेज हवा चलने के साथ ही झमाझम बारिश शुरू हो गई है। साथ ही 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जता दी थी।

इससे पहले बुधवार सुबह तेज धूप खिलने के बाद शाम होते ही मौसम ने करवट ली थी। जिससे दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार शाम को भी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश का यह दौर 30 मार्च के अलावा 31 मार्च को भी जारी रह सकता है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में ओलावृष्टि व 30-40

किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना भी जताई है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज होगी। चार अप्रैल के बाद से एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है।

इन इलाकों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ स्थानों नरेला, बवाना, प्रीत विहार, अक्षरधाम, नेहरू स्टेडियम, डिफेंस कॉलोनी, लाजपत नगर, मालवीयनगर, कालकाजी, तुगलकाबाद, छत्तरपुर, इग्नू, आयानगर, डेरामंडी के आस-पास के इलाकों में हल्की बारिश होगी।

सुहावने मौसम से होगी अप्रैल की शुरुआत

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत भी सुहावने मौसम के साथ होगी। चार अप्रैल तक अधिकतम तापमान 28 से 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री के बीच बना रहेगा। अमूमन एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक अधिकतम तापमान 33.5 और न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होता है।

धर्मनगरी व तुलसी जन्मस्थली में धूमधाम से मनाई गई राम नवमी

चित्रकूट: जिले में राम नवमी का पर्व चित्रकूट गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पूरी धर्मनगरी 11 लाख दीपों से जगमगा उठी तथा मुख्यालय में राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। इसी प्रकार तुलसी जन्मस्थली राजापुर में भी चैत्र रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रगटोत्सव के अवसर पर तुलसी जन्मकुटीर मानस मन्दिर के विशाल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से ही यज्ञ अनुष्ठान, पूजा अर्चना का कार्यक्रम वेद मन्त्रों के साथ किया गया। कस्बे के प्रमुख मार्गों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगरवासियों, व्यापारियों, नर नारियों द्वारा अपने-अपने झरोखों से पुष्पवर्षा की गई। भगवान राम के प्रगटोत्सव अवसर पर समाजसेवी सुनील मिश्रा तथा पूरे नगर के टीम द्वारा भगवान राम की शोभा यात्रा तुलसी जन्मकुटीर से प्रारम्भ होकर सब्जी मण्डी, तुलसी स्मारक रोड, तुलसी चौक होते हुए हनुमान मन्दिर में पहुँचकर विधवत पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा के पहले भगवान श्रीराम के प्रतीक चिन्ह की पूजा अर्चना सुनील मिश्रा द्वारा की गई। सुनील मिश्रा ने कहा कि समय के साथ युगों युगों से इस देश में राम गौरवशाली बनकर सनातन धर्म को कायम करने के लिए अनेकों प्रकार की लीलाएँ की हैं। राम की कथा और उनका चरित्र आज भी अमर है। राम की यही सर्वव्यापकता भारत की विविधता में एकता का जीवन चरित्र है। डा जिलाधिकारी प्रमोद झाँ ने कहा कि राम हमारी सनातन भारतीय संस्कृति के नैतिक मूल्यों और आचार विचार के सर्वोच्च मापदण्ड हैं उनके बिना भारतीय समाज के आदर्श की कल्पना भी नहीं कर सकते, क्योंकि वही संस्कृति के मूलाधार हैं। युगों युगों से राम भारतीय जनमानस के आराध्य है। मनुष्य के जीवन की श्रेष्ठ और सुंदर उत्पत्ति राम चरित्र से ही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ से ज्ञान, केवट से प्रेम, सबरी से मातृत्व, हनुमान से भक्ति एवं वनवासी बन्धुओं से सहयोग और प्रजा से विश्वास प्राप्त किया।

भगवान श्रीराम का अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, दार्शनिक दृष्टि युगों युगों तक प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर शांति व्यवस्था के लिए राजापुर क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय, नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह गौतम, प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा, थानाध्यक्ष पहाड़ी राम सिंह व एलआईयू जगदीश चौधरी भारी पुलिस बल के साथ लगे रहे और संजीव मिश्रा, सतीश मिश्रा, शंकर दयाल जयसवाल आदि मौजूद रहे।इसी प्रकार भगवान श्री राम के वनवास काल की साक्षी तपोभूमि चित्रकूट के रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) सदगुरुदेव श्री रणछोड़दास महाराज के आश्रम में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का ताता लगने लगा। श्री रामचरितमानस का नवाह पारायण सम्पन्न हुआ तदनन्तर 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव पूर्वक हुआ एवं पुष्पों की होली खेली गई। इसके बाद शंख, घण्टे और घड़ियाल ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी द्वारा खोले गए एवं भगवान श्री राम का जन्म हुआ। नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्जा भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान के जन्मोत्सव का पूजन श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी रूपल मफतलाल ने सपरिवार किया। साथ ही नव दिवसीय रामकथा के व्यास पूज्य जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य महाराज, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, नंदा ब्रह्म लोहनी, डॉ इलेश जैन के साथ गुरुबहन दमयंती बेन, रमा बेन, मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, उषा जैन, आचार्य भीतेश शास्त्री, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई बहन, सन्त महन्त, विद्यार्थी एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ जैन ने सभी को रामजन्मोत्सव की बधाई दी है।

इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक डा राम नारायण त्रिपाठी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। कन्या पूजन व सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया। सुबह से ही सैकड़ों की तादाद में गायत्री शक्ति परिवार के लोग व स्थानीय लोगों ने पहुंचकर हवन पूजन में सहभागिता कर मनोकामना पूर्ण की कामना की। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। नवरात्र में कन्या पूजन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

एक लाख दीपों के प्रज्वलन के साथ ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार चित्रकूट

चित्रकूट: प्रभु श्री वनवासी राम के प्राकट्य दिवस (श्रीरामनवमी) के पावन पर्व पर गुरूवार को जनसहभागिता से आयोजित चित्रकूट गौरव कार्यक्रम में एक लाख से अधिक दीप प्रज्वलन के माध्यम से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार सहभागी बना।ज्ञातव्य है कि कुलपति प्रो भरत मिश्रा की भावना और उनके निर्देश पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने गत वर्ष चित्रकूट गौरव कार्यक्रम में 50 हजार दीपों की प्रज्वलित करने के सामूहिक संकल्प को यथार्थ का धरातल प्रदान किया था। इस वर्ष ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार ने कुलपति प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में एक लाख से अधिक दीपों को प्रज्वलित कर चित्रकूट गौरव कार्यक्रम में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने स्फटिक शिला चौराहा से सतना-चित्रकूट मार्ग में स्थित न्यायालय तिराहा, आनंदी देवी मंदिर, रजौला स्कूल और परिक्रमा बाईपास मार्ग होते हुए कृषि परिसर तक दीप प्रज्वलन किया है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की ओर से चित्रकूट गौरव कार्यक्रम का संयोजन कर रहे अधिष्ठाता विज्ञान एवं पर्यावरण प्रो आई पी त्रिपाठी और कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने बताया कि स्फटिक शिला चौराहा से बीएसएनएल तक कला संकाय, बीएसएनएल से न्यायालय तिराहा तक विज्ञान संकाय, न्यायालय तिराहा से दीनदयाल उपाध्याय कौशल शिक्षा द्वार तक अभियांत्रिकी संकाय, न्यायालय तिराहा से रजौला शासकीय स्कूल तक पर प्रबंधन संकाय, सतना मार्ग में परिक्रमा बाईपास मार्ग होते कृषि परिसर तक कृषि संकाय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र - छात्राएं संकायवार चिह्नित क्षेत्रो में दीप प्रज्वलित किया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित भवनों, नाना जी उपवन, गांधी जी उपवन, शिव मंदिर, प्रशासनिक भवन, रजत जयंती भवन आदि में प्रशासनिक कार्यालयों, अनुभागों, निदेशालयों के अधिकारी-कर्मचारी गणों ने दीप प्रज्वलित किया। चित्रकूट गौरव कार्यक्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

पीएम मुद्रा योजना के तहत स्टेट बैंक ने वितरित किए 1.36 करोड का ऋण

चित्रकूट ब्यूरो: भारतीय स्टेट बैंक कर्वी मुख्य शाखा में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत आरएसीसी व अन्य शाखाओं के तत्वाधान में ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 51 लाभार्थियों को 1.36 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुमार ने लाभार्थियों को बैंक की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वे ऋण का सदुपयोग करें और इस धन को व्यवसाय में लगाकर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने ग्राहकों को वित्तीय समावेशन की दिशा में किए जा रहे बैंक के प्रयास के सम्बन्ध में बताया। मुख्य प्रबंधक आरएसीसी विल्लव श्रीवास्तव ने भी उपभोक्ताओं को बैंक की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य प्रबंधक कर्वी शाखा मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्र की जनता के विकास व सहयोग के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना अप्रैल 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना का मकसद छोटे-छोटे कारोबारियों को अपना नया काम शुरू करने या पहले से ही शुरू किए गए व्यवसाय को बढ़ाने के लिए बैंको के माध्यम से 50 हजार से 10 लाख तक के ऋण देने की व्यवस्था करना है। जिसके तहत सरकार द्वारा छोटे कारोबारियों बैंक से आसान शर्तों में ऋण देने की व्यवस्था की गयी है। सहायक महाप्रबंधक ने सभी ऋणियों को ऋण से सम्बन्धित दस्तावेज सौंपे। इस मौके पर प्रत्युष मिश्रा, शैलेश वर्मा, प्रशांत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूट: पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक सिद्धनाथ राय थाना रैपुरा तथा आरक्षी राज मंगल द्वारा अभियुक्त रमेश कुमार उर्फमुन्ना प्रजापति पुत्र राम लखन प्रजापति निवासी ग्राम धुनुवा थाना रैपुरा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

भटककर आए हिरण की समाजसेवी जुगनू ने बचाई जान

चित्रकूट: देवांगना घाटी से कर्वी शहर की ओर भटककर आए मादा हिरण के संबंध में जानकारी मिलने पर वन विभाग ने उसे पकड़कर सुरक्षित कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सवेरे एक मादा हिरण देवांगना घाटी से भटककर शहर की ओर आ गया। इस दौरान कुछ कुत्तों द्वारा खदेड़े जाने पर वह एक संत के आश्रम में घुस गया। जहां मौजूद युवा समाजसेवी पत्रकार जुगनू खां ने हिरण को कुत्तों से बचाया और इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग के कर्मचारियों की टीम मादा हिरण को कर्वी ले आई और उसे सुरक्षित स्थान पर रखा गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हिरण को सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

सीटों में हुए फेरबदल ने बढ़ाई सियासी गर्मी

आरक्षण की सूची जारी होते ही नगर निकायों में चुनावी चर्चा तेज

मंझनपुर, संवाददाता । सीटों में हुए फेरबदल ने जिले की सियासत गर्म कर दी है। धुरंधर दावेदार माथा पीट रहे हैं तो नए दावेदारों ने अपना कालर टाइट कर लिया है। आरक्षण की सूची जारी होते ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने अपनी दावेदारी भी पेश कर दी।गुरुवार की शाम आयी हुई नई आरक्षण सूची ने सबके होश उड़ा दिए हैं। पांच दिसंबर 2022 को जारी हुई आरक्षण सूची के हिसाब से दावेदारों ने प्रचार-प्रसार में मोटी रकम खर्च की थी। जगह-जगह बैठकी करने के अलावा दावेदार हर कार्यक्रम में शामिल होते थे। बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। सार्वजनिक कार्यक्रम में रुपया खर्च करने से परहेज नहीं कर रहे थे, लेकिन नई आरक्षण सूची ने सब किए कराए पर पानी फेर दिया। लोग इसको लेकर बौखलाए हुए हैं। जानकारी होते ही उनका गला सूख गया है। फोन करके लोग हकीकत ही पूछते रहे। सोशल मीडिया पर सूची आ गई तो दावेदारों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। वहीं नए दावेदार पूरे कलेवर के साथ मैदान पर आ गए हैं। सूची जारी होते ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने अपनी दावेदारी ठोक दी। इतना ही नहीं फोन करके लोगों ने एक दूसरे से समर्थन भी मांगना शुरू कर दिया है।

संभावित दावेदारों के नए नामों को लेकर होने लगी चर्चा

पांच दिसंबर 2022 को जारी आरक्षण सूची

नगर पंचायत	आरक्षण
पूरबशरीरा-पश्चिमशरीरा	- एससी महिला

3/30/23, 8:15 PM - DAD=

चायल	- एससी महिला
चरवा	- एससी महिला
सराय अकिल-	-ओबीसी महिला
अजुहा-	ओबीसी महिला
कड़ा धाम-	ओबीसी महिला
सिराथू-	ओबीसी
करारी	- सामान्य

नगर पालिका	आरक्षण
मंझनपुर	एससी महिला
भरवारी	सामान्य

---

30 मार्च 2023 को जारी आरक्षण सूची

नगर पंचायत	आरक्षण
पूरबशरीरा-पश्चिमशरीरा	एससी महिला
चायल	-एससी
चरवा-	सामान्य
करारी	- सामान्य
सराय अकिल - सामान्य	
अजुहा-	ओबीसी महिला
कड़ा-दारानगर - सामान्य महिला	
सिराथू- -ओबीसी	

नगर पालिका	आरक्षण
मंझनपुर	-एससी
भरवारी-	एससी महिला

आरक्षण ने बिगाड़ दिया संभावित दावेदारों का खेल

मंझनपुर, संवाददाता- निकाय चुनाव के लिए आरक्षण गुरुवार की शाम जैसे ही जारी हुआ, संभावित दावेदारों की नींद उड़ गई। आरक्षण में बड़ा फेरबदल हुआ है। भरवारी नगर पालिका की सीट पर आरक्षण चौंकाने वाला रहा है। यह सीट सामान्य से एससी महिला के लिए आरक्षित हुई है। इससे दावेदार बौखलाए हुए हैं।निकाय चुनाव के लिए गुरुवार की शाम को कोर्ट के आदेश पर नए सिरे से आरक्षण जारी हुआ। नगर पालिका व नगर पंचायत की सीटों पर फेरबदल हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण का ऐसा चाबुक चला है कि चुनाव की तैयारी में जुटे लोगों के होश उड़ गए हैं। सपनों पर पानी फिर चुका है। भरवारी नगर पालिका सीट के लिए दिसंबर में जब आरक्षण जारी हुआ तो तब यह सामान्य सीट थी, लेकिन गुरुवार को जारी आरक्षण के तहत भरवारी सीट एससी महिला के लिए आरक्षित हो गई है। इसकी जानकारी होते ही दावेदारों को जोरदार झटका लगा है। यही हाल नगर पंचायतों का भी है। नगर पंचायतों में भी बड़ा फेरबदल हुआ है। नगर पंचायत कड़ा-दारानगर की सीट पहले ओबीसी महिला के लिए आरक्षित थी। अब यह सीट सामान्य हो गई है। चरवा नगर पंचायत की सीट पहले एससी महिला के लिए आरक्षित थी, लेकिन अब यह सामान्य सीट हो गई है। करारी सीट में कोई फेरबदल नहीं हुआ है। सराय अकिल सीट ओबीसी महिला के लिए आरक्षित थी, लेकिन अब यह सीट सामान्य हो गई है। सिराथू, अजुहा और पश्चिमशरीरा नगर पंचायत की सीट में कोई फेरबदल नहीं हुआ है। इससे यहां के दावेदारों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस अधीक्षक ने थाना भरतकूप व सरधुवा का किया वार्षिक निरीक्षण

चित्रकूट: पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने गुरूवार को थाना भरतकूप व सरधुवा का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना भरतकूप व सरधुवा के निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम गार्द की सलामी ली। सलामी लेने के बाद उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगन्तुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर एवं साइबर हेल्प डेस्क का अवलोकन किया। उन्होंने रजिस्टर में अंकित महिला शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नम्बर से वार्ता कर उनके द्वारा की गयी शिकायत में पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही के सम्बंध में फीडबैक भी लिया। जिसमें शिकायतकर्ता महिलाओं द्वारा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही से सन्तुष्टता जाहिर की। डिगूटी में नियुक्त महिला आरक्षी को थाने पर आने वाली पीड़ितों से सरल एवं सद्भावनापूर्वक बात कर उनकी शिकायतों को सुनने के लिए निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने मालखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मालमुकदमाती वाहनों का मिलान करते हुए भौतिक सत्यापन किया। थाना कार्यालय में रजिस्टर नं0 4, रजिस्टर 8, फ्लाईशीट, त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। थाना सरधुवा में अभिलेखों के अच्छे रख रखाव एवं अद्यावधिक पाए जाने पर सरधुवा थाना कार्यालय में नियुक्त आरक्षी मुहर्रिर पुष्पेंद्र कुमार को नगद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी ली एवं शस्त्रों की हैंडलिंग भी करायी। जिसमें पुलिसकर्मी सफल रहे तथा पुलिसकर्मियों को ब्रीफ भी किया एवं थानाध्यक्ष भरतकूप को रोस्टर के अनुसार शस्त्रों की साफसफाई एवं पुलिस कर्मियों को हैंडलिंग के सम्बंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस विभाग की सबसे छोटी इकाई ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को उनके द्वारा अच्छा प्रदर्शन करते हुए सूचना तंत्र को मजबूत किया। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के 5 ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया तथा थाना सरधुवा में ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को टार्च व साफा वितरित किये। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को बताया कि सभी लोग अपने अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर पुलिस को सूचनायें प्रदान करें। प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य करने पर सम्बन्धित ग्राम प्रहरियों को कार्यवाही में सम्मिलित करते हुए प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

एसपी ने निर्माणाधीन थाना भवन का स्थलीय निरीक्षण भी किया तथा निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिये एवं निर्माण के लिए गठित टीम को गुणवत्तापूर्ण कार्य को शीघ्र कराने के लिए सतत निगरानी रखते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद, सरधुवा प्रवीण कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक गुलाब त्रिपाठी, स्टेनो पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना भरतकूप यदुवीर सिंह एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एक माह पहले चोरी हुई बाइक बरामद

कौशांबी । सैनी कोतवाली क्षेत्र सिराथू कस्बे के वार्ड नं 11 निवासी अमित कुमार गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता की बाइक लगभग एक माह पहले चोरी हो गई । भुक्तभोगी के काफी खोजबीन के बाद बाइक का कही सुराग नही लगा तो भुक्त भोगी ने मामले की शिकायत पुलिस से की । बताया जाता है की भुक्तभोगी अमित कुमार गुप्ता कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शक्तिपीठ कड़ा धाम दर्शन पूजन को गए जहां उन्होंने अपनी चोरी गई बाइक को देखा तो कड़ा धाम पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस के जरिए बाइक बरामद हुई ।

जिलाधिकारी ने लिया दीपोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा

चित्रकूट: जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरूवार को रामघाट तथा परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण कर दीपोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी से कहा कि रामघाट पर जहां मंच बनाया गया है वहां पर अच्छी तरह की लाइटिंग की व्यवस्था करा लिया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि पूरे रामघाट तथा परिक्रमा मार्ग की अच्छी तरह से सजावट कराएं ताकि भव्य तरीके से दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया जा सके। उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि दीपक जलाने के लिए सभी मठ मंदिरों, रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराएं।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ऋषभदेव नगर का कन्या पूजन कार्यक्रम संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी (प्रयागराज)। ऋषभदेव नगर में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा प्रयाग उत्तर भाग के ऋषभदेव नगर में नागेश्वर बस्ती में राम नवमी के पावन पर्व पर कन्या पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। नागेश्वर बस्ती की 25 कन्याओं का पूजन ऋषभदेव नगर के नगर सम्पचालक के नेतृत्व में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ऋषभदेव नगर के शहर नगर कार्यवाहक मनोज विद्यार्थी,

विस्तारक अंकित, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख प्रमोद, शारीरिक शिक्षण प्रमुख पवन, सेवा प्रमुख सुरेंद्र, वरिष्ठ स्वयंसेवक दिलीप, प्रचार प्रमुख प्रभाकर विद्यार्थी, कार्यवाह मनोज, नागेंद्र, सुभाष, प्रवेश, पंकज, अरविंद, डॉ0 दुर्गा प्रसाद, बधाई राम, अनिल, विनय, हरिकेश, हर्ष कुमार, मनोज, गंगा प्रसाद, डॉ0 प्रज्ञा, सोनू, अनीता, पूजा, गंगाराम सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित होकर कन्याओं का पूजन किया और पूड़ी खीर मिठाई खिलाई।

भारत विकास परिषद मंगलम का कन्या पूजन एवं सुंदरकांड अनुष्ठान

प्रयागराज। आज भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा एल.आई.सी. कॉलोनी, टैगोर टाउन प्रयागराज में भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया गया तथा कन्याओं का विधि विधान से पूजन करके प्रसाद एवं दक्षिणा वितरण किया गया।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक एवं अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि नवरात्र के रामनवमी पर प्रतिवर्ष कन्याओं का पूजन किया जाता है। क्योंकि कन्या मां का स्वरूप होती है और समाज के उत्थान के आधारशिला होती हैं इसलिए हमारे धर्म में इनका महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर मुख्य रूप से निशा जायसवाल, सुनील धवन, अध्यक्ष वी पी गुप्ता, सचिव अमित श्याम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमा, दीपा जोशी, उपाध्यक्ष सुशील दुबे, जानवी मिश्रा, डॉ. एन.सी. अग्रवाल, अनामिका बरनवाल, नागेंद्र जायसवाल, सुधीर द्विवेदी, विनोद पांडे सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।